JAIN
CONSTRUCTION
Building a better lifestyle

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

JAIN PRAMUKH
SAMRIDDHI
TOWERS
SATAMRAI | SHAMSHABAD

वर्ष-29 अंक : 262 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) मार्गशीर्ष शु.14 2081 शनिवार, 14 दिसंबर-2024

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ※ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

samriddhitowers.in

JAIN
CONSTRUCTION
Building a better lifestyle

LIVE LAVISH
AT
JAIN PRAMUKH
SAMRIDDHI
TOWERS
SATAMRAI | SHAMSHABAD

Beyond the gates of grandeur, a haven awaits, where opulence whispers through private spaces. Every moment is yours, every corner serene.

Presenting, JAIN PRAMUKH SAMRIDDHI TOWERS, where life can embrace a lifestyle that is rich in luxury, exclusivity, grandeur and where one can indulge and truly "Live Lavish."




PROJECT HIGHLIGHTS

5.5 ACRES | 3 TOWERS | 27 FLOORS | 376 UNITS | TYPE: 3,4&5 BHK 3260 SQ. FT. TO 6555 SQ. FT. | 60K SQ. FT. CLUB HOUSE | 3 LEVELS PARKING

SCAN QR FOR LOCATION

+91 906 305 2111 | +91 906 307 2111
sales@samriddhitowers.in /jainpramukhsamriddhitowers

TG RERA
P02400008724

hmda APPROVED
007580/BP/HMDA/1641/SMD/2023

MEMBER
CREDAI
HYDERABAD


samriddhitowers.in
JAIN CONSTRUCTION
Building a better lifestyle
LIVE. UNWIND. CELEBRATE AT
Club PLUSH
Spread across an impressive 60,000 sq.ft. and spanning G+7 levels, the exquisite clubhouse at Jain Pramukh Samriddhi Towers is designed to elevate your lifestyle to new heights of indulgence. The clubhouse at Jain Pramukh Samriddhi Towers boasts the finest ambience with high ceilings, luxurious finishes and a sophisticated design that creates a plush aura of grandeur.
60+ WAYS TO PAMPER YOURSELF
Open Area Swimming Pool on Terrace
Spa, Salon
Two A/C Multi Purpose Halls
Jacuzzi Zone
Six A/C Guest Suites
Group Activity Board Games Room
Restaurant
Preview Theatre Lounge
Tiki Bar
Barbeque Lawn
*Artistic Impression
TADGLOBAL.IN
JAIN PRAMUKH SAMRIDDHI TOWERS
SCAN QR FOR LOCATION
+91 906 305 2111 | +91 906 307 2111
sales@samriddhitowers.in /jainpramukhsamriddhitowers
TG RERA
P02400008724
hmda APPROVED
007580/BP/HMDA/1641/SMD/2023
MEMBER CREDAI HYDERABAD




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 262 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) मार्गशीर्ष शु.14 2081 शनिवार, 14 दिसंबर-2024

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## कोलकाता डॉक्टर रेप-मर्डर केस में पूर्व प्रिंसिपल को बेल

कोलकाता, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। कोलकाता रेप-मर्डर केस में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को शुक्रवार को जमानत मिल गई।

हालांकि, वे अभी जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे। घोष को रेप-मर्डर केस के सबूतों से छेड़छाड़ मामले में जमानत मिली है। मेडिकल कॉलेज में फाइनेंशियल फ्रॉड केस में घोष अभी जेल में ही रहेंगे। सीबीआई 90 दिनों के तय पीरियड के बाद भी चार्जशीट फाइल नहीं कर पाई थी। इस वजह से सियालदह कोर्ट ने घोष को बेल दी है। कोर्ट ने ताला थाने के पूर्व इंचार्ज अभिजीत मंडल की जमानत भी इसी आधार पर मंजूर की है। मंडल पर केस की एफआईआर दर्ज करने में देर करने का आरोप है।

# महाकुंभ एकता का महायज्ञ : मोदी

### > इसमें हर भेदभाव की दी जाती आहुति



प्रयागराज, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज में विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम के रूप में महाकुंभ की सफलता के लिए कुंभ कलश का पूजन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने महाकुंभ 2025 के लिए विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन किया। पीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महाकुंभ एकता का महाकुंभ है जो दुनिया को संदेश देगा। महाकुंभ हजारों वर्ष पहले से चली आ रही हमारे देश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक यात्रा का पुण्य और जीवंत प्रतीक है। यह एक ऐसा आयोजन है जहां हर बार धर्म, ज्ञान, भक्ति और कला का दिव्य समागम होता है।

पीएम मोदी ने संगम को प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि यहां दिन रात काम कर रहे कर्मचारियों और सफाई कर्मियों का अभिनंदन करता हूं। विश्व का इतना बड़ा आयोजन, हर रोज लाखों श्रद्धालुओं के स्वागत और सेवा की तैयारी और लगातार 45 दिनों तक चलने वाला महाकुंभ नया इतिहास रच रहा है।

पीएम मोदी बोले कि गांवों, कस्बों, शहरों से लोग प्रयागराज की ओर निकल पड़ते हैं। सामूहिकता की ऐसी शक्ति, ऐसा समागम शायद ही कहीं ओर देखने को मिले। यहां आकर संत-महंत, ऋषि-मुनि, ज्ञानी-विद्वान, सामान्य मानवी सब एक हो जाते हैं, सब एक साथ त्रिवेणी में डुबकी लगाते हैं। यहां जातियों का भेद खत्म हो जाता है, सम्प्रदायों का टकराव मिट जाता है। करोड़ों लोग एक ध्येय, एक विचार से जुड़ जाते हैं। कुंभ जैसे भव्य और दिव्य आयोजन को सफल बनाने में स्वच्छता की बहुत बड़ी भूमिका है। महाकुंभ की तैयारियों के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ाया गया है, प्रयागराज शहर के सैनिटेशन और वेस्ट मैनेजमेंट पर फोकस किया गया है। लोगों को जागरूक करने के लिए गंगादूत, गंगा प्रहरी और गंगा मित्रों की नियुक्ति की गई है। इस बार 15 हजार से ज्यादा मेरे सफाईकर्मी भाई-बहन कुंभ की स्वच्छता को संभालने वाले हैं। मैं आज कुंभ की तैयारी में जुटे अपने सफाईकर्मी भाई-बहनों का अग्रिम आभार भी व्यक्त करता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि किसी बाहरी व्यवस्था के बजाय कुंभ, मनुष्य के अंतर्मन की चेतना का नाम है। ये चेतना स्वतः जागृत होती है। यही चेतना भारत के कोने-कोने से लोगों को संगम के तट तक खींच लाती है।

## राजनाथ सिंह का तंज

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। लोकसभा में संविधान पर चर्चा की शुरुआत केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। उन्होंने कहा कि '75 साल पहले संविधान सभा ने संविधान निर्माण का काम पूरा किया था। 'कुछ लोगों द्वारा हमारे संविधान को उपनिवेशवाद का उपहार या अच्छी बातों का संकलन मात्र मान लिया जाता है।

पिछले कुछ वर्षों से देश में ऐसा माहौल बनाया गया कि संविधान एक पार्टी की विशेष देन है। संविधान निर्माण में बहुत से लोगों की भूमिका को नकार दिया गया। कांग्रेस पर निशाना साधाते हुए कहा कि 'एक पार्टी विशेष द्वारा संविधान निर्माण के काम को हाईजैक करने की कोशिश हमेशा की गई।

# सभापति धनखड़ और नेता विपक्ष खड़गे में बहस

### धनखड़ बोले-मैंने बहुत बर्दाश्त किया, खड़गे ने कहा-आप सम्मान नहीं करते, मैं क्यों करूं

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। संसद में संविधान पर पक्ष-विपक्ष की चर्चा से पहले शुक्रवार को राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। दरअसल, विपक्ष ने सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। इसके खिलाफ भाजपा सांसद राधामोहन दास अग्रवाल ने विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया।

इसी पर हंगामा शुरू हुआ। इस दौरान धनखड़ और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच जमकर बहस हुई। चेयरमैन जगदीप धनखड़ ने कहा, 'मैंने बहुत सहा। मैं किसान का बेटा हूं, मैं झुकता नहीं हूं। विपक्ष ने संविधान की धज्जियां उड़ा दी हैं।' जवाब में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'आप हमारी पार्टी के नेताओं का अपमान करते हैं। आपका काम सदन चलाना है। हम यहां आपकी तारीफ सुनने के लिए नहीं आए। आप किसान के बेटे हो तो मैं मजदूर का बेटा हूं। आप सम्मान नहीं करते तो मैं आपका सम्मान क्यों करूं।' इसके बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा को सोमवार 16 दिसंबर सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। साथ ही कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को दोपहर 12:15 बजे अपने केबिन में मिलने के लिए बुलाया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को 2022 में देश का 14वां उपराष्ट्रपति बनाया गया। इससे पहले वे पश्चिम बंगाल के गवर्नर थे। शीतकालीन सत्र के 10वें दिन मंगलवार को विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा के जनरल सेक्रेटरी पीसी मोदी को धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया। इस नोटिस में कांग्रेस, टीएमसी, आप, एसपी, डीएमके, सीपीआई, सीपीआई-एम और आरजेडी समेत विपक्षी पार्टियों के 60 सांसदों के दस्तखत थे।

# अल्लू अर्जुन को हाईकोर्ट से जमानत

### ✻ एक घंटे पहले लोकल कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेजा था ✻ भगदड़ में महिला की मौत का मामला



हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुष्पा-2 के प्रीमियर के दौरान महिला की मौत के मामले में एक्टर अल्लू अर्जुन को कर्नाटक हाईकोर्ट ने जमानत दे दी। इससे पहले उन्हें हैदराबाद की कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था। एक्टर को शुक्रवार सुबह उनके घर से दोपहर 12 बजे गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद 4 बजे उन्हें लोकल कोर्ट में पेश किया गया, जहां उन्हें ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया। इसके बाद एक्टर ने हाईकोर्ट में अपील की थी। 5 बजे हाईकोर्ट ने जमानत दे दी। अल्लू पर आरोप है कि वह 4 दिसंबर को हैदराबाद के संध्या थिएटर में बिना बताए पहुंचे थे। इससे वहां भीड़ जमा हो गई और भगदड़ मच गई थी। कई लोग जख्मी हो गए थे। हाईकोर्ट में अल्लू के वकील ने बचाव में शाहरुख की फिल्म रईस केस का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'गुजरात में प्रमोशन के दौरान खान ने भीड़ पर टी-शर्ट फेंके थी। इसके बाद भगदड़ मची थी। इस मामले में एक्टर पर गैर इरादतन हत्या का आरोप लगाया गया था।' वकील ने कहा कि गुजरात उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट ने शाहरुख को राहत दी थी। सूत्रों के मुताबिक, अल्लू अर्जुन ने अपनी गिरफ्तारी के तरीके पर आपत्ति जताई है। >14

### अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी पर सियासी बवाल

## बीआरएस-भाजपा ने कांग्रेस को घेरा

हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। साउथ के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन मुश्किलों में घिर गए हैं। अभिनेता को तेलंगाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनकी गिरफ्तारी को लेकर गुस्साई बीआरएस ने तेलंगाना में रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर हमला बोला। उन्होंने सत्तारूढ़ कांग्रेस की आलोचना की और इसे शासकों की असुरक्षा की पराकाष्ठा करार दिया। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने अल्लू की गिरफ्तारी की आलोचना की। उन्होंने अभिनेता के साथ सामान्य अपराधी के रूप में व्यवहार करने को अनुचित और गलत कहा। कांग्रेस सरकार पर कटाक्ष करते हुए राव ने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता की गिरफ्तारी को शासकों की असुरक्षा का चरम प्रदर्शन बताया। >14

# राहुल गांधी की आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में बढ़ी मुसीबत

लखनऊ, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से जुड़ी खबर आ रही है। जानकरी के मुताबिक राहुल गांधी को एसीजेएम तृतीय कोर्ट ने तलब कर लिया है। कोर्ट ने 10 जनवरी को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को तबल किया है।

वीर सावरकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कोर्ट ने ट्रायल के लिए बतौर अभियुक्त तलब किया है। बताया जा रहा है कि कोर्ट ने दो समूहों के बीच सद्भाव बिगाड़ने का आरोपी माना है। वकील नृपेंद्र पांडे की ओर से कोर्ट में परिवाद दाखिल किया गया था। वकील नृपेंद्र पांडेय ने बताया कि राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के अकोला में वीर सावरकर को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। नृपेंद्र ने बताया कि राहुल ने अपने बयान में कहा कि वीर सावरकर ने पत्र लिखकर अंग्रेजों से मांफी मांगी थी और कहा कि आपका नौकर रहना चाहता हूं। राहुल गांधी के इस बयान पर केस दर्ज कराने के लिए हजरतगंज थाने में तहरीर दी थी, लेकिन इस मामले में केस नहीं दर्ज हुआ था। इसको लेकर 156 (3) में कोर्ट गए थे।

तब जाकर परिवाद के रूप में मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में 202, 203 के अंतर्गत पुलिस रिपोर्ट मांगी गई थी, उस रिपोर्ट में कहा गया की वादी सही कह रहे हैं और इस पर मुकदमा बनता है। वकील ने बताया कि निचली अदालत ने यह कहकर खारिज कर दिया था कि इसमें पर्याप्त सम्मनिंग का आधार नहीं है। ये ऐतिहासिक तथ्य है, इस पर सम्मनिंग नहीं की जा सकती है।

इसके बाद डिस्ट्रिक्ट जज के वहां रिवीजन किया था। कोर्ट ने दोनों पक्षो को सुना था। कोर्ट ने निचली अदालत के आदेश को रद कर आदेश दिया कि फिर से सुनवाई करने के आदेश दिए थे। इस मामले में फिर से सुनवाई शुरू हुई। निचली अदालत ने सुनवाई के दौरान माना कि राहुल गांधी का बयान समाज में द्वेष फैलाने और हिंसा फैलाने के लिए पर्याप्त है। इसी क्रम में कोर्ट ने 153(ए) और 505 में तलब किया है।



# लालू-नीतीश और गवर्नर जनवरी में जाएंगे यूपी?

## सीएम योगी के मंत्री दे गए न्योता



पटना, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान और परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने गुरुवार को बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और राज्यवासियों को प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के लिए आमंत्रण दिया। इसके पहले एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री राकेश सचान ने कहा कि इस बार 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित महाकुंभ पिछले कुंभ से और अधिक दिव्य एवं भव्य होगा। प्रयागराज में लगने वाले मेले में 45 करोड़ तीर्थयात्रियों, साधु, संतों, कल्पवासियों एवं पर्यटकों के आने की संभावना है। इसके दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सरकार ने समयबद्ध ढंग से समुचित प्रबंध कर लिया है।

### स्वास्थ्य देखभाल के इंतजाम

राकेश ने कहा कि यह स्वच्छ, स्वस्थ, सुरक्षित एवं डिजिटल महाकुंभ है। तीर्थयात्रियों, साधु, संतों और पर्यटकों के स्वास्थ्य की देखभाल की भी व्यवस्था की गई है। विशेषज्ञ चिकित्सकों को बड़े पैमाने पर तैनात किया गया है। गंगा किनारे के परेड मैदान पर 100 बेड का अस्पताल बनाया गया है। 20 बेड के दो और आठ बेड के छोटे अस्पताल भी तैयार किए गए हैं।

### डिजिटल होगा प्रयागराज का महाकुंभ

मंत्री राकेश सचान ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार दिव्य, भव्य एवं डिजिटल महाकुंभ के लिए प्रतिबद्ध है। महाकुंभ की वेबसाइट, ऐप, 11 भाषाओं में एआइ चौट बाट, वाहनों के लिए क्यूआर आधारित पास, बहुभाषीय डिजिटल खोया-पाया केंद्र, स्वच्छता एवं टेंटों की आइसीटी निगरानी, भूमि और सुविधा आवंटन के लिए साफ्टवेयर, स्वचालित राशन आपूर्ति प्रणाली, ड्रोन आधारित निगरानी एवं आपदा प्रबंधन की व्यवस्था रहेगी।

पर्यटकों को पार्किंग की समस्या से न जूझना पड़े इसके लिए दृष्टिगत 101 स्मार्ट पार्किंग बनाई गई है, जिनमें प्रतिदिन पांच लाख वाहन पार्क किए जा सकेंगे। इन पार्किंग स्थल की निगरानी इंट्रीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर के माध्यम से की जाएगी।

### 44 घाटों पर हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा


मंत्री राकेश सचान ने बताया कि महाकुंभ नगरी में श्रद्धालुओं के लिए 35 पुराने और नौ नए पक्के घाट बनाए गए हैं। 12 किलोमीटर क्षेत्र में फैले सभी 44 घाटों पर हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा की जाएगी। मुंबई के मरीन ड्राइव की तर्ज पर गंगा किनारे लगभग 15.25 किलोमीटर क्षेत्र में संगम से नागवासुकी मंदिर तक, सूरदास से छतनाग तक, कर्जन ब्रिज के समीप से महावीर पुरी तक रिवर फ्रंट का निर्माण कराया गया है। सीसीटीवी कैमरों को देखने के लिए 52 सीटर चार व्यूइंग सेंटर स्थापित किए गए हैं।

### तकनीक से होगी श्रद्धालुओं की गिनती

दया शंकर सिंह ने बताया कि तकनीकी विधियों से हर व्यक्ति की गिनती की जाएगी। पहली विधि एट्रिब्यूट आधारित खोज है। इसके अंतर्गत पर्सन एट्रिब्यूट सर्च कैमरों के आधार पर ट्रैकिंग की जाएगी। दूसरी विधि आरएफआइडी रिस्ट बैंड है, इसके तहत तीर्थयात्रियों को रिस्ट बैंड प्रदान किए जाएंगे। आरएफआइडी रीडर, रिस्ट बैंड के माध्यम से अंदर और बाहर जाने का समय की ट्रैकिंग की जाएगी। तीसरी विधि मोबाइल ऐप द्वारा ट्रैकिंग है। इसके माध्यम से तीर्थयात्रियों की सहमति पर मोबाइल ऐप के जीपीएस लोकेशन के माध्यम से लोकेशन ट्रैकिंग की जाएगी।

# 'तीन दिन के भीतर हाजिर हों'

## निकिता सिंघानिया के घर के बाहर पुलिस ने जौनपुर में चिपकाया नोटिस





जौनपुर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। अतुल सुभाष आत्महत्या मामले में बेंगलुरु पुलिस उत्तर प्रदेश स्थित जौनपुर पहुंची। यहां पुलिस कर्मियों ने जौनपुर की स्थानीय पुलिस के सहयोग से निकिता के आवास पर नोटिस चस्पा किया। इस नोटिस में कहा गया है कि वह तीन दिन के भीतर बेंगलुरु पुलिस के समक्ष पेश हों। बेंगलुरु पुलिस ने आत्महत्या करने वाले इंजीनियर अतुल सुभाष की पत्नी के घर के बाहर शुक्रवार को नोटिस चिपकाया। नोटिस में लिखा है, 'तथ्यों और परिस्थितियों का पता लगाने के लिए आपसे पूछताछ करने के लिए उचित आधार है। आपको 3 दिनों के भीतर बेंगलुरु में जांच अधिकारी के सामने पेश होने का निर्देश दिया जाता है।'

**अतुल की सास भागी**

उधर, अतुल सुभाष की सास और साला बृहस्पतिवार को जौनपुर स्थित अपने घर से भाग गए। तकनीकी विशेषज्ञ सुभाष (34) ने सोमवार को बेंगलुरु में अपनी पत्नी और उसके परिवार पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए आत्महत्या कर ली। उनकी पत्नी निकिता सिंघानिया, उनकी मां निशा, पिता अनुराग और चाचा सुशील के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है।

# जनता त्रस्त,कानून व्यवस्था ध्वस्त,देश खोदो अभियान चला रही भाजपा



गाजीपुर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। सादात क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्रामीण योजना के तहत बनी दो सड़कों का लोकार्पण करते हुए गाजीपुर से सपा सांसद अफजाल अंसारी ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बीजेपी के राज में लगातार महंगाई बढ़ रही। अधिकारी भी आम जनता को काफी परेशान कर रहे। आम जनता त्राहि त्राहि कर रही वहीं अनपढ़ व्यक्तियों को मूर्ख बनाया जा रहा। सांसद ने कहा कि देश में किसान परेशान हैं ,लगातार महंगाई बढ़ रही। बीजेपी ने 400 पार का नारा दिया और देखिए लहसुन 400 पार हो गया है। उन्होंने कहा कि गाजीपुर में अर्बन को ऑपरेटिव बैंक दिवालिया हो चुका है। गरीब जनता का पैसा कहां गया ये किसी को पता नहीं। एफआईआर दर्ज होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि बैंक से पैसा लूटने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई अभी तक। इंडिया गठबंधन में दरार की बात पर उन्होंने कहा कि मानता बनर्जी और सोनिया गांधी दोनों ही अच्छे नेता हैं और मिल जुल कर मामला सुलझा लिया जाएगा। इनके बीच मतभेद हो सकते हैं परंतु मनभेद नहीं हो सकते। सांसद अफजाल अंसारी ने कहा कि चुनाव आयोग ने चुनावों में जबरदस्त धांधली की है। अब ईवीएम हटाओ अभियान चलेगा और मोदी को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अधिकारी आम जनता को लूट रहे। कानून व्यवस्था ध्वस्त है और जनता त्रस्त है।

# 'जिसका कब्जा, उसी की जमीन'

## बिहार के मंत्री का ऐलान; बस पूरी करनी होगी ये शर्त



पटना, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। 50 साल से एक ही जमीन पर बिना कागजात के रहे लोगों के लिए बिहार सरकार ने राहत दी है। बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डा। दिलीप कुमार जायसवाल की घोषणा से राज्य के किसानों में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि 50 साल पहले जो किसानों ने आपसी बंटवारा कर जमीन पर दखल कब्जा में रह रहे हैं और कोई विवाद नहीं हैं, उन्हें अब कोई कागजात दिखाने की जरूरत नहीं है। राजस्व मंत्री ने कहा है कि वे अपने अपने नाम से सर्वे करा सकते हैं। इसके अलावा राजस्व मंत्री ने बताया कि जिस जमीन पर विभाग के तरफ से रोक लगी है, वह या तो सरकारी जमीन है या खासमहल जमीन है। ऐसी जमीनों के लिए एक कमेटी बनाई गई है। खासमहल जमीन के लिए अलग से एक मसौदा तैयार किया जा रहा हैं। मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि शहर क्षेत्र के लगान का भी निर्धारण कर लिया गया है, जल्द ही सभी वार्डो में शिविर लगेगा और सभी का रसीद काटा जाएगा। शहरी क्षेत्रों में पिछले लगभग 35 वर्षों से लगान निर्धारण नहीं हुआ है, जिसको लेकर शहरी क्षेत्र के लोग काफी परेशान हैं। मंत्री दिलीप जायसवाल ने इसके लिए अधिकारियों को 20 दिसंबर तक का समय दिया है। वहीं, पूर्णिया नगर निगम के कई वार्डों का शुल्क निर्धारण हो चुका है। बहुत जल्द ही रसीद कटना भी शुरू हो जाएगा। 1989 से पूर्णिया शहर के पुराने 21 वार्डों के लगान पर रोक लगा दी गयी थी, जिससे सरकार को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है।

# नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई, 5 गिरफ्तार, 7 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त

मोतिहारी, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। बिहार के मोतिहारी जिले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और छतौनी-रामगढ़वा थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बड़ी सफलता मिली है। तीनों की संयुक्त कार्रवाई में मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाकर पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इन तस्करों के पास से छतौनी थाना क्षेत्र से 2 किलोग्राम हेरोइन और रामगढ़वा थाना क्षेत्र से ब्राउन सुगर बनाने वाला केमिकल बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार मोतिहारी जिले के छतौनी थाना क्षेत्र से नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और छतौनी थाना ने छापेमारी कर 2 किलोग्राम मादक पदार्थ हेरोइन के साथ तस्करों को गिरफ्तार किया। उनसे पूछताछ के बाद जिले के रामगढ़वा थाना क्षेत्र से ब्राउन शुगर बनाने वाले केमिकल के साथ मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया गया। मादक पदार्थ हेरोइन और केमिकल का अंतराष्ट्रीय बाजार में मूल्य करीब सात करोड़ रुपये आंका गया है।

# कड़ाके की ठंड के लिए हो जाएं तैयार

## बर्फीली हवाएं बढ़ाएंगी ठिठुरन



गाज़ियाबाद, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल ठंड से राहत की उम्मीद नहीं है। रातभर चलने वाली तेज उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण तापमान में और गिरावट आएगी। मौसम विभाग का मानना है कि तेज उत्तर-पश्चिमी बर्फीली हवाओं का दबदबा अभी बना रहेगा।

### तेज हवाओं और शीतलहर का जोरदार असर

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर प्रदेश में शीतलहर का जोर बना हुआ है। विक्षोभ के गुजरने के साथ ही तेज कोल्ड जेट स्ट्रीम ने पूरे प्रदेश को अपनी चपेट में ले लिया है। हवाओं की गति 20 से 25 किमी प्रति घंटा दर्ज की गई। इसी कारण से दिन की तुलना में रात अधिक ठंडी रही। प्रदेश के 17 जिलों में न्यूनतम तापमान 3 से 6 ।2 डिग्री के बीच रहा। हालांकि तेज धूप खिलने के कारण दिन के समय अधिकतम तापमान 24 डिग्री तक पहुंच गया।

### कृषि पर शीतलहर का प्रभाव

सीएसए के कृषि तकनीकी अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि 15 दिसंबर तक पाला गिरने की संभावना है। आलू, टमाटर, मिर्च, और गोभी जैसी फसलों को पाले से बचाने के लिए किसानों को हल्की सिंचाई करने या सल्फ्यूरिक एसिड का छिड़काव करने की सलाह दी गई है। इससे फसलों की पाले से लड़ने की क्षमता बढ़ेगी।

### इन जिलों में बढ़ेगी गलन

मौसम विभाग के अनुसार देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर और गोंडा में शीत लहर चलने की संभावना है जबकि बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, सहारनपुर और शामली में भी शीत लहर चलने का अलर्ट जारी किया गया है।

### आने वाले दिनों में ठंड का प्रकोप रहेगा जारी

मौसम विशेषज्ञ डॉ। एसएन सुनील पांडेय ने कहा कि तेज उत्तर-पश्चिमी बर्फीली हवाओं का दबदबा बना रहेगा। इससे रात का तापमान और गिरेगा, जबकि दिन का तापमान औसत के करीब रहेगा। साफ आसमान के कारण रातें और ठंडी होंगी। 16 दिसंबर तक मौसम ऐसे ही रहने की संभावना है।

# पहले दिया तलाक फिर हलाला करा कर रह रहे थे साथ

अमरोहा, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के अमरोहा में दंपती के बीच अलगाव का अनोखा मामला सामने आया है। पति ने एक बार तलाक बोल दिया और तीन महीने तक बात नहीं की। हालांकि इस दौरान पति-पत्नी एक ही घर में रहते रहे। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हुआ तो विवाहिता का हलाला कराया गया। दोबारा निकाह कर वह पति-पत्नी के रूप में रहने लगे, लेकिन दो साल बाद पति ने फिर तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। अब पीड़िता ने एसपी कार्यालय में शिकायती पत्र देकर आरोपी पति और ससुराल वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की गुहार लगाई है। मामला गजरौला थाना क्षेत्र के एक गांव का है। किसान ने अपनी बेटी की शादी जनपद बुलंदशहर के थाना व कस्बा गुलावटी निवासी युवक के साथ की थी। शादी में मायके वालों ने काफी दान-दहेज दिया था। आरोप है कि विवाहिता को ससुराल में दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। उसने तीन बच्चों को जन्म भी दिया। इस दौरान पति का प्रेम प्रसंग दूसरे संप्रदाय की युवती से शुरू हो गया। विवाहिता ने इसका विरोध किया तो घर में तनाव बढ़ गया।

# महिला वैज्ञानिक को डिजिटल अरेस्ट कर 8.30 लाख ठगे

मेरठ, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। मेरठ में साइबर लुटेरों ने महिला वैज्ञानिक डॉ। निशा वर्मा को 24 घंटे डिजिटल अरेस्ट रखा। बच्चों की किडनैपिंग और मनी लॉन्ड्रिंग में फंसाने की धमकी दी। सैलरी अकाउंट के 99% पैसे ट्रांसफर करने के लिए कहा। महिला वैज्ञानिक से 8.30 लाख रुपए अपने अकाउंट में ट्रांसफर करा लिए। पुलिस ने 11 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कर साइबर अपराधियों की तलाश शुरू कर दी है। पल्लवपुरम फेस-2 निवासी डॉ। निशा वर्मा मोदीपुरम स्थित भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान में वैज्ञानिक हैं। निशा वर्मा की ओर से दर्ज एफआईआर के मुताबिक, 10 दिसंबर को उनके पास एक कॉल आई। कॉल किसी महिला की थी। महिला ने कहा कि वह टेलिकॉम डिपार्टमेंट में अधिकारी हैं। आपके नंबर से गलत गतिविधियां हो रही हैं। आपका नंबर दो घंटे में ब्लॉक कर दिया जाएगा। निशा वर्मा ने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है तो महिला ने धमकाते हुए कहा कि एचडीएफसी बैंक में आपके नाम से गलत गतिविधियां हुई हैं। मैं आपकी कॉल साइबर क्राइम डिपार्टमेंट में ट्रांसफर कर रही हूं। वहां से आप पूरा क्लीयरेंस ले लीजिए। उसके बाद ही आपका मोबाइल ऑन हो पाएगा। इसके बाद उनके मोबाइल पर वॉट्सऐप वीडियो कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि वह साइबर क्राइम डिपार्टमेंट से है।

## पीसीएस प्री की परीक्षा से पहले सरकार अलर्ट

# मुख्य सचिव ने जारी किए आदेश

लखनऊ, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में पीसीएस प्री परीक्षा 22 दिसंबर को होगी। इसको लेकर प्रशासन अलर्ट पर है। मुख्य सचिव ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में कहा गया है कि परीक्षा केंद्रों तक सही प्रश्न पत्र पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सचिव के निर्देश के अनुसार पीसीएस-प्री की परीक्षा 22 दिसंबर को सभी जिलों के कुल 1331 केंद्रों पर होगी। परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करा ली जायें। प्रश्न पत्र लीक न हो, इसका विशेष तौर पर ध्यान रखा जाये। कहा गया है कि यह भी सुनिश्चित कराया जाए कि परीक्षा में सही अभ्यर्थी बैठे और सही प्रश्न-पत्र परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंचे। जिला स्तर पर आयोग से समन्वय स्थापित करने के लिए एक नोडल अधिकारी भी नामित किया जाए। मुख्य सचिव की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि परीक्षा ड्यूटी करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रशिक्षण करा लिया जाए। पुलिस विभाग एसटीएफ व एलआईयू द्वारा अफवाह फैलाने वाले व नकल माफिया पर नजर रखे। पीसीएस प्री की परीक्षा को लेकर अफवाहों पर भी निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देश में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों की निगरानी की जाये। परीक्षा की शुचिता प्रभावित करने अथवा अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# 18 दिसंबर को कांग्रेस करेगी यूपी विधानसभा का घेराव, अजय राय ने बताया पूरा प्लान



लखनऊ, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के कार्यकर्ता 18 दिसंबर को विधानसभा का घेराव करने की तैयारी में हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रदेश की समस्याओं को लेकर 18 दिसंबर को हम विधानसभा का घेराव करने जा रहे हैं।

अजय राय ने कहा कि प्रदेश में बढ़ रही खाद की किल्लत, बिजली, पानी, धान के केंद्र और किसानों के मुद्दे को लेकर हम विधानसभा का घेराव करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बिजली विभाग का निजीकरण कर रही है, जिससे उपभोक्ता परेशान होंगे। झांसी के अस्पताल में कई बच्चे जलकर मर गए, प्राइमरी स्कूल के बच्चों को अभी तक स्वेटर और मोजे की सुविधाएं तक नहीं मिली। पूरे प्रदेश में बाहरी कंपनियों को लगाया जा रहा है। राज्य में दंगे, फर्जी एनकाउंटर कराए जा रहे हैं। पूरी कानून व्यवस्था जीरो है। इन सभी विषयों को लेकर 18 दिसंबर को कांग्रेस पार्टी विधानसभा का घेराव करेगी।

# अखिलेश यादव बोले

## 'एक देश, एक चुनाव' की व्यवस्था 'अव्यावहारिक' ही नहीं 'अलोकतांत्रिक' भी



लखनऊ, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लागू करने संबंधी विधेयक को मंजूरी दिए जाने के बाद समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने एक साथ चुनाव कराने के विचार को 'अव्यावहारिक और अलोकतांत्रिक' करार दिया। अखिलेश यादव ने 'एक्स' पर कहा, ''एक देश, एक चुनाव सही मायनों में एक अव्यावहारिक ही नहीं अलोकतांत्रिक व्यवस्था भी है क्योंकि कभी-कभी सरकारें अपनी समयावधि के बीच में भी अस्थिर हो जाती हैं तो क्या वहां की जनता बिना लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व के रहेगी। इसके लिए संवैधानिक रूप से चुनी गयी सरकारों को बीच में ही भंग करना होगा, जो जनमत का अपमान होगा।''उन्होंने कहा, ''दरअसल 'एक देश, एक चुनाव' लोकतंत्र के खिलाफ, एकतंत्री सोच का बहुत बड़ा षड्यंत्र है। जो चाहता है कि एक साथ ही पूरे देश पर कब्जा कर लिया जाए। इससे चुनाव एक दिखावटी प्रक्रिया बनकर रह जाएगा।''उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने सरकार पर तंज करते हुए कहा, ''जो सरकार बारिश, पानी, त्योहार, नहान के नाम पर चुनावों को टाल देती है वो एक साथ चुनाव कराने का दावा कैसे कर सकती है।'' उन्होंने कहा, ''एक देश, एक चुनाव एक छलावा है, जिसके मूल कारण में एकाधिकार की अलोकतांत्रिक मंशा काम कर रही है। ये चुनावी व्यवस्था के सामूहिक अपहरण की साजिश है।'

# 'ईवीएम को लेकर चर्चा होनी चाहिए

## लेकिन', वन नेशन-वन इलेक्शन कभी सफल नहीं होगा: पप्पू



पूर्णिया, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। वन नेशन, वन इलेक्शन पर पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन लाने की इतनी हड़बड़ी क्या है? मुझे इस बात की गहरी चिंता है कि संवैधानिक दायित्वों का आप निर्वाह करते नहीं हो, वन नेशन-वन एजुकेशन, वन नेशन-वन हेल्थ, वन नेशन-वन इकोनॉमी, वन नेशन-वन जस्टिस आप मिनियम इकोनॉमी फंडामैटल राइट को आप आम लोगों तक नहीं ले जा रहे हो, ईवीएम को लेकर चर्चा होनी चाहिए, लेकिन वो नहीं की जा रही है।

**'डेमोक्रेसी की सेविंग करें संविधान को समझें'**

पप्पू यादव ने आगे कहा कि वीवीपैट जिससे डेमोक्रेसी खतरे में है, चुनाव को स्टेट सरकार को दे देना चाहिए। केंद्र सरकार ये तय करें कि चुनाव में प्रचार से लेकर वोटिंग तक जो भी खर्च होगा वो चुनाव आयोग या सरकार करेगी। उसमें उम्मीदवार का कुछ भी नहीं लगेगा। 200-400 करोड़ रुपये में विधायक बनते हैं, जिससे डेमोक्रेसी खतरे में हो गई है। उन्होंने कहा कि 600-700 करोड़ में सांसद बनते हैं, 30-40 करोड़ रुपये विधायक बनने में अब हिंदी पट्टी में लगने लग गया है। 50 करोड़ रुपये सांसद बनने में लग रहे हैं ये जो वेस्टेड मनी है और उसका ब्लैक मनी हो रहा है। इससे डेमोक्रेसी पर खतरा है पूंजीपति का आधिपत्य राजनीतिक जीवन में लोकतांत्रित मूल्यों में बढ़ता जा रहा है। ये सबसे जरूरी है कि हम इलेक्शन को पारदर्शी करें, डेमोक्रेसी की सेविंग करें संविधान को समझें।

**'वन नेशन, वन इलेक्शन कभी सेक्सेस नहीं होगा'**

पप्पू यादव ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन कभी सेक्सेस नहीं होगा। अगर बीच में ही सरकार गिर गई या राष्ट्रपति शासन लग गया फिर छह महीने के बाद हमें सरकार बनानी पड़ गई। क्या इसके लिए आप पांच साल इंतजार करेंगे या फिर वो छह महीने पांच साल के बाद होंगे। ढाई साल के अंदर सरकार गिर गई तो क्या इसके लिए 5 साल सरकार बनाने का इंतजार करेंगे। ये कैसे हो सकता है। मुझे लगता है कि देश के लिए ये निर्णय सही नहीं है।

# जस्टिस शेखर यादव के खिलाफ राज्यसभा सचिवालय में दिया गया महाभियोग प्रस्ताव



प्रयागराज, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। देश का कानून बहुसंख्यकों के हिसाब से चलेगा जैसी टिप्पणी और मुस्लिमों को लेकर 'कठमुल्ला' शब्द के इस्तेमाल पर इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस शेखर कुमार यादव को आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इन टिप्पणियों के कारण उनका नाम राजनीतिक और कानूनी विवादों में घिर गया है। विपक्षी दलों के सांसद इस मामले में कार्रवाई की मांग कर रहे हैं और उनका आरोप है कि जस्टिस यादव ने अपने पद का दुरुपयोग किया है। इस बीच राज्यसभा में जस्टिस यादव के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव भी पेश किया गया है।

**इलाहाबाद हाई कोर्ट ने जारी किया नया रोस्टर**

हालांकि जस्टिस यादव की कार्यशैली में बदलाव लाने के लिए इलाहाबाद हाई कोर्ट ने हाल ही में एक नया रोस्टर जारी किया है। इस बदलाव के अनुसार जस्टिस यादव अब सिर्फ 2010 से पहले के मामलों की सुनवाई करेंगे और उन्हें निचली अदालत से आने वाली अपीलों की ही सुनवाई का मौका मिलेगा। पहले वे रेप के मामलों और बेल जैसी संवेदनशील मामलों की सुनवाई भी कर रहे थे, लेकिन नए रोस्टर के तहत उन्हें इन मामलों से हटा दिया गया है।

**रोस्टर बदलाव पर उठे सवाल**

इलाहाबाद हाई कोर्ट का नया रोस्टर जारी होने के बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या यह बदलाव जस्टिस यादव के खिलाफ किसी दबाव का नतीजा है। हालांकि इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इस बदलाव पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की ओर से जस्टिस यादव के बारे में जानकारी मांगे जाने से मामला और भी संवेदनशील बन गया है। अब यह देखना होगा कि इस विवाद का आगे क्या परिणाम निकलता है और क्या जस्टिस यादव के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH
स्वतंत्र वार्ता
शनिवार, 14 दिसंबर, 2024 



**सुविचार**
दूसरों के साथ अपने जीवन की तुलना मत करो। सूर्य और चंद्रमा एक साथ कभी चमक नहीं सकते, वे भी अपने समय के लिए प्रतीक्षा करते है।

# चिड़ियाघर पार्कों के अलावा, शहरी वन पार्कों को विकसित किया जाना चाहिए : कोंडा सुरेखा

## मंत्री ने पशु दत्तक ग्रहण योजना ब्रोशर, डायरी, कॉफी टेबल बुक का अनावरण किया



हैदराबाद, 13 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वन, पर्यावरण और देवदया धर्मार्थ मंत्री कोंडा सुरेखा ने वन विभाग को राज्य के सभी चिड़ियाघर पार्कों और शहरी वन पार्कों को बेहतर सुविधाओं के साथ विकसित करने और पर्यावरण-अनुकूल कार्यक्रमों के साथ आगंतुकों को आकर्षित करने के लिए गतिविधियों को लागू करने का निर्देश दिया। तेलंगाना के चिड़ियाघर और पार्क प्राधिकरण (जेडएपीएटी) की 13 वीं शासी निकाय की बैठक आज डॉ. बीआर अंबेडकर तेलंगाना राज्य सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में मंत्री कोंडा सुरेखा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर मंत्री सुरेखा ने वन अधिकारियों के साथ पशु दत्तक ग्रहण योजना ब्रोशर, डायरी और कॉफी टेबल बुक का अनावरण किया। इस बैठक में वन विभाग के प्रधान सचिव अहमद नदीम, पीसीसीएफ आर.एम. डोबरियाल (एचओएफएफ), मुख्य वन्यजीव वार्डन एलुसिंह मेरू, सीसीएफ प्रियंका वर्गीस, भीमा नाइक, रामलिंगम, निदेशक चिड़ियाघर पार्क सुनील एस. हेरामथ, पशुपालन विभाग जेडी कृष्णमूर्ति, कई डीएफओ और अन्य ने भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए, मंत्री कोंडा सुरेखा ने भारतीय चिड़ियाघर और पार्क प्राधिकरण के अधिकारियों को पर्यावरण को कोई समस्या पैदा किए बिना आगंतुकों के हितों के अनुसार काम करने और वन विभाग के लिए राजस्व उत्पन्न करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि दुनिया भर के चिड़ियाघर पार्कों में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं का अध्ययन करना चाहिए और तेलंगाना राज्य में सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को लागू करना चाहिए। इस मौके पर मंत्री सुरेखा ने अधिकारियों को राज्य के नौ चिड़ियाघर पार्कों के साथ-साथ शहरी वन पार्कों के विकास के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में बताया।

मंत्री सुरेखा ने पशु संरक्षण उपायों, केबीआर, मृगवनी, महावीर हरिणा वसंतली और राज्य के अन्य शहरी वन पार्कों, नेहरू चिड़ियाघर पार्क, काकतीय चिड़ियाघर पार्क, पलासमर्री मिनी चिड़ियाघर पार्क, लोअर में आगंतुकों की संख्या बढ़ाने के लिए अधिकारियों को कई सुझाव दिए। मनेरु हिरण पार्क, किन्नरसानी हिरण पार्क और अन्य सुविधाएं लागू की गईं मंत्री सुरेखा ने पशुओं को गोद लेने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी ली।

चिड़ियाघर पार्क के निदेशक सुनील एस ने कहा कि दर्शकों की बेहतर सुविधाओं के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग और एकीकृत फास्ट ट्रैक पार्किंग जैसी कई सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। मंत्री सुरेखा ने संबंधित चिड़ियाघर पार्कों में पशु संपदा, उनकी देखभाल के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं और कर्मचारियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

मंत्री ने चिड़ियाघर पार्कों के बीच जानवरों के आपसी आदान-प्रदान और चिड़ियाघर पार्कों की आय बढ़ाने के लिए अपनाई जाने वाली गतिविधियों पर अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर मंत्री सुरेखा ने अधिकारियों को चिड़ियाघर पार्कों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए बीमा अनिवार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया। जब अधिकारियों ने मंत्री का ध्यान इस ओर दिलाया कि केबीआर पार्क के चारों ओर 300 मीटर की रिटेनिंग दीवार बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गई है, तो मंत्री ने सीसीएफ (चारमीनार सर्कल) प्रियंका वर्गीज को रिटेनिंग वॉल को बहाल करने की दिशा में कदम उठाने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने नेहरू चिड़ियाघर पार्क में रिक्तियों को भरने की आवश्यकता का उल्लेख किया और मंत्री सुरेखा ने इसे मंजूरी दे दी।

मंत्री सुरेखा ने अधिकारियों को सलाह दी कि हमें यह हमेशा याद रखना चाहिए कि जानवरों, इंसानों और जंगलों के बीच अटूट रिश्ता है। अधिकारियों को चिड़ियाघर के पार्कों में जानवरों की भावनाओं को देखने और उनकी देखभाल पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। मंत्री ने अधिकारियों को हर तीन महीने में चिड़ियाघर और पार्क प्राधिकरण तेलंगाना (जेएपीएटी) की बैठक आयोजित करने के लिए कदम उठाने की सलाह दी।

### वारंगल काकतीय चिड़ियाघर पार्क पर विशेष ध्यान

**बंदरों के आतंक से लोगों को बचाने के निर्देश**

हैदराबाद, 13 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वन, पर्यावरण व धर्मार्थ मंत्री कोंडा सुरेखा ने कहा कि उनके संज्ञान में आया है कि काकतीय चिड़ियाघर पार्क के बीच से गुजरने वाले बाढ़ के पानी की निकासी के कारण दुर्गंध आ रही है और उन्होंने अधिकारियों को चिड़ियाघर पार्क से जल निकासी को मोड़ने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया है। मंत्री ने मुख्य वन्यजीव वार्डन एलुसिंघे को काकतीय चिड़ियाघर पार्क में दो सफेद बाघ और एक शेर लाने के लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से संपर्क करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने मंत्री को बताया कि हाल ही में बाघ को वारंगल चिड़ियाघर पार्क में ले जाने के बाद आगंतुकों की संख्या बढ़ रही है। मंत्री सुरेखा ने अधिकारियों को वारंगल चिड़ियाघर पार्क के साथ-साथ अन्य चिड़ियाघर पार्कों में पर्यावरण शिक्षा केंद्र स्थापित करने की दिशा में कदम उठाने की सलाह दी। बंदरों के आतंक को रोकने के लिए सभी संबंधित विभागों के साथ एक समन्वय समिति की बैठक की जानी चाहिए और बंदरों की समस्या का स्थायी समाधान खोजने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। बंदरों को जंगली जानवरों की सूची से हटा दिया गया है, मंत्री सुरेखा ने पीसीसीएफ डोबरियाल को इस दिशा में सख्त प्रक्रिया बनाने और लोगों को बंदरों के आतंक से बचाने का निर्देश दिया।

# डिप्टी सीएम ने टीजीआरईडीसीओ के ऊर्जा संरक्षण कैलेंडर 2025 का शुभारंभ किया

हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य में 14 दिसंबर 2024 से 20 दिसंबर 2024 तक निर्धारित राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह समारोह के अंतर्गत, उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क मल्लू ने टीजीआरईडीसीओ के ऊर्जा संरक्षण कैलेंडर 2025 का शुभारंभ किया और वचन दिया कि तेलंगाना राज्य राज्य में स्थायी अक्षय ऊर्जा के विकास के लिए दृढ़ और प्रतिबद्ध है। उन्होंने 2030 तक 20GW और 2035 तक 40GW RE बिजली स्थापित करने के लक्ष्य की पुष्टि की। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि तेलंगाना सरकार सभी क्षेत्रों में ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा दक्षता पहलों को लागू करने के लिए एक रोड मैप तैयार कर रही है ताकि स्थायी ऊर्जा प्रथाओं और पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा कुशल मानकों को प्राप्त किया जा सके। ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा दक्षता के लिए राज्य द्वारा नामित एजेंसी टीजीआरईडीसीओ, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) के समन्वय और समर्थन में तेलंगाना राज्य भर में



विभिन्न ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा दक्षता गतिविधियों को लागू करने में महत्वपूर्ण प्रगति कर रही है। टीजीआरईडीसीओ राज्य भर में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को क्रियान्वित करने में सफल रहा है और इसकी प्रमुख पहल हैं। वाणिज्यिक भवनों के लिए ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता (ईसीबीसी) के तहत, राज्य में ईसीबीसी अनुपालन अनिवार्य कर दिया गया है और ईसीबीसी अनिवार्यता को अपनाने वाला यह देश में पहला राज्य है। तेलंगाना ने ऑनलाइन बिल्डिंग स्वीकृति प्रणाली के माध्यम से ईसीबीसी अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक तंत्र विकसित किया है और इसे सफलतापूर्वक लागू किया जा रहा है। आज तक, 879 वाणिज्यिक भवन ईसीबीसी के अनुरूप हैं और 392.21 एमयू की ऊर्जा बचत मानी जाती है। तेलंगाना भारत का पहला राज्य है जिसने चरम गर्मी के मौसम में गर्म तापमान से सुरक्षा के लिए तेलंगाना राज्य कूल रूफ नीति 2023-28 पेश की है। चूंकि राज्य में उच्च ऊर्जा गहन उद्योगों के साथ विविध औद्योगिक आधार है, प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) योजना के तहत, 43 उद्योगों को ऊर्जा मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा पीएटी चक्र VIII तक नामित उपभोक्ता (डीसी) के रूप में अधिसूचित किया गया है। पहले दो पीएटी चक्रों (I और II) में राज्य में लगभग 0.24 मिलियन टन तेल के बराबर ऊर्जा की बचत हुई है।

# सचिवालय चर्च में क्रिसमस समारोह मनाया गया

हैदराबाद, 13 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सचिवालय कर्मचारियों ने सचिवालय चर्च में भव्य क्रिसमस समारोह मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि परिवहन एवं बीसी कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर थे। कार्यक्रम में भाई अनिल, क्रिश्चियन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के चेयरमैन दीपक जॉन, ईसाई प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रभु यीशु के भजन और भविष्यवाणियां विश्व के कल्याण के लिए है।सभी को सहज हों ऐसे विचारों के साथ आगे बढ़ना चाहिए। त्याग के उपनाम के रूप में क्षमा समाज में एक गुण होना चाहिए। यीशु सभी के लिए एक उपनाम है। क्रिसमस एक ऐसा त्यौहार है जो पूरे विश्व में साल में एक बार आता है। सबकी भलाई की आकांक्षा केवल समाज की समस्याओं का समाधान करना ही नहीं है, बल्कि सचिवालय कर्मचारी होने के नाते लोगों की समस्याओं का समाधान होना जरूरी है और बात सरकार तक जाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार एक धर्मनिरपेक्ष सरकार है जो प्रार्थना हॉल मंदिरों और उनकी भावनाओं की स्वतंत्रता के साथ सभी के साथ समान व्यवहार करती है। सभी के कल्याण की कामना के लिए प्रभु यीशु का कीर्तन करना चाहिए। सरकार के गठन के एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर लोक प्रशासन द्वारा सरकारी कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

# बुदाबुक्काला जाति ने अपनी जाति का नाम बदलकर क्षत्रिय जोशी करने की अपील की




हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीसी आयोग द्वारा बीसी आयोग के कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के क्रम में आज आयोग द्वारा जाति एवं अन्य आयोग द्वारा मांगे गए प्रस्ताव इसके एक भाग के रूप में, बुदाबुक्काला, मेरा, कुम्मारी और रजका जाति समूहों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने अपनी जातियों की स्थिति के बारे में बताया और अपनी शिकायतें व्यक्त कीं। इस मामले में बुदाबुक्काला जाति ने अपनी जाति का नाम बदलकर क्या क्षत्रिय जोशी या शिव क्षत्रिय करने की अपील की। इसी तरह, मीरा जाति ने मौजूदा चिप्पोलु (मेरा) को बदलकर मेरा (चिप्पोलु) करने का अनुरोध किया, कुम्मारी जाति ने पर्यायवाची के रूप में प्रजापति को जोड़ने का और रजका जाति ने धोबी को पर्यायवाची के रूप में जोड़ने का अनुरोध किया। बुदाबुक्काला जाति के प्रतिनिधि अवुला महेश और लक्ष्मण राव, मेरा जाति के प्रतिनिधि सांगा वेंकट राजम, रायबारपु संतोष, कुम्मारी जाति के प्रतिनिधि बालकिशन प्रजापति, पावनी रविंदर प्रजापति, राजका जाति के प्रतिनिधि के. श्रीलक्ष्मी, के. मल्लेश कुमार, चल्ला वीरेशम और अन्य ने आयोग के समक्ष अपनी शिकायतें व्यक्त की हैं कि उन्हें समाज में कई अपमान और तानों का सामना करना पड़ रहा है।

कार्यक्रम में जी निरंजन, अध्यक्ष, सदस्य रापोलु जयप्रकाश, थिरुमालागिरी सुरेंद्र, बालालक्ष्मी रंगा, उप निदेशक यू श्रीनिवास राव, विशेष अधिकारी जी. सतीश कुमार, अनुसंधान अधिकारी लक्ष्मी नारायण और अन्य उपस्थित थे।

# अनुबंधित एएनएम ने मांगें पूरी न होने पर की हड़ताल की घोषणा

हैदराबाद, 13 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार और 6,000 प्रदर्शनकारी अनुबंध सहायक नर्स दाइयां (एएनएम), जो तेलंगाना राज्य में सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की रीढ़ हैं, देखभाल करने वालों के साथ टकराव की ओर बढ़ रहे हैं। उनका कहना है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो 18 दिसंबर के बाद अनिश्चितकालीन चिकित्सा हड़ताल शुरू की जाएगी।

एएनएम अपने प्रतिनिधियों के साथ शुक्रवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजनरसिम्हा सहित वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारियों से मुलाकात करेंगी, जहां वे अपनी मांगों पर चर्चा करेंगी और संभवत: उन लंबित मुद्दों का समाधान करेंगी, जो इस क्षेत्र को काफी समय से परेशान कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन कर रही अनुबंधित एएनएम की प्रमुख मांगों में से एक राज्य स्वास्थ्य विभाग में उनकी सेवाओं को तत्काल नियमित करना है। वर्तमान में, तेलंगाना राज्य में 6,000 अनुबंधित एएनएम हैं जो उप-केंद्र स्तर पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही हैं।

मोटे तौर पर, तेलंगाना राज्य में 5,500 उप-केंद्र हैं और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दिशानिर्देशों के आधार पर, तेलंगाना राज्य के सभी नवगठित 33 जिलों में 2,000 से 3,000 अतिरिक्त उप-केंद्र जोड़ने की पर्याप्त गुंजाइश है। दरअसल, हैदराबाद की आबादी और आकार के हिसाब से, वर्तमान में 25,000 व्यक्तियों की आबादी के लिए केवल एक एएनएम है। एएनएम के हित के लिए लड़ रहे तेलंगाना यूनाइटेड मेडिकल एंड हेल्थ यूनियन के सदस्यों ने कहा कि अधिक उप-केंद्र जोड़े जाने चाहिए, जिससे मौजूदा अनुबंधित एएनएम के कर्तव्यों को नियमित किया जा सके। वर्तमान में तेलंगाना राज्य चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवा भर्ती बोर्ड केवल 1931 पदों के लिए 29 दिसंबर, 2024 को कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) आयोजित कर रहा है।

# विद्यापति पर्व को यादगार बनाने की तैयारी

## 15 दिसंबर को सरोजनी देवी नायडू हॉल में किया जायेगा आयोजन

## बहेगी साहित्य, संगीत व कला की त्रिवेणी

हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में रविवार को आयोजित किया जा रहा विद्यापति स्मृति पर्व समारोह इस बार बहुत खास तरीके से मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ लोकप्रिय अभिनेत्री सह भाजपा की वरिष्ठ नेता के. माधवी लता करेंगी। इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक एन प्रभाकर होंगे। मिथिला सामाजिक मंच इस वार्षिक आयोजन के साथ साल भर सामाजिक सरोकारों से सक्रिय रूप से जुड़ा रहता है। चाहे गरीबी का दंश झेल रहे लोगों के बेटी की शादी हो या फिर उनके बच्चों की समुचित पढ़ाई लिखाई या फिर स्वास्थ्य संबंधी किसी मदद की आवश्यकता मंच से जुड़े लोग साल भर इस तरह के सामाजिक कार्य में लगे रहते हैं।

मंच के अध्यक्ष राम विनोद झा ने बताया कि 15 दिसंबर को मंच द्वारा आयोजित किए जा रहे छठे समारोह के दौरान मिथिला की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए उपयुक्त माहौल तैयार करने के साथ ही मिथिला की गौरवशाली धरोहर से नई पीढ़ी को रूबरू कराने पर विशेष जोर रहेगा।

महासचिव रंजन कुमार झा ने बताया कि इस बार कार्यक्रम का आयोजन सरोजनी देवी नायडू हाल में किया जायेगा। जबकि इस आयोजन में नई पीढ़ी के कलाकारों को यथोचित अवसर दिए जाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार के समारोह में विद्यापति गीत-संगीत के अतिरिक्त मिथिला के पारंपरिक गीत पर विशेष फोकस रहेगा।

मिथिला के प्रसिद्ध लोक गायक अरविंद सिंह एवं वर्षा झा आकर्षण के केंद्र में होंगे। 15 दिसंबर को कवि कोकिल के तैल चित्र पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। उन्होंने बताया कि समारोह में मंच की मुख पत्रिका 'नव चेतना' के विशेषांक का लोकार्पण किया जाएगा। प्रवीण कुमार झा के संपादन में प्रकाशित नव चेतना का इस बार का अंक प्रवासी मैथिलों के बीच उत्कर्ष का प्रतीक बनेगा।

# बुजुर्ग दंपत्ति की हत्या का मामला सुलझा, आठ गिरफ्तार

## खम्मम पुलिस ने एक महीने के भीतर सुलझाया

खम्मम, 13 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। खम्मम पुलिस ने एक महीने के भीतर एक बुजुर्ग दंपति की हत्या और डकैती के मामले को सुलझा लिया है और इसमें शामिल आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि दंपति येरा वेंकट रमना और कृष्णा कुमारी 27 नवंबर को जिले के नेलाकोंडापल्ली मंडल के कोठा कोथुर में अपने घर में रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाए गए थे। पुलिस आयुक्त सुनील दत्त ने शुक्रवार को यहां मीडिया से आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी साझा की। एनटीआर जिले के कांचिकाचर्ला मंडल के मोगुलुरु के शेख आबिद उर्फ आबिद अली (ए1), नारायणपुरम के चित्तिप्रोलु सुरेश उर्फ श्रीनिवास राव, तम्मारबंदपालम के शेख शबीना और सूर्यापेट जिले के कोडाद के शेख हुसैन बी, खम्मम के अनुमोला अनिल कुमार, बुद्दारम के शेख जमाल बी नेलाकोंडापल्ली मंडल के गांव, खम्मम के चागंती मणिकांता और शेख फरीद अहमद जग्गय्यापेटा, एपी गिरफ्तार किए गए व्यक्ति थे। गुरुवार रात को नेलकंदपल्ली मंडल के पैनमपल्ली चेक पोस्ट पर ग्रामीण एसीपी तिरुपति रेड्डी की देखरेख में कुसुमांची के पुलिस निरीक्षक संजीव राव और कर्मचारियों द्वारा वाहन निरीक्षण के दौरान आबिद को पकड़े जाने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान आबिद ने पुलिस के सामने कबूल किया कि उस पर 2011 में कांचीकाचार्ला पुलिस स्टेशन की सीमा में एक व्यक्ति की हत्या का आरोप था और 2014 में उसे उस मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। वह 2020 में राजमुंदरी जेल से पैरोल पर रिहा हुआ था और फरार था। फिर वह कोडाद आया और स्थानीय लोगों से अपना परिचय सोहेल के नाम से कराया।

वहाँ वह हुसैनी बी के संपर्क में आया और उसके साथ विवाहेतर संबंध बनाए। बाद में वह सुरेश (एक समलैंगिक) के संपर्क में आया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। वह खम्मम में अपने रिश्तेदार फ़रीद अहमद से मिलने जाता था और उसके ज़रिए उसने अनिल से दोस्ती की। आबिद, जो जाहिर तौर पर अपराध करने की योजना बना रहा था, ने मणिकांता से चरणबद्ध तरीके से बिना पहचान प्रमाण के 10 सिम कार्ड खरीदे और प्रति कार्ड 1000 रुपये का भुगतान किया ताकि अपराध करने पर उसका पता न लगाया जा सके। उसने खम्मम के बोगुमकुंटा में रहने के लिए एक कमरा भी किराए पर लिया और एक सेकेंड हैंड मोटरसाइकिल खरीदी और नंबर प्लेट बदल दी। समय बीतने के साथ हुसैन बी ने अपनी सहेली जमाल बी की भतीजी शबीना को ए1 से मिलवाया और उससे जान-पहचान शारीरिक संबंध में बदल गई। चोरी करके पैसे कमाने की योजना बना रहे आबिद ने जमाल बी से सलाह ली।

जमाल बी ने ए1 को बताया कि पीडीएस चावल व्यापारी वेंकट रमना के पास काफी पैसा है, वह अपनी पत्नी के साथ रहता है और उसके घर में किराए के लिए एक हिस्सा खाली है। फिर आबिद ने सुरेश, शबीना, हुसैन बी और जमाल बी के साथ मिलकर वेंकट रमना के घर में चोरी करने की योजना बनाई। घर के हिस्से को किराए पर देने की असफल कोशिश के बाद, आबिद ने यह काम शबीना और हुसैन बी को सौंप दिया, जिन्होंने नवंबर के दूसरे हफ़्ते में घर किराए पर लिया और मकान मालिकों के साथ अच्छे से पेश आए। 25 नवंबर की रात को आबिद और सुरेश मोटरसाइकिल से नेलकंदपल्ली पहुँचे और बिना किसी की नज़र में आए किराए के घर में घुस गए। अगली रात जब शबीना और हुसैन बी कृष्णा कुमारी के घर में टीवी देख रहे थे और बातचीत कर रहे थे, तभी सुरेश और आबिद घर में घुस आए, कृष्णा कुमारी का गला घोंटकर हत्या कर दी, उसके शरीर पर मौजूद सोने के साथ-साथ घर में मौजूद सोना भी चुरा लिया। फिर उन्होंने अगले कमरे में सोना ढूँढ़ा जिसमें वेंकट रमना मौजूद थे और दोनों ने उनका भी गला घोंटकर हत्या कर दी।

# भूमिगत खदान में पानी की दरार आने से कोयला उत्पादन प्रभावित

कोत्तागुडेम, 13 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के मनुगुर क्षेत्र में सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) की कोंडापुरम भूमिगत खदान में गर्म पानी की दरार आने से कोयला उत्पादन बाधित हो गया है। कंपनी के उप महाप्रबंधक (कार्मिक) एस रमेश ने मीडिया को बताया कि 7 दिसंबर को सुबह 2.15 बजे 42 लेवल एम की गहराई पर प्राकृतिक जल दरार उत्पन्न हुई। दरार की मात्रा 2067 गैलन प्रति मिनट (जीपीएम) निर्धारित की गई।

दरार आने के बाद तुरंत ही मशीनों सहित श्रमिकों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। एक आपातकालीन टीम का गठन किया गया है और खदान से पानी बाहर निकालने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। पानी को बाहर निकालने के लिए 2500 जीपीएम की सामूहिक क्षमता वाले सात पंप लगाए गए हैं।

11 दिसंबर तक पानी की मात्रा एक लाख गैलन तक पहुँच गई थी। वर्तमान में 1800 जीपीएम पानी सतह पर पंप किया जा रहा है। जल भूविज्ञानियों को दरार से पानी के प्रवाह को मापने के लिए लगाया गया है। रमेश ने बताया कि दरार के कारण प्रतिदिन लगभग 500 टन कोयला उत्पादन रुक गया है।

# संगारेड्डी में बीएमपी युद्ध टैंक का हुआ परीक्षण



संगारेड्डी, 13 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। मेदक स्थित आयुध निर्माणी द्वारा भारतीय सेना के लिए निर्मित एक उभयचर जहाज का शुक्रवार को यहां एक जलाशय में सफल तैरने का परीक्षण किया गया। येद्दुमैलाराम स्थित आयुध निर्माणी ने संगारेड्डी शहर के निकट मलकापुर में स्थित लघु सिंचाई टैंक पेड चेरुवु में बीएमपी युद्ध टैंक पर प्लवन परीक्षण किया। बीएमपी युद्ध टैंक ओडीएफ द्वारा रूसी प्रौद्योगिकी से विकसित किया गया है, यह एक उभयचर वाहन है जिसे जमीन और पानी पर संचालित किया जा सकता है।

ओडीएफ मेदक भारतीय सेना को सालाना 120 बीएमपी वाहन बनाकर आपूर्ति करेगा। ओडीएफ हर साल दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सिंचाई टैंक में युद्ध टैंकों के लिए अनिवार्य प्लवन परीक्षण आयोजित करेगा।

# कार-बाइक की टक्कर में दंपत्ति की मौत

कामारेड्डी, 13 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। नारायणखेड़-काल्हेर मार्ग पर नागधर इलाके के उपनगरीय क्षेत्र में गुरुवार देर रात कथित तौर पर एक कार से बाइक की टक्कर हो गई, जिससे पति-पत्नी की मौत हो गई। मृतकों की पहचान मल्लुर थांडा निवासी वी. संगयनायक (55) और उनकी पत्नी सांधीबाई (45) के रूप में हुई है।

रिपोर्ट के अनुसार, दंपत्ति अपने रिश्तेदारों से मिलने के लिए नारायणखेड़ की ओर जा रहे थे और जैसे ही वे नागधर इलाके के पास पहुंचे, एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसने शवों को पोस्टमार्टम के लिए नारायणखेड़ क्षेत्र के अस्पताल में भेज दिया। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें @SCRailwayIndia पर फॉलो करें. द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**रुचि की अभिव्यक्ति(इओआय) सूचना सं.02/2024**

(नेल्लोर रेलवे स्टेशन पर, उपलब्ध स्थान का व्यावसायिक उपयोग), दि.11.12.2024

PUB/1247/24

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक, विजयवाडा डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे(दमरे) द्वारा पुनर्विकसित नेल्लोर रेलवे स्टेशन पर, उपलब्ध स्थान का व्यावसायिक उपयोग के प्रति रुचि की अभिव्यक्ति (इओआय) आमंत्रित है। इस इओआय का उध्देश्य, संभावित कंपनियों, फर्मों, व्यावसायिक संगठनों, व्यक्तियों से मार्केट की रुचि का आकलन करने के लिए, जो पुनर्विकसित नेल्लोर रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध स्थान (लगभग 2350 वर्गमीटर या स्क्वे.मी.)का व्यावसायिक उपयोग करने के लिए, विजयवाड़ा डिवीजन के साथ साझेदारी करने में रुचि रखते हो। संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि, वित्तिय प्रस्तावों सहित अपने इओआय को प्रस्तुत करने से पहले, तत्संबंधित इओआय दस्तावेज सावधानीपूर्वक अध्ययन करें। इस नोटिस के जवाब में प्राप्त, रुचि की अभिव्यक्ति(इओआय) का उपयोग, निविदा विनिर्देशों को दृढ करने के लिए किया जाएगा और खुली निविदाएं आमंत्रित करने से पहले, इस बिजनेस मॉडल में मार्केट की रुचि का आकलन किया जाएगा। यह इओआय दस्तावेज अहस्तांतरणीय है। विजयवाडा डिवीजन के पास, इस नोटिस से संबंधित प्राप्त ईओआय को, कोई भी कारण न देते हुए, किसी भी या सभी इओआय को स्वीकार या अस्वीकार करने का पूरा अधिकार सुरक्षित रहेगा।

मुख्य तिथि

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर ईओआय नोटिस उपलब्ध - | दि.12.12.2024 के सु.10.00 बजे से |
| 2 | आनलाइन पर ईओआय प्रस्तुति की अंतिम तिथि व समय- | 31.12.2024 के 15.00 बजे तक |
| 3 | पूर्व बोली बैठक | तिथि-23-12-2024 को, वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक, विजयवाडा कार्यालय पर |

अधिक जानकारी हेतु, इच्छुक आवेदक, अधोहस्ताक्षरी कार्यालय पर, किसी भी कार्यालयीन दिनों में संपर्क कर सकते हैं अथवा **वेबसाइटः**www.scr.indianrailway.gov.in >Tenders>SCR Tenders देख सकते हैं।

कृपया ध्यान दें-यह निविदा नहीं है-केवल तत्संबंधित परियोजना की क्षमता के परीक्षण हेतु यह इओआय आमंत्रित की गयी है। इच्छुक प्रतिभागीगण परियोजना स्थल को, व्यक्तिगत रूप में देखने के बाद, नेल्लोर स्टेशन पर उपलब्ध स्थान का व्यावसायिक उपयोग के प्रति अपने वित्तीय प्रस्तावों को उद्धृत कर सकते हैं। तत्संबंधित परियोजना की क्षमता का आकलन करने के पश्चात्, भविष्य में निविदा आमंत्रित की जा सकती है।

A1597

वरिष्ठ विभागीय वाणिज्य प्रबंधक/विजयवाडा

स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 14 दिसंबर- 2024

# शतरंज का शहंशाह

कुछ दिनों पहले तक गुमनाम सा नाम था गुकेश का लेकिन आज वे भारत के 18 साल के यंग बॉय बन गए हैं। गुकेश दोम्माराजू दुनिया के पहले सबसे कम उम्र के चेस चैंपियन बने हैं, उनकी इस उपलब्धि पर पूरा भारत झूम उठा है। बता दें कि गुकेश ने अभी तो सिर्फ स्कूलिंग ही पूरी की थी और शतरंज की दुनिया के बादशाह बन गए हैं। इस जीत ने उन्हें मालामाल कर दिया है। उनकी जीत पर उन्हें 21 करोड़ रुपये से ज्यादा (2.5 मिलियन डॉलर) का प्राइज फंड भी मिला है। ऐसे में लोग यह खंगाल रहे हैं कि आखिर डी गुकेश कौन हैं? उनकी एजुकेशन क्या है? 18 की उम्र में जब बच्चे स्कूल पास कर रहे होते हैं, तब उनमें से अधिकांश को यह भी नहीं पता होता है कि अब आगे करना क्या है? आखिर उनका पैशन क्या है? लेकिन उसी छोटी उम्र में भारत के डोम्माराजू गुकेश ने इतिहास रच दिया है। वो शतरंज की दुनिया के यंगेस्ट चैंपियन बन गए हैं। गुकेश पहले शख्स हैं जिसने इतनी कम उम्र में वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप जीत ली और चेस ग्रैंडमास्टर बन गए। इससे पहले यह खिताब भारत को दिलाने वाले विश्वनाथन आनंद थे। उनके बाद शतरंज के खिलाड़ी गुकेश ने ऐसा कारनामा कर दिखाया है कि हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। डी गुकेश ने 18वीं वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप के फाइनल्स में चीन के शतरंज खिलाड़ी डिंग लिरेन को हराकर किंग्स गैंबिट का खिताब अपने नाम किया है। वो दुनिया के पहले टीनएजर हैं जिनके सिर पर ये ताज सजा है। इस जीत से पहले गुकेश वर्ल्ड चेस रैंकिंग में 5वें नंबर पर थे। गुकेश से पहले सबसे कम उम्र के चेस वर्ल्ड चैंपियन गैरी कास्पारोव थे, जिन्होंने 22 की उम्र में चैंपियनशिप जीती थी। गुकेश डी का जन्म 29 मई 2006 को चेन्नई में हुआ था। उनके पिता डॉ रजनीकांत कान, नाक एवं गला विशेषज्ञ हैं। मां का नाम डॉ पद्मा है, जो एक माइक्रोबायोलॉजिस्ट हैं। गुकेश अपने माता-पिता को अपनी सफलता का स्तंभ मानते हैं। क्योंकि गुकेश को कम उम्र से ही चेस कंपटीशन्स के लिए जगह-जगह ट्रैवल करना पड़ता था। उनके साथ आने-जाने के लिए पिता रजनीकांत ने नौकरी तक छोड़ दी थी। गुकेश की स्कूलिंग चेन्नई से ही हुई है। उन्होंने वेलाम्मल विद्यालय मेल आयान्नमबक्कम स्कूल से पढ़ाई की है। ये चेन्नई का फेमस ग्रुप ऑफ स्कूल्स है। इससे पहले भी कार्तिकेयन, अरविंद चिदंबरम, प्रागनन्दा जैसे चेस ग्रैंडमास्टर निकल चुके हैं। गुकेश ने चेस खेलने की प्रैक्टिस तभी शुरू कर दी थी जब वो महज 7 साल के थे। उनके स्कूल कोच भास्कर ने ही पहली बार गुकेश की ये प्रतिभा पहचानी थी और उन्हें चेस खेलने के लिए तैयार करना शुरू कर दिया था। सिर्फ 6 महीने की ट्रेनिंग में ही गुकेश फाइड रेटिंग में शामिल हो गए थे। नतीजतन गुकेश ने 2015 में अंडर-9 चेस चैंपियनशिप जीता। 2017 में पहला इंटरनेशनल चेस मास्टर जीता, जो मलेशिया में हुआ था। 2018 में स्पेन में उन्हें वर्ल्ड अंडर-12 चैंपियन से नवाजा गया। इस कैटेगरी में वर्ल्ड के तीसरे सबसे कम उम्र के चेस ग्रैंडमास्टर बने। 2021- जूनियस बेयर चैलेंजर्स चेस टूर 14/19 प्वाइंट्स से जीता। 2022 के अगस्त महीने में 44वें चेस ओलंपियाड में दुनिया के नंबर-1 रैंक के अमेरिका के खिलाड़ी को हराया। फिर अक्टूबर महीने में मैग्नस कार्लसन (वर्ल्ड नंबर-1 चेस प्लेयर) को हराने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। 2023- 2700 से ऊपर हाइएस्ट फाइड रेटिंग पाने वाले यंगेस्ट प्लेयर बने। सितंबर तक उन्होंने भारत के चेस मास्टर विश्वनाथन आनंद से आगे निकल गए। ये मास्टर आनंद के 37 साल के चेस करियर में पहली बार हुआ था। उसके बाद तो गुकेश ने कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखा और निरंतर आगे निकलते गए। नतीजतन आज वे दुनिया में शतरंज के बादशाह बन चुके हैं।


# मुस्लिम बहुल सीटों पर सपा की हार के बाद आजम की नाराजगी



अजय कुमार

जेल जाने से पहले तक समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री आजम खान की गिनती यूपी के बड़े मुस्लिम नेताओं के रूप में होती थी। मुलायम सिंह के वह सबसे खास हुआ करते थे। आजम के सहारे ही मुलायम सिंह मुस्लिम वोटरों को लुभाते थे। खासकर पश्चिमी यूपी में तो सपा के लिये आजम की राह पर चलना ही सबसे आसान तरीका समझा जाता था। सत्ता में रहते अखिलेश ने भी आजम को महत्व दिया, लेकिन योगी सरकार के आने के बाद आजम खान पर जब मुसीबतों का पहाड़ टूटा तो अखिलेश ने आजम को एक तरह से अकेला ही छोड दिया। जब तमाम नेता आजम से मिलने जेल पहुच जाया करते थे तब अखिलेश के मन में सीतापुर जेल में बंद अपने इस मुस्लिम नेता के प्रति वफादारी का भाव नहीं दिखा। यहां तक की अखिलेश द्वारा आजम के गृह जिला रामपुर के बारे में भी सियासी फैसले में उन्हें अनदेखा किया जाने लगा। इतना सब होते हुए भी आजम ने अखिलेश के खिलाफ कभी सार्वजनिक मंच से कोई बयान तो नहीं दिया, लेकिन दोनों नेताओं के बीच दूरियां सबको दिखने लगी थीं। जिस तरह से रामपुर में लोकसभा का टिकट आजम की बिना मर्जी के दिया गया और संभल के सांसद पर एफआईआर को सपा ने प्रमुखता दी, उससे कहीं न कहीं आजम का सब्र जबाव दे गया। क्योंकि अखिलेश की अनदेखी ने आजम के गृह जनपद रामपुर के साथ-साथ पश्चिमी यूपी में उनके सियासी अस्तित्व पर संकट खड़ा कर दिया है।उत्तर प्रदेश की नौ विधान सभा सीटों पर हुए उपचुनाव में जिस तरह से समाजवादी पार्टी को मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर हार का सामना करना पड़ा था, उसके बाद आजम की नाराजगी सपा प्रमुख के लिये मुसीबत का सबब बन सकता है। मुसलमानों को बीच अपनी सियासी जमीन खिसकती देख आजम ने अब दबाव की राजनीति शुरू कर दी है। कहा जा रहा है कि यदि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जेल में बंद अपने इस नेता को महत्व नहीं दिया तो अब आजम खान नई राह भी पकड़ सकते हैं, लेकिन आजम के लिये अलग होने की राह इतनी आसान नहीं है।क्योंकि इस बढ़बोले नेता को कोई बड़ी पार्टी अपने साथ नहीं लेना चाहती है। वैसे भी संभल पर सपा और कांग्रेस के बीच सियासी दरार पड़ती नजर आ रही है तो जेल में सजा काट रहे आजम खां ने इंडिया गठबंधन को कठघरे में खड़ा कर दिया है। रामपुर के सपा जिला अध्यक्ष अजय सागर ने आजम के सियासी संदेश को पत्र के जरिये लोगों के सामने रखा है। आजम के हवाले से पत्र में इंडिया गठबंधन पर मुस्लिमों की अनदेखी का आरोप लगाया गया है। कहा है कि मुसलमानों पर इंडिया गठबंधन को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी, अन्यथा मुस्लिमों को भविष्य पर विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।आजम ने यह भी कहा कि रामपुर में हुए जुल्म और बर्बादी का मुद्दा संसद में उतनी ही मजबूती से उठाया जाना चाहिए, जितना संभल का मुद्दा उठाया गया। रामपुर के जुल्म और बर्बादी पर इंडिया गठबंधन खामोशी तमाशाई बना रहा और मुस्लिम लीडरशिप को मिटाने का काम करता रहा।

# वन नेशन वन इलेक्शन: मूर्त रूप लेने को तैयार



अशोक भाटिया

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को दो बिल पेश करने को मंजूरी दे दी। इसमें एक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल एक साथ करने के लिए और दूसरा दिल्ली और अन्य केंद्र शासित प्रदेश विधानसभाओं के लिए समान संशोधन करने के लिए था। वन नेशन वन इलेक्शन बिल को आखिरकार केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी मिल गई। सूत्रों के अनुसार विधेयकों को मौजूदा शीतकालीन सत्र में पेश किए जाने की संभावना है । ज्ञात हो कि वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए बनाई गई पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी ने गुरुवार (14 मार्च) को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी । यह 18,626 पन्नों की है। इसमें कहा गया है- पैनल का गठन 2 सितंबर 2023 को किया गया था। यह रिपोर्ट स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च का नतीजा है।रिपोर्ट के मुताबिक, 'एक देश, एक चुनाव' पर कमेटी ने 62 पार्टियों से संपर्क साधा था। इनमें से 47 ने जवाब दिया। 32 पार्टियो ने एकसाथ चुनाव कराने का समर्थन किया, 15 पार्टियों ने इसका विरोध किया और 15 पार्टियों ने इसका जवाब नहीं दिया। कांग्रेस, AAP, बसपा और CPI-M ने एक देश, एक चुनाव प्रस्ताव का विरोध किया, जबकि भाजपा और नेशनल पीपुल्स पार्टी ने समर्थन किया।हाईकोर्ट के 9 पूर्व मुख्य न्यायाधीशों ने प्रस्ताव का समर्थन किया, जबकि HC के 3 मुख्य न्यायाधीशों ने एक देश, एक चुनाव के प्रस्ताव का विरोध किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाने के प्रबल समर्थक माने जाते हैं। 2019 में प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से अपने भाषण में कहा कि एक साथ चुनाव कराने को लेकर देशभर में बहस चल रही है। यह चर्चा लोकतांत्रिक तरीके से की जानी चाहिए। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के अपने सपने को साकार करने के लिए हमें ऐसे अनेक नए विचार जोड़ने होंगे। गौरतलब है कि 1951 से 1967 के बीच लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। 1951-52 में आम चुनाव और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। इसके बाद 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ हुए थे।1959 में सीपीआई नेतृत्व वाली सरकार को बर्खास्त कर दिया गया था और राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। 1960 में केरल में विशेष राज्य चुनाव हुआ था, जिसके चलते 1962 में राज्य सरकार भंग नहीं हुई थी, जब आम चुनाव हुए थे। 1964 में केरल में दोबारा राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। फिर 1965 में चुनाव हुए थे लेकिन राष्ट्रपति शासन जारी रहा और 1967 तक चला, जिसके चलते केरल विधानसभा का चुनाव एक बार फिर आम चुनाव के साथ हुआ। 1968 और 1969 में कुछ विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने की वजह से पहली बार एक साथ चुनाव होने का चक्र बाधित हुआ था। वहीं, चौथी लोकसभा भी समय से पहले भंग कर दी गई थी, जिसकी वजह से 1971 में नए चुनाव हुए। बता दें कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं को सामान्य कार्यकाल से पहले भी भंग किया जा सकता है।2019 के लोकसभा चुनाव के बाद अब तक कई राज्यों में विधानसभा के चुनाव हो चुके हैं। अप्रैल-मई 2019 से शुरू होकर अब तक कई राज्यों के चुनाव हुए। वर्तमान में हर साल करीब 5-7 राज्यों के विधानसभा चुनाव होते हैं। बार-बार चुनाव होने की वजह से सार्वजनिक जीवन बाधित होता है। 2015 में कार्मिक, सार्वजनिक शिकायत, कानून और न्याय पर संसदीय स्थायी समिति ने कहा था कि बार-बार चुनाव होने से सामान्य सार्वजनिक जीवन में व्यवधान होता है और जरूरी सेवाओं के कामकाज पर असर पड़ता है। राजनीतिक रैलियां करने से सड़क यातायात बाधित होता है और ध्वनि प्रदूषण भी होता है।मौजूदी चुनावी चक्र में शामिल प्रमुख प्रतिकूल प्रभाव चुनाव आयोग की ओर से आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण विकास कार्यों और शासन पर असर डालते हैं। बार-बार चुनाव होने के कारण सरकार और अन्य हितधारकों को बड़े पैमाने पर खर्च करना पड़ता है। काफी लंबे समय तक सुरक्षा बलों की तैनाती करनी पड़ती है। आलोचकों की राय में एक साथ चुनाव कराने का विचार राजनीति से प्रेरित है। एक साथ चुनाव कराने से मतदाताओं का व्यवहार इस रूप में प्रभावित हो सकता है कि वे राज्य के चुनाव के लिए भी राष्ट्रीय मुद्दों पर मतदान करने लगेंगे। इससे संभावना है कि बड़ी राष्ट्रीय पार्टियां लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनावों में जीत हासिल करें। इससे क्षेत्रीय पार्टियों के हाशिए पर चले जाने की आशंका है जो अक्सर स्थानीय हितों का प्रतिनिधित्व करती हैं।कुछ आलोचकों का मानना है कि प्रत्येक 5 साल में एक से ज्यादा बार मतदाताओं का सामना करने से नेताओं की जवाबदेही बढ़ती है और वे सतर्क रहते हैं। कुछ राजनीतिक दलों और 2015 में कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर संसदीय स्थायी समिति ने एक बार में कराए जाने वाले चुनाव का समर्थन किया था। एआईएडीएमके ने गहन विचार-विमर्श के साथ वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन किया था। असम गण परिषद का कहना था कि इससे छोटी पार्टियों पर वित्तीय बोझ कम होगा। आईयूएमएल के मुताबिक ऐसा करने से समय की बचत होगी। डीएमडीके ने लोकसभा और विधानसभाओं के निश्चित कार्यकाल वाले विचार का समर्थन किया। वहीं, शिरोमणि अकाली दल ने इस विचार का समर्थन किया लेकिन कहा कि त्रिशंकु विधानसभा होने पर स्पष्टता की जरूरत है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र के फैसले का कड़ा विरोध किया है । ममता बनर्जी ने आज दोपहर एक्स हैंडल पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विशेषज्ञों और विपक्षी नेताओं द्वारा उठाई गई हर जायज चिंता को नजरअंदाज करते हुए असंवैधानिक और संघीय-विरोधी एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक को अपना रास्ता बना लिया है। कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 'एक देश, एक चुनाव' व्यवस्था लागू करने संबंधी विधेयक को मंजूरी दिये जाने के बाद बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि सरकार चुनावी शुचिता पर उठ रहे सवालों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा लिखे गए पत्र का हवाला देते हुए कहा कि पार्टी के रुख में कुछ बदलाव नहीं हुआ है। खरगे ने समिति को इस साल 17 जनवरी को पत्र लिखकर 'एक देश, एक चुनाव' के विचार का पुरजोर विरोध किया था। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने बृहस्पतिवार को कहा कि पहले भी उनकी पार्टी ने चुनाव, चुनावी प्रणाली और चुनावी शुचिता से संबंधित कई सवाल उठाए हैं। गौरतलब है कि संविधान का अनुच्छेद 83 संसद के दोनों सदनों के कार्यकाल का प्रावधान करता है। अनुच्छेद 83(2) लोकसभा के लिए इसकी पहली बैठक की तारीख से पांच साल के कार्यकाल का प्रावधान करता है, जब तक कि इसे पहले भंग न किया जाए।


अनुच्छेद 172 (1) राज्य विधानसभा के लिए उसकी पहली बैठक की तारीख से पांच साल के कार्यकाल का प्रावधान करता है।क्या लोकसभा और राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है? इसका जवाब है कि आपातकालीन स्थिति को छोड़कर किसी भी कीमत पर सदन का कार्यकाल बढ़ाया नहीं जा सकता है लेकिन इसे इसके कार्यकाल की समाप्ति से पहले भंग किया जा सकता है। एक साथ चुनाव पर चुनाव आयोग ने पहली बार 1983 में सुझाव दिया था। उस वर्ष प्रकाशित भारत के चुनाव आयोग की पहली वार्षिक रिपोर्ट में इसका विचार आया था। विधि आयोग की ओर से 1999 में इसका विचार आया था। 1999 में न्यायमूर्ति बीपी जीवन रेड्डी की अध्यक्षता में भारतीय विधि आयोग ने चुनावी कानूनों के सुधार पर अपनी 170वीं रिपोर्ट पेश की थी। इसने चुनाव सुधारों के एक भाग के रूप में एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की थी।

# पत्नी से पीड़ित की आत्महत्या पर उठते सवाल

राजेश कुमार पासी

बेंगलुरू में कार्यरत एक एआई इंजीनियर अतुल सुभाष ने अपनी पत्नी निकिता सिंघानिया की कानूनी प्रताड़ना से तंग आकर मौत को गले लगा लिया । उसने अपनी मौत से पहले एक डेढ़ घंटे का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में जारी कर दिया । इसके अलावा उसने एक 24 पेज का सुसाइड नोट भी लिख कर छोड़ा है । इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह व्यक्ति कितनी यातना और भावनात्मक पीड़ा से गुजरा होगा । आत्महत्या का मनोविज्ञान कहता है कि आत्महत्या करने वाले व्यक्ति की मनोदशा के सिर्फ कुछ मिनट ऐसे होते हैं जब वो मरने का फैसला करता है । अगर उन क्षणों में उसे समझा दिया जाये तो उसका फैसला बदल जाता है लेकिन यह व्यक्ति डेढ़ घंटे का वीडियो बनाता है और 24 पेज का सुसाइड नोट लिखता है । इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वो न्यायिक व्यवस्था से कितना निराश और हताश हो चुका था । इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि उसकी पत्नी से उसे कितना तंग किया होगा जो उसने मजबूरी ने सोच समझ कर ऐसा कदम उठाया । सोशल मीडिया में उसका वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने वैवाहिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करने शुरू कर दिये हैं । यह विमर्श चलाने की कोशिश की जाने लगी है कि महिलाओं द्वारा पुरूषों को जबरन फंसाया जा रहा है और उनके पैसे से महिलाएं ऐश कर रही हैं । इसे एक बिजनेस मॉडल का नाम दिया जाने लगा है । यह कहा जा रहा है कि पुरूषों की कोई सुनने वाला नहीं है इसलिए पुरूषों की आत्महत्या दर महिलाओं के मुकाबले ढाई गुना ज्यादा है । मृतक अतुल सुभाष ने वीडियो में कहा है कि अगर मुझे न्याय नहीं मिलता है तो मेरी अस्थियों को गटर में बहा देना । मुझे न्याय मिलता है तो ही मेरी अस्थियों का विसर्जन गंगा में किया जाए । इसके अलावा उसने यह भी कहा है कि भारत में पुरुषों की जिन्दगी गटर बन चुकी है । उसके इस बयान को सोशल मीडिया में जबरदस्त तरीके से प्रचारित किया गया है । बेंगलुरू में कार्यरत इस इंजीनियर की शादी जौनपुर निवासी निकिता सिंघानिया से 2019 में हुई थी । 2021 में एक बच्चे के साथ उसकी पत्नी ने उसे छोड़ दिया और अलग रहने लगी । अलग रहते हुए पत्नी ने उससे 40 हजार प्रति माह मेंटेनेंस की मांग की थी. इसके अलावा वो अपने बच्चे के लिए भी 2-4 लाख रुपये प्रतिमाह की डिमांड कर रही थी । मृतक ने आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी ने जौनपुर से उस पर मुकदमा दायर किया था । उसने पहले उससे मामला खत्म करने के लिए एक करोड़ रुपये की मांग की और फिर बाद में तीन करोड़ रुपये मांगने लगी । इसके अलावा मामले की सुनवाई कर रही जज भी उससे मामला खत्म करने के लिए पांच लाख रुपये की मांग कर रही थी । उसे बार-बार पेशी पर बुलाया जा रहा था जिसके लिए उसे बार-बार बेंगलुरू से जौनपुर आना-जाना पड़ता था । अतुल सुभाष ने अपने पत्र में लिखा है कि एक बार उन्होंने अपनी पत्नी और सास से कहा था कि ऐसे मामलों से तंग आकर पुरूष आत्महत्या कर लेते हैं तो उन्होंने उसे कहा था कि वो कब मरने जा रहा है । सुभाष ने कहा कि वो मर गया था वो क्या करेंगी तो उन्होंने कहा कि उसके मरने के बाद उसका सारा पैसा उनको मिल जायेगा । इसके बाद सुभाष ने पूरी योजना बनाकर आत्महत्या की है । उसने यह सोचकर आत्महत्या की है कि उसके मरने के बाद उसके साथ न्याय होगा । अभी कानून उसकी बिल्कुल नहीं सुन रहा है लेकिन मरने के बाद उसकी बात सुनी जायेगी । देखा जाये तो मृतक कानून से बिल्कुल निराश हो चुका था लेकिन उसे उम्मीद थी कि उसकी मौत से कानून सुनवाई के लिए मजबूर होगा । यही सोचकर उसने अपना वीडियो और पत्र सोशल मीडिया में जारी किया है । सुभाष की आत्महत्या ने आईपीसी की धारा 498ए को हथियार बनाकर पुरूषों को प्रताड़ित करने की बात साबित कर दी है । 10 दिसम्बर को सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐसा ही मामला खारिज कर दिया है और कहा है कि धारा 498ए पत्नी और उसके परिजनों के लिए बदला लेने का हथियार बन गई है । अब सोशल मीडिया में यह धारा खत्म करने की मांग की जा रही है । यह सच है कि भारत में पुरूषों की आत्महत्या दर महिलाओं के मुकाबले लगभग ढाई गुना है । एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार 2022 में 1,22,724 पुरुषों ने आत्महत्या की है जबकि आत्महत्या करने वाली महिलाओं की संख्या 48,172 है । इस तरह पुरूषों की आत्महत्या दर 72 प्रतिशत है जबकि महिलाओं की आत्महत्या दर 28 प्रतिशत है । दूसरी तरफ आत्महत्या करने वाले पुरुषों में विवाहित और अविवाहित पुरूषों की बात करें तो इनका औसत लगभग बराबर है । इसके अलावा पारिवारिक समस्याओं से तंग आकर मरने वाले पुरुषों का औसत 31.7 प्रतिशत है । वैवाहिक समस्याओं से पीड़ित आत्महत्या करने वाले पुरूषों का औसत 4.8 है । इस तरह देखा जाये तो वैवाहिक संबंधों के कारण सिर्फ 4.8 प्रतिशत पुरुषों ने आत्महत्या की है जबकि परिवार से तंग आकर मरने वाले पुरुष 31.7 प्रतिशत हैं । इसलिए पुरुषों में बढ़ती आत्महत्या कर दर के लिए न तो विवाह को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है और न ही पत्नियों के उत्पीड़न को दोष दिया जा सकता है । मेरा मानना है कि इस घटना की आड़ में वैवाहिक संस्था को बदनाम करने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए । इस सच को हम सभी जानते हैं कि कानूनों को महिलाओं के पक्ष में बनाया गया है क्योंकि सदियों से महिलाओं का उत्पीड़न होता आ रहा है । यह सच है कि धारा 498 ए का दुरुपयोग होता है लेकिन कानून के दुरुपयोग को देखते हुए उसे खत्म करने की मांग करना उचित नहीं है । जहां इस कानून का दुरुपयोग हो रहा है तो दूसरी तरफ इस कानून के होते हुए भी महिलाओं का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ है । हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जब तक यह कानून नहीं था जब तक दहेज के कारण महिलाओं का उत्पीड़न बहुत ज्यादा हो रहा था और कानून बनने के बाद भी यह पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है । इस मामले में महिला जज ने पीड़ित की बात नहीं सुनी लेकिन यह पूरा सच नहीं है । वास्तव में आज पुलिस और अदालत इस कानून के दुरुपयोग से परिचित हैं इसलिए मामला सामने आने पर पुरुष की बात भी सुनते हैं । इस कानून को लेकर अदालतों द्वारा कई बार सवाल खड़े किये गये हैं । मेरा मानना है कि इस कानून में सुधार की बहुत जरूरत है । इस कानून को खत्म नहीं किया जाना चाहिए लेकिन पुरूषों के खिलाफ कार्यवाही सिर्फ महिला की शिकायत के आधार पर नहीं होनी चाहिए ।

# प्यार अंधा होता है



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

कहते हैं प्यार अंधा होता है। ऐसा लगता है मानो प्यार कोई कुंठित दृष्टिहीन देवता हो, जो गलती से गलत व्यक्ति पर तीर चला देता है। यह बयान सुनकर दिल करता है कि उसे पकड़कर पूछा जाए, भाई साहब, आखिर किसने बताया तुम्हें कि प्यार अंधा है? सच तो यह है कि प्यार अब इतना अंधा नहीं रहा। आधुनिक युग में प्यार ने आंखों पर से पट्टी उतार दी है और वह अब सीधा सीसीटीवी कैमरे की तरह हर चीज को देखता है। पहले प्यार की परिभाषा अलग हुआ करती थी - आंखें मिलीं, दिल धड़का और बस प्यार हो गया। लेकिन अब? अब प्यार होता है, लेकिन बैंक बैलेंस, धर्म, जाति, हैसियत, और सोशल मीडिया फॉलोअर्स देखकर। प्यार अब 'अंधा' नहीं बल्कि 'आंखों वाला' हो गया है। और आंखें भी ऐसी कि माइनस पॉवर वाले चश्मे से नहीं, बल्कि एचडी विजन से सब कुछ साफ-साफ देखता है। जैसे ही कोई सामने आता है, प्यार तुरंत उसके कपड़ों के ब्रांड, घड़ी की कीमत, और मोबाइल मॉडल का निरीक्षण कर लेता है। अगर सामने वाले के पास आईफोन 16 प्रो है, तो दिल एक बार ज़रूर धड़कता है। वरना एंड्रॉइड वाले लोग तो सिर्फ 'फ्रेंडज़ोन' में ही रह जाते हैं। प्यार अब धर्म और जाति देखकर होता है। प्यार अंधा होता था, जब लोग मंदिर-मस्जिद की दहलीज पर जाकर प्रणय निवेदन कर लेते थे। पर अब? तुम किस जाति के हो? तुम्हारे घर में कितने तोले सोना है? क्या तुम्हारे मम्मी-पापा रिश्ते के लिए तैयार होंगे? यह सवाल पूछे बिना कोई भी आई लव यू बोलने की हिम्मत नहीं करता। आज के युग में प्यार फेसबुक, इंस्टाग्राम, और स्नैपचैट पर बसता है। प्यार का नया मंत्र है, तुम्हारे इंस्टाग्राम फॉलोअर्स कितने हैं? अगर आपके पास 10के फॉलोअर्स नहीं हैं, तो प्यार करने का हक ही नहीं मिलता। पहले लोग गज़ल सुनकर प्यार करते थे, अब रील देखकर। प्यार में अब दिल से ज्यादा जेब भारी होनी चाहिए। तुमसे शादी करूंगी, लेकिन तुम्हारी सैलरी कितनी है? यह सवाल आज के प्यार का सटीक प्रतिबिंब है। प्यार अब सिर्फ प्रेम नहीं, बल्कि पैसों का निवेश बन गया है। प्यार में हैसियत की यह अजीबोगरीब कैलकुलेशन देखकर कभी-कभी लगता है कि प्यार अब मैनेजमेंट का प्रोजेक्ट बन गया है। अगर गाड़ी बीएमडब्ल्यू है और बंगला शहर के पॉश इलाके में है, तो प्यार करने की संभावना बढ़ जाती है। नहीं तो प्यार वही पुराना गाना गाता है, तुम्हारे प्यार में मैं सबकुछ छोड़ सकता हूं, लेकिन ईएमआई नहीं। प्यार अंधा नहीं, बल्कि धर्म-निरपेक्ष होने का ढोंग करने लगा है। प्यार मजहब नहीं देखता कहने वाले लोग भी शादी के लिए अपने-अपने धर्म की चौखट पर खड़े हो जाते हैं। जब बात शादी की आती है, तो प्यार गुपचुप तरीके से धर्म, जाति, और संस्कार की चादर ओढ़ लेता है। असल में, प्यार अंधा होता है कहना खुद को और समाज को धोखा देने जैसा है।

# ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता जरूरी



योगेश कुमार गोयल

ऊर्जा मंत्रालय के अधीनस्थ ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा ऊर्जा दक्षता तथा संरक्षण में भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिवर्ष 14 दिसम्बर को 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' का आयोजन एक विशेष थीम के साथ किया जाता है। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस की इस वर्ष की थीम है 'स्थायित्व को बढ़ावा देनाः हर वाट मायने रखता है'। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा वर्ष 2001 में देश में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम लागू किया गया था। दरअसल दुनियाभर में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या तेजी से बढ़ी है और उसी के अनुरूप ऊर्जा की खपत भी निरन्तर बढ़ रही है लेकिन दूसरी ओर जिस तेजी से ऊर्जा की मांग बढ़ रही है, उससे भविष्य में परम्परागत ऊर्जा संसाधनों के नष्ट होने की आशंका बढ़ने लगी है। अगर ऐसा होता है तो मानव सभ्यता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाएगा। यही कारण है कि भविष्य में उपयोग हेतु ऊर्जा के स्रोतों को बचाने के लिए विश्वभर में ऊर्जा संरक्षण की ओर विशेष ध्यान देते हुए इसके प्रतिस्थापन के लिए अन्य संसाधनों को विकसित करने की जिम्मेदारी बढ़ गई है। ऊर्जा के अपव्यय को कम करने, ऊर्जा बचाने और इसके संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए ही देश में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ कुछ लक्ष्यों तथा उद्देश्यों को मद्देनजर रखते हुए लोगों के बीच इन्हें अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए मनाया जाता है। वास्तव में इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा के अनावश्यक उपयोग को न्यूनतम करते हुए लोगों को मानवता के सुखद भविष्य के लिए ऊर्जा की बचत के लिए प्रेरित करना ही है। विद्युत मंत्रालय द्वारा देश में ऊर्जा संरक्षण की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए शुरू किया गया 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान' एक राष्ट्रीय जागरूकता अभियान है। देश में ऊर्जा संरक्षण तथा कुशलता को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 1977 में केन्द्र सरकार द्वारा पैट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान एसोसिएशन का गठन किया गया था। ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में आम जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए वर्ष 2001 में एक अन्य संगठन 'ऊर्जा दक्षता ब्यूरो' स्थापित किया गया। ब्यूरो का कहना है कि प्रत्येक व्यक्ति छोटे-छोटे कदम उठाकर अपने घर अथवा कार्यालय में लाईट, पंखे, हीटर, कूलर, एसी तथा बिजली के अन्य किसी भी उपकरण के अनावश्यक उपयोग पर नियंत्रण करते हुए ऊर्जा की बचत कर सकता है। अपनी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से उल्लेख किया है कि किस प्रकार छोटे-छोटे स्तर पर ऊर्जा संरक्षण के लिए कदम उठाकर भी प्रत्येक नागरिक देश के राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान में बहुत बड़ी मदद दे सकता है और इस प्रकार बड़ी मात्रा में ऊर्जा संरक्षण किया जा सकता है। अगर ऐसे ही कुछ छोटे उपायों का उल्लेख किया जाए तो पुराने बल्बों के स्थान पर सीएफएल या एलईडी बल्बों का इस्तेमाल किया जाए। आई.एस.आई. चिन्हित विद्युत उपकरणों का ही उपयोग करें। यथासंभव दिन के समय सूर्य की रोशनी का अधिकतम उपयोग किया जाए और जरूरत न होने पर लाइटें, पंखे, कूलर, ए.सी., हीटर, गीजर इत्यादि विद्युत उपकरण बंद रखें। खाना पकाने के लिए बिजली के उपकरणों के बजाय सोलर कुकर और पानी गर्म करने के लिए बिजली के गीजर के बजाय सोलर वाटर हीटर के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए।

भवन निर्माण के समय प्लाट के चारों ओर वृक्ष लगाए जाएं तो प्रचण्ड गर्मी में भी भवन गर्म होने से बचेंगे और कूलर, एसी इत्यादि की जरूरत कम होगी। मकानों या कार्यालयों में दीवारों पर हल्के रंगों के प्रयोग से कम रोशनी वाले बल्बों से भी कमरे में पर्याप्त रोशनी हो सकती है। इससे न केवल ऊर्जा संरक्षण अभियान में सहभागी बनकर हम भविष्य के लिए ऊर्जा बचाने में मददगार बनेंगे बल्कि अपना बिजली बिल भी सीमित रख सकेंगे। सार्वजनिक स्थानों पर सौर लाइटों की व्यवस्था होनी चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार कार्यस्थल पर दिन के समय प्राकृतिक रोशनी में कार्य करने वाले लोगों की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है और ऊर्जा की खपत में अपेक्षित कमी आती है, वहीं तेज कृत्रिम रोशनी वाले स्थानों पर काम करने से कर्मियों में तनाव, सिरदर्द, रक्तचाप, थकान जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं देखी जाती हैं और उनकी कार्यकुशलता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए ऑफिस में यदि पर्याप्त प्राकृतिक रोशनी का व्यवस्था हो तो इससे ऊर्जा संरक्षण होने के साथ-साथ कर्मचारियों की कार्यक्षमता भी बढ़ती है।



# खरमास कल से एक माह नहीं गूंजेंगी शहनाई

## धनु राशि में प्रवेश करेंगे भगवान सूर्य

**15 दिसंबर से 14 जनवरी तक मलमास**

**पंडित राजगुरु ने बताया की सूर्य देव दिसंबर महीने में धनु राशि में प्रवेश करेंगे, इससे मलमास लग रहा है। नए साल 2025 में सूर्य देव 14 जनवरी को धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे, तो मकर संक्रांति पड़ेगी। उन्होंने आगे बताया कि 15 दिसंबर से 14 जनवरी तक मलमास के दौरान शादी-विवाह आदि कोई भी मांगलिक कार्य नहीं किया जाता है। किसी भी नए कार्य की शुरुआत के लिए मलमास अशुभ माना जाता है।**

**15 जनवरी को मांगलिक कार्य होंगे शुरू**

**मकर संक्रांति पर मलमास का समापन होगा। इसके बाद 15 जनवरी को मांगलिक कार्य भी शुरू हो जाएंगे। इस बार 16 से 18 व 21 व 22 जनवरी को अत्यधिक सावे भी हैं। इसके अलावा गृह प्रवेश, मंदिरों में देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के मुहूर्त होंगे। इसके साथ ही यज्ञ, मुंडन संस्कार, गृह आरंभ मुहूर्त आदि हो सकेंगे।**

शहनाइयों की गूंज अब थमने वाली है। भगवान सूर्य 15 दिसंबर से धनु राशि में प्रवेश कर जाएंगे और खरमास प्रारंभ हो जाएगा। इसके साथ ही एक माह के लिए सभी मांगलिक व शुभ कार्य रुक जाएंगे। चिंतक इंस्टीट्यूट ऑफ वैदिक साइंसेज के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. रमेश चिंतक ने बताया कि भचक्र में 12 राशियां होती हैं और एक वर्ष में भगवान सूर्य का सभी बारह राशियों में प्रवेश होता है। एक राशि में एक माह तक उनका निवास व प्रभाव रहता है। जब सूर्य भगवान धनु राशि में जाते हैं तब अन्य राशियों की अपेक्षा उनकी गति व कांति कुछ मंद हो जाती है, क्योंकि इस मास

### ये कार्य रुक जाते

- विवाह या विवाह संबंधित बातचीत
- गृहप्रवेश व भूमि पूजन
- यज्ञोपवीत
- मुंडन व तिलक
- अन्य शुभ व मांगलिक कार्य

में उनके तेज में कमी होती है, इसलिए सभी मांगलिक कार्य निषेध हो जाते हैं।

**इस अवधि में करें दान-पुण्य**

इस बार 15 दिसंबर की रात 10:19 बजे भगवान सूर्य के धनु राशि में प्रवेश के साथ ही खरमास लग जाएगा। 14 जनवरी 2025 को मकर संक्रांति के दिन भगवान सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के साथ ही खरमास की अवधि समाप्त हो जाएगी। खरमास के समय भगवान विष्णु व भगवान शंकर की पूजा करना अत्यंत शुभ माना जाता है। पौराणिक मान्यता है कि दान-पुण्य करने से हमारे अच्छे कर्म बढ़ते हैं और इसका फल हमें मृत्यु के बाद भी मिलता है। खासतौर पर खरमास में जब शुभ काम करने की मनाही होती है तब दान-पुण्य जरूर करना चाहिए। इससे जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

# ये वस्तुएं बनती हैं जीवन में दुर्भाग्य का कारण

## तुरंत इन चीजों को कर दें घर से बाहर

हर वस्तु और व्यक्ति से विशेष तरह की ऊर्जा निकलती है। वस्तु ठीक हो तो उसकी ऊर्जा शुभ होती है। अगर वस्तु खराब स्थिति में हो तो उससे नकारात्मक ऊर्जा निकलती है। ये नकारात्मक ऊर्जा घर के माहौल को खराब करती है। वहीं, कुछ छोटी-छोटी हमारी ही चीजों से दुर्भाग्य पैदा होता रहता है। तो आइए जानते हैं कि घर में कौन कौन सी चीजें दुर्भाग्य का कारण बनती हैं।




**बंद घड़ियां**

घड़ियां आपको जीवन में आगे ले जाती हैं और ये आपके बुरे समय को टाल भी सकती हैं। इसलिए, घर में बंद घड़ियां बिल्कुल ना रखें। इससे आपकी किस्मत एक जगह पर रुक जाएगी। आपका खराब समय समाप्त होने का नाम ही नहीं लेगा।

**बंद ताले**

ताला आपकी किस्मत को खोल भी सकता है और ये ही आपकी किस्मत को बंद भी कर सकता है। घर में भूलकर भी खराब या बंद ताले ना रखें, इससे आपके करियर में रुकावट आएगी। साथ ही, विवाह हो पाना मुश्चिल होता जाएगा।



**खराब या फटे जूते चप्पल**

जूते चप्पल का संबंध हो आपके संघर्ष से होता है। जीवन में संघर्ष को कम करना हो तो जूते चप्पल ठीक रखें। घर में फटे या खराब जूते चप्पल रखने से संघर्ष बढ़ेगा और हर कदम कदम पर मेहनत करनी पड़ेगी। ऐसे जूते चप्पलों को शनिवार को हटा दें या बांट दें।

**फटे और पुराने कपड़े**

कपड़ों का सीधा संबंध आपके भाग्य से होता है। घर में अनुपयोगी या खराब कपड़े हमेशा दुर्भाग्य लाते हैं। ऐसे कपड़ों को हटा देना या बांट देना ही बेहतर होता है।



**घड़ी उपहार में क्यों न दें**

खराब समय वाले को घड़ी देने से उसका सही समय हो जाएगा। घड़ी उसी व्यक्ति को दीजिए जो आपके परिवार का हो या करीबी हो।

# वास्तु के अनुसार क्या है घर का सही स्ट्रक्चर?

## घर को स्वर्ग बना सकती हैं ये 4 बातें



शास्त्र में घर की मुख्य दिशा का ध्यान जरूर दें। सूर्य के प्रकाश का ध्यान दें। घर के मुखिया के साथ घर के वास्तु का तालमेल देख लें।

घर में अगर कोई गड़बड़ी है तो उसे रंगों के माध्यम से ठीक करें।

घर के पूजा स्थान और सीढ़ी का विशेष ध्यान दें। घर में नियमित रूप से पूजा उपासना करें।

वास्तु शास्त्र किसी निर्माण से सम्बंधित चीजों के शुभ-अशुभ फलों को बताता है। यदि किसी व्यक्ति के जीवन में कोई समस्या चल रही है तो वास्तु दोष इसका कारण हो सकता है। वास्तु शास्त्र में घर या व्यक्ति से जुड़ी समस्याओं के कारण और निवारण भी बताए गए हैं। यह भूमि, दिशाओं और ऊर्जा के सिद्धांत पर कार्य करता है। इसमें भी पांच तत्वों को संतुलित करने का सिद्धांत कार्य करता है। यह एक प्राचीन विद्या है, जिसको वर्तमान आधार पर समझना आवश्यक है।

वास्तु में किन सावधानियों को समझना चाहिए? वास्तु शास्त्र को समझने के लिए कुंडली का अध्ययन भी करना चाहिए, तभी जाकर इसके सही परिणाम मिलेंगे। भूमि पर बने मकान और फ्लैट में अंतर को भी समझना भी जरूरी है। दोनों के वास्तु के सिद्धांत बहुत अलग हैं। इसके अलावा घर के रंग पर भी ध्यान देना होगा। साथ ही, साथ घर में रहने वाले लोग कैसे हैं, इसे समझना भी जरूरी है भूमि पर बने घर में रखें इन बातों का ख्याल वास्तु

**फ्लैट के वास्तु शास्त्र में इन बातों पर दें ध्यान**

फ्लैट में दिशा का कोई मतलब नहीं होता है। इसमें सूर्य के प्रकाश और हवा का ध्यान दें। घर के रंगों का भी विशेष ध्यान दें। घर में पूजा स्थान को जागृत रखें। घर के प्रवेश द्वार को अच्छा बनाएं।

**क्या है घर का सही स्ट्रक्चर?**

**रसोई:** वास्तु के अनुसार घर की रसोई हमेशा दक्षिण-पूर्व दिशा में होनी चाहिए। ऐसे घर में कभी अन्न-धन की कमी नहीं होती है।

**शयनकक्ष:** घर का शयनकक्ष यानी बेडरूम दक्षिण-पश्चिम दिशा में होना चाहिए। इससे दांपत्य जीवन में कभी खटास नहीं पड़ती है।

**पूजा घर:** घर का पूजा स्थल या मंदिर उत्तर-पूर्व दिशा में बनाना उत्तम होता है। ऐसे घर पर हमेशा ईश्वर की कृपा रहती है।

**मुख्य द्वार:** घर का मुख्य द्वार हमेशा उत्तर, पूर्व या उत्तर-पूर्व दिशा में बनवाना उचित होती है। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

# 'स' अक्षर से जिन लोगों का नाम शुरू होता है शनि देव से होता है गहरा नाता

न्याय के देवता शनि देव महाराज का 'स' अक्षर से गहरा संबंध है। क्यों 'स' अक्षर शनि देव को अति प्रिय है, जानते हैं इसके पीछे की वजह।




**शनि देव**

जिन लोगों का नाम स अक्षर से शुरु होता है। उन लोगों की राशि कुंभ होती है। स, सा, सू, से , सो इन अक्षरों से शुरु होने वाले नामों पर शनि देव की कृपा होती है। जिन लोगों का नाम स अक्षर से शुरु होता है। उन लोगों की राशि कुंभ होती है। स, सा, सू, से , सो इन अक्षरों से शुरु होने वाले नामों पर शनि देव की कृपा होती है। कुंभ राशि के स्वामी शनि देव हैं। न्याय के देवता शनि देव लोगों को उनके कर्म के अनुसार फल प्रदान करते हैं। शनि ग्रह धैर्य, कर्म, और अनुशासन के कारक हैं।

कुंभ राशि के स्वामी शनि देव हैं। न्याय के देवता शनि देव लोगों को उनके कर्म के अनुसार फल प्रदान करते हैं। शनि ग्रह धैर्य, कर्म, और अनुशासन के कारक हैं,

जिन लोगों का नाम स यानि S अक्षर से शुरु होता है वो लोग अनुशासन प्रिय होते हैं। ऐसे लोग बहुत मेहनती और कर्मठ होते हैं। जिस काम को करने के ठान लें उसे पूरा करके छोड़ते हैं।

स अक्षर से जिन लोगों का नाम शुरु होता है उन लोगों को शनि देव की तरह सत्य से प्रेम होता है। ऐसे लोग झूठ का साथ नहीं देते है और ना ही झूठ बोलने वाले लोग ऐसे लोगों को पसंद होते हैं।

शनि का स अक्षर से गहरा नाता है। ऐसे लोग बहुत मिलनसार होते है। इनका स्वभाव हंसमुख होता है।

# योग और प्राणायाम के जन्मदाता है भगवान दत्तात्रेय

**तिथि और शुभ मुहूर्त**

**पंचांग के अनुसार, मार्गशीर्ष माह की पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 14 दिसंबर, 2024 को शाम 4 बजकर 58 मिनट पर होगी। वहीं, इस तिथि का समापन 15 दिसंबर, 2024 दोपहर 2 बजकर 31 मिनट पर होगी। पंचांग को देखते हुए इस साल दत्तात्रेय जयंती 14 दिसंबर को मनाई जाएगी।**



**क्या है दत्तात्रेय जयंती पूजा विधि**

दत्तात्रेय जयंती पर सुबह जल्दी उठकर पवित्र स्नान करें। पूजा कक्ष को साफ करें। एक चौकी पर भगवान दत्तात्रेय की मूर्ति स्थापित करें। उन्हें गंगाजल से स्नान करवाएं। सफेद चंदन का तिलक लगाएं। उन्हें फूल माला और मिठाई आदि अर्पित करें।

वहीं, जिनके पास दत्तात्रेय जी की मूर्ति नहीं है, वे भगवान विष्णु की मूर्ति स्थापित कर सकते हैं, क्योंकि कुछ लोगों को यह मानना है कि वह भगवान विष्णु के अवतार थे इसलिए भक्त भगवान विष्णु की मूर्ति की पूजा कर सकते हैं।

साथ ही, उन्हें तुलसी-पत्र और पंचामृत जरूर अर्पित करें, जो साधक इस दिन उपवास का पालन करते हैं, उन्हें व्रत कथा का पाठ जरूर करना चाहिए।

साथ ही अंत में आरती करनी चाहिए। इस दिन गलती से भी तामसिक चीजों का उपयोग न करें। पूजा में हुई गलतियों के लिए क्षमा याचना करें। जरूरतमंदों में कुछ दान जरूर करें।

**दत्तात्रेय जयंती का महत्व**

शास्त्रों के अनुसार, भगवान दत्तात्रेय तीन मुख धारण करते हैं। इनके पिता महर्षि अत्रि थे और इनकी माता का नाम अनुसूया था। उनकी तीन भुजाएं और तीन मुख हैं। ऐसा कहा जाता है कि भगवान दत्तात्रेय की पूजा करने से जीवन में सुख समृद्धि बनी रहती है। भगवान दत्तात्रेय ने प्रकृति, मनुष्य और पशु-पक्षी सहित चौबीस गुरुओं का निर्माण किया था।

# साल की आखिरी पूर्णिमा 15 दिसंबर को, स्नान-दान का शुभ मुहूर्त

पूर्णिमा के दिन स्नान-दान करने से धन-धान्य में बरकत आती है। इसके साथ ही व्यक्ति को सभी पापों से छुटकारा मिलता है। तो ऐसे में जान लीजिए कि इस साल की आखिरी पूर्णिमा कब है।

पूर्णिमा की तिथि अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। पूर्णिमा के दिन स्नान-दान करने से पुण्यकारी फलों की प्राप्ति होती है। इतना ही नहीं इस दिन व्रत रखकर भगवान सत्यानारायण की पूजा करने औ कथा सुनने से घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। वहीं अगर संभव हो तो पूर्णिमा के दिन गंगा या किसी पवित्र नदी में स्नान करें। ऐसा करने से व्यक्ति को अपने सभी पापों से छुटकारा मिलता है। तो चलिए अब जानते हैं कि साल 2024 की आखिरी पूर्णिमा कब है और स्नान-दान के लिए शुभ मुहूर्त क्या रहेगा।

इस साल की आखिरी पूर्णिमा 15 दिसंबर 2024 को मनाई जाएगी। पंचांग के अनुसार, मार्गशीर्ष माह की पूर्णिमा तिथि का आरंभ 14 दिसंबर को दोपहर 4 बजकर 58 मिनट पर होगा। पूर्णिमा तिथि समाप्त 15 दिसंबर को दोपहर 2 बजकर 31 मिनट पर होगा। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, मार्गशीर्ष पूर्णिमा 15 दिसंबर को ही मनाई जाएगी।

**मार्गशीर्ष पूर्णिमा 2024 स्नान-दान मुहूर्त**

मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन स्नान-दान के लिए ये दो मुहूर्त सबसे उत्तम रहेगा। ब्रह्म मुहूर्त 15 दिसंबर को सुबह 5 बजकर 17 मिनट से सुबह 6 बजकर 12 मिनट तक रहेगा। वहीं अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 56 मिनट से दोपहर 12 बजकर 37 मिनट तक रहेगा। इन दोनों मुहूर्त में आप स्नान-दान कर शुभ और पुण्य फलों की प्राप्ति कर सकते हैं।

**पूर्णिमा का महत्व**

किसी भी पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु की पूजा का खास महत्व है। इसके अलावा मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन चंद्र देव की पूजा का भी विधान है। कहते हैं इसी दिन चंद्रदेव अमृत से परिपूर्ण हुए थे। ऐसे में अगर किसी जातक की कुंडली में चंद्र कमजोर है तो वो पूर्णिमा के दिन चंद्र देव की पूजा करें और मंत्रों जा जाप करें। इसके अलावा सफेद चीजों का दान करें।

# विलेन की भूमिका निभा कर बोर हो गए राहुल देव, किया साउथ इंडस्ट्री का रुख



अभिनेता राहुल देव का दो दशक से ज्यादा फिल्मी करियर है। इस दौरान उन्होंने अपनी दमदार खलनायक की भूमिकाओं के लिए पहचान बनाई। हाल ही में अभिनेता ने अपने बॉलीवुड डेब्यू को याद किया और बताया कि किस तरह सिनेमा में उन्होंने खुद को खलनायक की भूमिकाओं के लिए तैयार किया।

राहुल देव ने साल 2000 में 'चैंपियन' फिल्म से अपनी शुरुआत की, जहां उन्होंने खलनायक की भूमिका अदा की। उन्होंने 'आशिक आवारा पागल दीवाना', 'मास' और अन्य कई फिल्मों में खलनायक के किरदार निभाए। इस दौरान राहुल ने बॉलीवुड में निगेटिव रोल में टाइपकास्ट होने से बचने के लिए दक्षिण भारतीय सिनेमा में अवसरों की खोज करके बदलाव का प्रयास करने की बात स्वीकार की।

**एक ही तरह का किरदार निभाकर बोर हो गए थे राहुल**

राहुल ने अपने शुरूआती दिनों को याद करते हुए कहा, 2000 में विभाजन बहुत साफ था। कलाकारों को अभिनेता नहीं बल्कि नायक और खलनायक कहा जाता था। एक्टिंग स्कूल में, हमें तरह-तरह के तरीके सिखाए जाते हैं, लेकिन जब मैंने उसे व्यावहारिक रूप से लागू किया, तो इसने मेरा नजरिया बदल दिया।" अपने बड़े ब्रेक के बारे में बात करते हुए राहुल देव ने कहा कि अगर आपकी 'चैंपियन' जैसी फिल्म इतनी सफल होती है, आप पुरस्कार जीतते हैं और सनी देओल के सामने एक मजबूत खलनायक की जरूरत होती है, तब यह जरूरी हो जाता है। उन्होंने आगे कहा, मैंने खुद को नकारात्मक भूमिकाओं तक सीमित रखने का विकल्प नहीं चुना। विविधता लाना समझदारी है, नहीं तो यह नीरस हो जाएगा। इसलिए मैंने दक्षिण की ओर जाने की कोशिश की। यह बोरिंग हो रहा था।

हिंदी फिल्मों में खलनायक की शानदार अदाकारी करने के बाद राहुल ने हाल के वर्षों में एक नया मोड़ लिया है, जिसका श्रेय ओटीटी प्लेटफॉर्म को जाता है। उन्होंने कई तरह की भूमिकाएं अदा की। अभिनेता ने 'द टेस्ट केस', 'हूज योर डैडी', 'पॉइजन' 2, 'एलएसडी', 'हंटरः टूटेगा नहीं तोड़ेगा', 'एम्पायर' और 'अधूरा' जैसी वेब सीरीज में प्रमुख भूमिकाएं निभाई हैं।

अभिनेता ने भारत में ओटीटी प्लेटफॉर्म के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने दक्षिण और उत्तर भारतीय फिल्मों के बीच की खाई को पाटने में मदद की है। राहुल ने कहा, दक्षिण और उत्तर का विभाजन एक तरह से खत्म हो गया है। कई लोग पहले दिन 'पुष्पा' देखने गए, भले ही वह तेलुगु में थी और उन्हें भाषा नहीं आती थी। अपनी मातृभाषा के अलावा अन्य फिल्मों के लिए रिसेप्शन बढ़ा है। दर्शक अब बेहतर गुणवत्ता वाली सामग्री की तलाश कर रहे हैं।

# डेटिंग की अफवाहों के बीच साथ नजर आए विजय-तृषा, इस एक्ट्रेस की शादी पर साथ पहुंचे





पिछले कुछ दिनों से दक्षिण भारतीय अभिनेत्री कीर्ति सुरेश की शादी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इस शादी में साउथ के एक्टर विजय थलपति और तृषा कृष्णन भी शामिल हुए। दोनों ही कीर्ति के दोस्त हैं। लेकिन खबर यह है कि दोनों कीर्ति की शादी में साथ में आए थे। इसके बाद से ही इनके रिलेशनशिप में होने की खबर सच होती हुई नजर आ रही है। अब तक इनके रिलेशनिशप में होने की अटकलें सुनने को मिल रही थी।

**एयरपोर्ट पर वायरल हुई तस्वीरें**

कीर्ति की शादी में जाने के लिए विजय और तृषा को एयरपोर्ट पर देखा गया, इनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। साथ ही एक फ्लाइट टिकट (कथित टिकट) भी सामने आई जिसमें विजय और तृषा, विजय के मैनेजर जगदीश के साथ ट्रैवल कर रहे हैं। विजय एक ब्लू शर्ट में दिखे, वहीं तृषा भी एक प्यारी टी शर्ट और ट्राउजर में नजर आईं। कीर्ति की शादी 12 दिसंबर को गोवा में हुई थी। इस शादी में साउथ के कई सितारे भी शामिल हुए थे। जब से विजय और तृषा की फोटो वायरल हुई हैं, तभी से इनके रिलेशनशिप में होने की बात को और हवा मिल गई है। सोशल मीडिया पर कुछ फैंस इस बात से खुश भी नजर आ रहे हैं।

तृषा और विजय लंबे समय से अच्छे दोस्त हैं लेकिन इनकी दोस्ती ऐसी है कि अकसर मीडिया में चर्चा का विषय बनी रहती है। यह दोनों कई फिल्में भी साथ कर चुके हैं। कुछ महीनों पहले तृषा ने विजय के जन्मदिन पर एक पोस्ट भी सोशल मीडिया पर साझा की थी। इसमें उन्होंने विजय को तूफान से भी ज्यादा शांत शख्स कहा था और जन्मदिन की बधाई दी थी। इसके बाद भी सोशल मीडिया पर इनके रिश्ते को लेकर बातें होने लगी थीं।

**तृषा ने कीर्ति को शादी की बधाई दी**

कीर्ति सुरेश की शादी में शामिल होकर तृषा कृष्णन काफी खुश हैं। हाल ही उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पेज पर कीर्ति को शादी की बधाई दी है। कीर्ति की शादी में तृषा कैसी नजर आईं, विजय कैसे दिख रहे थे, यह तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। यह खबर सोशल मीडिया के आधार पर बनाई गई है। अमर उजाला स्वतंत्र रूप से वायरल तस्वीरों और टिकट की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं करता।

# अशनूर ने फिल्म शूटिंग में फिटनेस चैलेंज का सामना किया, बोलीं- चोट लगने से वजन बढ़ गया था



**एक्ट्रेस अशनूर** कौर की फिल्म 'किसको था पता' जल्द ही रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का डायरेक्शन फिल्ममेकर अनुभव सिन्हा की पत्नी, रत्ना सिन्हा ने किया है। अशनूर इससे पहले रणबीर कपूर की 'संजू' और तापसी पन्नू की 'मनमर्जियां' में सपोर्टिंग एक्टर के तौर पर काम कर चुकी हैं। हालांकि, यह उनकी पहली फिल्म बतौर लीड होगी। एक्ट्रेस ने अपने शूटिंग अनुभव और फिटनेस चैलेंज के बारे में खुलकर बात की।

अशनूर ने बताया कि कैसे चोट की वजह से शूटिंग के दौरान उनका वजन बढ़ गया था। वह अपनी फिटनेस के प्रति बहुत सतर्क थीं। उन्होंने कहा, 'मुझे घुटनों में चोट लग गई थी, इसलिए शूटिंग के दौरान मेरी फिटनेस रूटीन रुक गई थी। अगले दिन एक बाइक सीक्वेंस शूट होना था, जो कि स्क्रिप्ट में नहीं था, लेकिन मैंने डायरेक्टर को बताया कि मुझे बाइक चलानी आती है और मैं कर सकती हूं। वह सीन खास तौर पर शामिल किया गया था। फिर अगले दिन ही शूट नहीं हो सका क्योंकि मेरी चोट के कारण मुझे काफी दर्द हो रहा था। मेरी फिटनेस रूटीन भी रुक गई, तो मुझे अपनी डाइट को लेकर और सतर्क होना पड़ा। अगर आप फिल्म देखेंगे तो शायद आपको मेरी फ्लक्टूएटिंग फिजिक नजर आए। कभी ज्यादा वजन दिख रहा था तो कभी नॉर्मल। इसलिए, शूटिंग के दौरान मैं अपने वजन को लेकर काफी जागरूक थी।' जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें इस किरदार के लिए कोई फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन करना पड़ा, तो अशनूर ने कहा, 'ज्यादा समय नहीं मिला, मुझे करना था लेकिन नहीं हो पाया। हमने कोशिश की और बेस्ट किया।'

इन दिनों, अशनूर डेली सोप 'सुमन इंदोरी' में काम कर रही हैं। एक्ट्रेस ने यह भी शेयर किया कि कैसे उन्होंने इस फिल्म के प्रमोशन को प्राथमिकता देने के लिए डेली सोप से ब्रेक लिया और दोनों कामों को बैलेंस करने की कोशिश की।

उन्होंने कहा, 'मुश्किल तो है क्योंकि जाहिर है, शो में मेरा डुप्लिकेट शूट हो रहा है, बॉडी डबल का इस्तेमाल हो रहा है। लोग कहते हैं कि आप दो चीजें एक साथ नहीं कर सकते या एक ही काम कर सकते हैं एक बार में, लेकिन मुझे लगता है कि नहीं, आपको बस उसे बैलेंस करना चाहिए। आप दोनों चीजें कर सकते हैं, बस उसे मैनेज करना होगा और दोनों काम अच्छे से कर सकते हैं।'

फिल्म में किरदार श्रेया के लिए अशनूर ने बताया, 'हमारे वर्कशॉप हुए थे। आपको अपने किरदार के लिए काम करना पड़ता है इससे पहले कि वह स्क्रीन पर आए। मुझे बहुत कम समय मिला, सच कहूं तो, बाकी लोग इस पर महीनों से काम कर रहे थे। मुझे सिर्फ एक हफ्ता मिला, लेकिन उसमें रत्ना मॅम की गाइडेंस और डायरेक्शन, हर विजन को समझने में मदद मिली। यह एक लंबी प्रोसेस थी, जिसे हमने एक हफ्ते में पूरा किया और फ्लोर पर उतर गए।'

# अल्लू अर्जुन स्टारर ने तोड़े शाहरुख खान की फिल्म के रिकॉर्ड, हिंदी बेल्ट में मचाया तहलका





अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' 5 दिसंबर को थिएटर में रिलीज हुई थी और पहले ही दिन फिल्म ने कमाल कर दिया था। फिल्म की ओपनिंग 164 करोड़ से हुई थी और इसी के साथ फिल्म ने रिकॉर्ड कायम किया था। 8 दिन बीत जाने के बाद भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। साउथ की भाषाओं के अलावा इस 'पुष्पा 2' ने हिंदी बेल्ट में भी ताबड़तोड़ कमाई की है। इस फिल्म ने शाहरुख खान की 'जवान' और 'पठान' को भी पछाड़ दिया है।अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर ये फिल्म हिंदी फिल्मों से कई गुना आगे निकल गई है। हिंदी बेल्ट की ऑडियंस को ये फिल्म इतनी पसंद आ रही है कि इसका हर शो हाउसफुल जा रहा है। फिल्म के हिंदी वर्जन ने पहले ही हफ्ते 400 करोड़ का आंकड़ा छू लिया है। शाहरुख खान की सुपरहिट फिल्म 'पठान' भी पहले हफ्ते में इतनी कमाई नहीं कर पाई थी। इस फिल्म ने एक हफ्ते में 351 करोड़ का बिजनेस किया था।

'पुष्पा 2'से पहले जिस फिल्म ने एक हफ्ते में सबसे ज्यादा कमाई की थी वो यश स्टारर 'केजीएफः चैप्टर 2' थी। इस फिल्म ने एक हफ्ते में 268 करोड़ का बिजनेस किया था। मगर अल्लू अर्जुन की फिल्म सबसे आगे निकल गई है, क्योंकि इस फिल्म ने भारत में 726.25 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। रिलीज से पहले ही 'पुष्पा 2' ने 10.65 करोड़ का बिजनेस कर लिया था और फिर ओपनिंग में 164.25 करोड़ कमाकर इस फिल्म ने नया रिकॉर्ड बना दिया। दूसरे दिन फिल्म का कलेक्शन 93.8 करोड़ रहा। तीसरे दिन 119.25 करोड़, चौथे दिन 141.05 करोड़, पांचवें दिन 64.45 करोड़, छठे दिन 51.55 करोड़, सातवें दिन 43.35 करोड़ और आठवें दिन फिल्म ने 37.9 करोड़ का बिजनेस किया।

# अक्षय कुमार की आंख में चोट लगी : हाउसफुल-5 के एक्शन सीक्वेंस शूटिंग में कुछ उछलकर लगा



अक्षय कुमार हाउसफुल 5 की शूटिंग करते वक्त गुरुवार को घायल हो गए। एक्शन सीक्वेंस शूट करते वक्त सेट पर कोई सामान उछलकर उनकी आंख में लगा। आंख पर चोट लगने के तुरंत बाद फिल्म के सेट पर ही आई स्पेशलिस्ट को बुलाया गया। डॉक्टर ने अक्षय की आंख चेक करने के बाद उस पर पट्टी बांध दी। उन्होंने अक्षय को शूट न करने और रेस्ट करने की सलाह दी है। मार्च 2023 में फिल्म बड़े मियां छोटे मियां की शूटिंग के दौरान भी स्कॉटलैंड में एक्शन सीन शूट करते वक्त अक्षय घायल हुए थे।

**हाउसफुल के सेट पर अक्षय को लगी चोट**

फिल्म की शूटिंग आखिरी स्टेज पर है। अक्षय को चोट लगने के कारण फिल्म की शूटिंग थोड़ी देर के लिए रोक दी गई थी। उसके बाद वापस शूट शुरू कर दिया गया। हालांकि, अक्षय के सीन्स की शूटिंग अभी रोक दी गई है।

इन सीन्स को उनकी रिकवरी के बाद ही शूट किया जाएगा। हाउसफुल 5 में अक्षय कुमार के साथ रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, श्रेयस तलपड़े, चंकी पांडे, जैक्लीन फर्नांडीज, नरगिस फाखरी, फरदीन खान, समेत कई कलाकार शामिल हैं। इस फिल्म को तरुण मनसुखानी डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म 6 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# 'सिकंदर' की शूटिंग के दौरान रश्मिका हो गई थीं बीमार

# बोलीं- सलमान खान ने बहुत ख्याल रखा वह जमीन से जुड़े व्यक्ति हैं



रश्मिका मंदाना इन दिनों फिल्म पुष्पा 2 की सक्सेस एन्जॉय कर रही हैं। अब एक्ट्रेस जल्द ही सलमान खान की फिल्म सिकंदर में नजर आएंगी। हाल ही में रश्मिका ने फिल्म की शूटिंग के दौरान का एक किस्सा शेयर किया। उन्होंने बताया कि जब वह सेट पर बीमार पड़ीं, तो सलमान खान ने उनका बहुत ध्यान रखा था।

रश्मिका मंदाना ने कहा, 'सलमान के साथ काम करना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। वह सिंपल और जमीन से जुड़े हुए व्यक्ति हैं। जब हम शूटिंग कर रहे थे और मैं ठीक महसूस नहीं कर रही थी। जैसे ही सलमान को पता चला, तो उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मैं ठीक हूं और क्रू को कहा कि मुझे हेल्दी खाना, गर्म पानी और बाकी सब दिया जाए।'

रश्मिका की मानें तो सलमान खान सच में बहुत ध्यान रखते हैं और सभी को खास महसूस कराते हैं। वह देश के सबसे बड़े स्टार्स में से एक हैं। लेकिन इसके बाद भी वह बहुत ही सिंपल हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रश्मिका मंदाना और सलमान खान ने हाल ही में एक फेस्टिव गाने की शूटिंग की। इस साल के अंत तक यूरोप में दो और गानों की शूटिंग की जाएगी। इसके अलावा, यह भी खबरें आई हैं कि फिल्म का पहला पोस्टर सलमान खान के जन्मदिन 27 दिसंबर को रिलीज होगा।

**साल 2025 में रिलीज होगी सिकंदर**

फिल्म सिकंदर अगले साल (2025) में रिलीज होगी। इस फिल्म में सलमान खान और रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म को साउथ के मशहूर डायरेक्टर ए. आर. मुरुगदास डायरेक्ट कर रहे हैं, जो इससे पहले 'गजनी', 'हॉलीडे' और 'अकीरा' जैसी हिंदी फिल्में डायरेक्टर कर चुके हैं। वहीं, साजिद नाडियाडवाला इसके प्रोड्यूसर हैं।



# हिना खान को गूगल पर सबसे ज्यादा किया गया सर्च एक्ट्रेस बोलीं- इसमें कोई गर्व की बात नहीं



**साल 2024** खत्म होने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं। इस बीच गूगल ने इस साल सबसे ज्यादा सर्च की जाने वाली हस्तियों की लिस्ट जारी कर दी है। खास बात यह है कि इस लिस्ट में केवल तीन भारतीय स्टार्स शामिल हैं, जिनमें टीवी एक्ट्रेस हिना खान, तेलुगु एक्टर पवन कल्याण और निम्रत कौर का नाम शामिल हैं।

**इसमें कोई गर्व की बात नहीं- हिना खान**

दरअसल, गूगल की 2024 की ग्लोबल सर्च लिस्ट में हिना खान को पांचवें नंबर पर जगह मिली है। एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर 2024 की टॉप सर्च लिस्ट का स्क्रीनशॉट शेयर किया है। साथ ही एक इमोशनल नोट भी लिखा। उन्होंने लिखा, 'मुझे बहुत से लोग इस नई उपलब्धि पर बधाई दे रहे हैं, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए यह न तो कोई उपलब्धि है और न ही गर्व करने वाली कोई बात है।'

एक्ट्रेस ने आगे लिखा, 'किसी का हेल्थ प्रॉब्लम्स या विवादों के कारण ऑनलाइन सर्च किया जाना कोई अचीवमेंट नहीं होता। मैं चाहती हूं कि मुझे मेरी मेहनत और उपलब्धियों के लिए पहचाना जाए, न कि किसी और कारण से।'

हिना खान ने 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' और 'कसौटी जिंदगी की' जैसे शो में काम किया है। इस साल की शुरुआत में एक्ट्रेस ने अपने ब्रेस्ट कैंसर की जानकारी दी थी। हालांकि, हिना पूरी हिम्मत से अपनी इस बीमारी से लड़ रही हैं और रोज अपने एक्सपीरिएंस सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं।

**सर्च लिस्ट में पवन कल्याण दूसरे नंबर पर**

ग्लोबल सर्च लिस्ट में पवन कल्याण दूसरे नंबर पर रहे हैं। एक्टर को तेलुगु सिनेमा में उनकी शानदार एक्टिंग के लिए जाना जाता है। वह केवल एक्टर ही नहीं, बल्कि एक राजनेता भी हैं। इसी साल 2024 में वह आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बने।

**इस लिस्ट में आठवें नंबर पर निम्रत कौर रहीं**

गूगल की ग्लोबल सर्च लिस्ट में 8वें नंबर पर एक्ट्रेस निम्रत कौर हैं। वह 'द लंचबॉक्स', 'दसवीं' और 'एयरलिफ्ट' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। फिल्मों के अलावा, इस साल एक्ट्रेस सबसे ज्यादा अभिषेक बच्चन के साथ अपने अफेयर की खबरों को लेकर सुर्खियों में रहीं।

# रूमर्ड बॉयफ्रेंड राहुल मोदी संग डेट नाइट पर गईं श्रद्धा?

## फैंस बोले- दोनों का पैचअप हो गया है





स्त्री 2 की सफलता के बाद श्रद्धा कपूर एक बार फिर सुर्खियों में आ गई हैं। इस बार एक्ट्रेस किसी फिल्म के कारण नहीं, बल्कि अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में श्रद्धा ने अपने सोशल मीडिया पर एक ऐसी स्टोरी शेयर की, जिसके बाद फैंस यह कयास लगा रहे हैं कि श्रद्धा और उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड राहुल मोदी के बीच पैचअप हो गया है। दरअसल, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा था कि इस रूमर्ड कपल का ब्रेकअप हो गया है।

श्रद्धा कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर मुंबई के फेमस स्नैक वड़ा पाव को पकड़े हुए एक तस्वीर पोस्ट की। इस फोटो के कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'क्या मैं आपको हमेशा वड़ा पाव लाने के लिए धमका सकती हूं?' एक्ट्रेस ने इस स्टोरी में राहुल मोदी को भी टैग किया।

श्रद्धा कपूर ने कुछ दिनों पहले अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड राहुल मोदी को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया था। एक्ट्रेस ने सिर्फ राहुल को ही नहीं, बल्कि उनकी बहन, उनके प्रोडक्शन और कुत्ते के पेज को भी अनफॉलो कर दिया था। इसके बाद से ही खबरें थीं कि श्रद्धा और राहुल का ब्रेकअप हो गया। हालांकि, अब एक्ट्रेस एक बार फिर से अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड राहुल मोदी फॉलो करने लगी हैं।

बता दें, राहुल मोदी तू झूठी मैं मक्कार, पंचनामा 2, सोनू के टीटू की स्वीटी जैसी फिल्मों के राइटर हैं।श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव स्टारर फिल्म स्त्री 2 इसी साल 15 अगस्त को रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ की कमाई की थी। इसी के साथ यह पहली हिंदी फिल्म बन गई थी, जिसने यह आंकड़ा पार किया था।

# किसानों का प्रदर्शन शांतिपूर्ण

## हटाने का आदेश नहीं दे रहे: सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। संभू बॉर्डर पर किसान कई महीनों से डटे हुए हैं। उनकी तरफ से दिल्ली कूच की कोशिश भी की गई, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। किसानों के मामले पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की गई। कोर्ट ने किसानों को लेकर गठित की गई समिति पर सवाल किए। कहा कि उसका काम काफी धीमें हो रहा है। ऐसे में किसानों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन को गलत नहीं कहा जा सकता। यह अलग बात है कि उस वजह से उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग ब्लॉक कर रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने संभू बॉर्डर से किसानों को हटाने के संबंध में कहा कि हम ऐसा कोई आदेश नहीं दे रहे हैं। किसानों का प्रदर्शन गलत नहीं है। कोर्ट ने राज्य सरकारों से किसानों पर बल प्रयोग न करने की अपील की है। कोर्ट में पेश की गई रिपोर्ट के बारे में कोर्ट ने कहा कि हमें यह स्पष्ट कर देना चाहिए कि एक रिपोर्ट आती है, और हम विशेषज्ञ बन जाते हैं और निर्देश जारी करना शुरू कर देते हैं। हम सभी हितधारकों से जांच करने के लिए कहेंगे और फिर निष्कर्ष पर पहुंचेंगे।

**एससी ने किसान नेता का अनशन खत्म करवाने की कही बात**

सुप्रीम कोर्ट ने रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा किसान नेता जगजीत सिंह जो 17 दिनों से भूख हड़ताड़ पर है, वो सीनियर सिटीजन है। उन्हें स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत भी है। ऐसे में राज्य सरकार और केंद्र की जिम्मेदारी है कि वो उनके स्वास्थ्य का ख्याल रखें।

**कमेटी के काम से कोर्ट संतुष्ट**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि समिति का प्राथमिक कार्य किसानों को इस बात के लिए राजी करना है कि वे या तो साइट को स्थानांतरित करें, ताकि राजमार्ग खुल जाए या खराब मौसम के कारण कुछ देर के लिए विरोध प्रदर्शन को रोक दें और समिति को इसे संभालने दें और यदि समिति इस मुद्दे को संभाल नहीं सकती है तो वे इसे फिर से शुरू कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कमेटी के अभी तक के काम पर संतोष जताया। कोर्ट ने कहा कि कमेटी अच्छा काम कर रही है।

**किसानों के प्रदर्शन वाली जगह में हो सकता है बदलाव-सुप्रीम कोर्ट**

पंजाब एजी ने कहा कि मुख्य मुख्य राजमार्ग अवरुद्ध होने से राज्य की वित्तीय स्थिति प्रभावित हो रही है। जस्टिस कांत ने कहा कि समिति किसानों को यह समझाने के लिए सबसे अच्छी प्रतिनिधि हो सकती है। चूंकि मुद्दों पर विचार किया जा रहा है, वे इसे स्थगित कर सकते हैं। बेशक आंदोलन वापस न लें। एसजी ने कहा कि या स्थान भी बदल दें।

## तिलक लगाकर पहुंची छात्रा, शिक्षिका ने किया क्लास से बाहर, हिंदू संगठनों का स्कूल में हंगामा

ऋषिकेश, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। तिलक लगाकर स्कूल पहुंची छात्रा को कक्षा से बाहर करने पर आक्रोशित हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने विद्यालय प्रशासन का घेराव किया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से भविष्य में ऐसा न किए जाने का आश्वासन देने पर कार्यकर्ता शांत हुए। बीते बुधवार को शहर के एक विद्यालय में आठवीं की छात्रा तिलक लगाकर स्कूल पहुंची थी। इस दौरान शिक्षिका ने छात्रा को कक्षा से बाहर कर तिलक साफ कर कक्षा में आने को कहा। जिस पर छात्रा तिलक साफ कर कक्षा में बैठी। स्कूल से छुट्टी होने के बाद छात्रा ने उक्त बात परिजनों को बताई। परिजन राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन, विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के सदस्यों के साथ विद्यालय पहुंचे और प्रधानाचार्य का घेराव किया। कार्यकर्ताओं ने शिक्षिका की ओर से लिखित माफी मांगने को कहा। करीब आधे घंटे तक विद्यालय परिसर में कार्यकर्ताओं ने विरोध जातया। प्रधानाचार्य ने घटना पर खेद जताया और भविष्य में ऐसा दोबारा न होने का आश्वासन दिया।

# 'कैश फॉर जॉब घोटाले' पर घिरे गोवा के सीएम, पत्नी का भी नाम शामिल



गोवा, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। गोवा के सीएम प्रमोद सावंत पर कैश फॉर जॉब घोटाले का आरोप लगा है। ये आरोप विपक्ष यानी आम आदमी पार्टी के नेताओं ने लगाया है। विपक्ष ने गोवा सरकार पर आरोप लगाया कि गोवा में सरकारी नौकरियां बिक रही हैं। सीएम और उनकी पत्नी सुलक्षणा सावंत का नाम घोटालों में शामिल है। इसलिए सरकार का पक्ष रखने के लिए कल सीएम प्रमोद सावंत ने एक बयान दिया है। इसमें सीएम ने कहा कि वह गोवा सरकार के एक संचारक के रूप में इस सरकार का पक्ष बताना चाहते हैं।

**राजनीतिक जीवन में ऐसे आरोपों का नहीं किया सामना**

इन आरोपों पर सीएम प्रमोद सावंत का बयान सामने आया है। सीएम ने कहा, जो लोग (आम आदमी पार्टी का जिक्र करते हुए) मेरे और मेरी पत्नी के खिलाफ निराधार आरोप लगा रहे हैं, मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि मैंने अपने 25 साल के सामाजिक और राजनीतिक जीवन में ऐसे आरोपों का सामना नहीं किया है। उनके पास (आप) हमारी सरकार के खिलाफ उठाने के लिए कोई मुद्दा नहीं है।'

**विपक्ष को कोर्ट में देना होगा जवाब**

इसके साथ ही सीएम सावंत ने कहा, 'यही कारण है कि जो लोग आबकारी घोटाले में जेल गए, उन्होंने मेरे खिलाफ आरोप लगाए हैं, लेकिन लोग उनके बारे में जानते हैं। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया जाएगा और उन्हें कोर्ट में इसके बारे में जवाब देना होगा।'

**ये है पूरा मामला**

बता दें कि गोवा में कई शिकायतें दर्ज की गई थीं, जिसमें कई सरकारी नौकरी के इच्छुक लोगों ने आरोप लगाया था कि उन्हें नौकरी दिलाने के नाम पर कुछ लोगों को लाखों रुपये देने के लिए मजबूर किया गया था। गोवा पुलिस ने धोखाधड़ी के सिलसिले में कई लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें कई लोगों को सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगा गया है। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि सीएम सावंत और उनकी पत्नी सुलक्षणा सावंत इस घोटाले में शामिल हैं।

**पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया**

हालांकि, इससे पहले मुख्यमंत्री सावंत ने इन दावों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि घोटाले की निष्पक्ष जांच चल रही है। पुलिस ने कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो युवाओं को सरकारी नौकरी दिलाने के लिए पैसे का लालच दे रहे थे।

# स्कूलों के बाद अब आरबीआई को मिली धमकी, रूस से कनेक्शन



मुंबई, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। देश में स्कूलों, एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। शुक्रवार सुबह दिल्ली के कई स्कूलों को धमकी मिली। तो वहीं एक दिन पहले भारतीय रिजर्व बैंक को बम से उड़ाने की धमकी मिली। यह धमकी भरा ई-मेल गुरुवार दोपहर आरबीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर भेजा गया। जिसकी जानकारी शुक्रवार सुबह लगी। ई-मेल में रूसी भाषा में रिजर्व बैंक को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इसके पहले भी रिजर्व बैंक को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। इस मामले में माता रमाबाई मार्ग (एमआरए मार्ग) पुलिस स्टेशन में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसके पहले पिछले महीने भी रिजर्व बैंक को धमकी मिली थी। दिल्ली के तीन स्कूलों को आज यानी 13 दिसंबर को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल मिला। जिसके बाद विभिन्न एजेंसियों ने स्कूल परिसर की तलाशी शुरू कर दी। इससे पहले दिल्ली के कम से कम 44 स्कूलों को इसी प्रकार के ईमेल प्राप्त हुए थे। पुलिस ने जांच के बाद उन धमकियों को अफवाह बताया था।

**लगातार बढ़ रही इस तरह की धमकियां**

पिछले कुछ महीनों में धमकी भरे कॉल का मामला कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है। कभी स्कूल में धमकी भरे कॉल तो कभी फ्लाइट में धमकी भरे कॉल की खबरें सामने आती रहती हैं। हालिया घटनाक्रम देखें तो पिछले कुछ दिनों में सैंकड़ों फ्लाइटों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। कुछ स्कूलों को इस तरह की धमकी दी गई।

# जिस व्यापारी के बच्चों ने राहुल गांधी को भेंट की थी गुल्लक

## उसने पत्नी संग लगाई फांसी; 5 दिसंबर को ईडी ने मारा था छापा





सीहोर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के सीहोर के आष्टा में कारोबारी मनोज परमार ने अपनी पत्नी नेहा के साथ जीवन लीला समाप्त कर ली। पति-पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आठ दिन पहले 5 दिसंबर को ही मनोज परमार के घर पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का छापा पड़ा था। ईडी की टीम ने उनकी कई चल-अचल और बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज जब्त किए थे। साथ ही साढ़े तीन लाख रुपये का बैंक बैलेंस भी फ्रीज किया था, इसके बाद से वे परेशान थे। ईडी ने उनके इंदौर और सीहोर स्थित चार ठिकानों पर छापा मारा था।

**'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान राहुल गांधी को दी थी गुल्लक**

13 दिसंबर की सुबह मनोज और उनकी पत्नी नेहा के शव घर पर फंदे से लटके मिले। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला है। वहीं, कांग्रेस ने इसे सरकारी हत्या करार दिया है। कांग्रेस के बड़े नेता सीहोर पहुंच रहे हैं। बता दें कि मनोज परमार उस समय सुर्खियों में आए थे जब कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' में उनके बच्चों की टीम ने राहुल गांधी को गुल्लक भेंट की थी।

**दिग्विजय सिंह ने लगाए आरोप**

मनोज और उनकी पत्नी की मौत के बाद पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने 'एक्स' पर लिखा, "आष्टा सिहोर जिला मप्र के मनोज परमार को बिना कारण ईडी द्वारा परेशान किया जा रहा था। मनोज परमार के बच्चों ने राहुल जी को भारत जोड़ो यात्रा के समय गुल्लक भेंट की थी। मनोज के घर पर ईडी के सहायक निदेशक भोपाल संजीत कुमार साहू द्वारा रेड की गई थी। मनोज अनुसार उस पर रेड इसलिए डाली गई क्योंकि वह कांग्रेस का समर्थक है।" उन्होंने आगे लिखा है, "मैंने मनोज के लिए वकील की व्यवस्था भी कर दी थी लेकिन बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है मनोज इतना घबराया हुआ था कि आज उसने और उसकी पत्नी ने आज सुबह आत्महत्या कर ली। मैं इस प्रकरण में ईडी डायरेक्टर से निष्पक्ष जांच की मांग करता हूं।"

**यह सरकारी हत्याएं हैं- जीतू पटवारी**

वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि यह आत्महत्या नहीं, हत्या है। यह सरकारी हत्याएं हैं। दो साल पहले इन पर सीबीआई केस हुआ था। अब ईडी आकर इन पर कार्रवाई कर रही थी। बच्चों ने मुझे बताया कि हमें बीजेपी ज्वाइन करने के लिए दबाव बनाया गया। यह ईडी के दुरुपयोग का सबसे बड़ा मामला है। इन मासूम बच्चों का गुनाह क्या है। परमार के तीन बच्चे हैं। क्या यही नया भारत है।

## अजनाला थाने के बाहर आईईडी प्लांट करने के दो आरोपी काबू, आईएसआई का कनेक्शन आया सामने

चंडीगढ़, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। अजनाला पुलिस स्टेशन के बाहर आईईडी प्लांट करने के मामले में पंजाब पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि अजनाला पुलिस स्टेशन पर आईईडी धमाके को अंजाम देने की कोशिश के पीछे बब्बर खालसा इंटरनेशनल और आईएसआई का हाथ था। मामले में पंजाब पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी की पहचान अमृतसर के जशनदीप सिंह के रूप में हुई है जबकि दूसरा आरोपी नाबालिग है। आरोपी बब्बर खालसा इंटरनेशनल के मुख्य सरगना हरविंदर सिंह रिंदा और हैप्पी पासिया के संपर्क में थे। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि उन्होंने 23 नवंबर को अजनाला पुलिस स्टेशन में आईईडी रखा था और अन्य हमलों को अंजाम दिया था।

# ग्वालियर में कांग्रेस नेता ने दी जान

## बेटी घर लौटी तो फंदे पर लटका मिला शव; इस केस में जमानत पर थे

ग्वालियर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। ग्वालियर में कांग्रेस के कार्यकारी शहर अध्यक्ष अमर सिंह माहौर ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना के वक्त वे घर में अकेले थे। दामाद केशव दुकान गए थे और बेटी कीर्ति यूनिवर्सिटी। बेटी जब घर लौटी, तो कमरा अंदर से बंद मिला। उसने अपने पति और अन्य रिश्तेदारों को फोन किया। सभी के आने पर दरवाजा तोड़ा गया। अंदर देखा गया कि अमर सिंह का शव फांसी पर लटका हुआ था। दामाद ने बताया कि अमर सिंह जमीन के नामांकन संबंधी फर्जी दस्तावेज तैयार करने के आरोप में दर्ज केस से परेशान थे। वे ज्यादातर समय घर पर ही रहते थे और फोन भी अक्सर बंद रखते थे। बताया गया कि पान पत्ते की गोठ निवासी अमर सिंह पेशे से एडवोकेट थे। उनका कोई बेटा नहीं है। माधौगंज थाना प्रभारी प्रशांत शर्मा ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिवार के लोग फिलहाल बयान देने की स्थिति में नहीं हैं। इसलिए यह स्पष्ट नहीं हो सका कि उन्होंने ऐसा कदम क्यों उठाया। पुलिस ने बताया कि 26 नवंबर को अदालत के आदेश पर पद्मपुर खेरिया निवासी धारा सिंह की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई थी। इस मामले में अमर सिंह के साथ प्रॉपर्टी डीलर संदीप सिंह चौहान को आरोपी बनाया गया था। बताया गया है कि संदीप ने करीब 12 बीघा जमीन के नामांकन दस्तावेज नोटरी अमर सिंह के माध्यम से तैयार कराए थे। धारा सिंह का आरोप था कि दस्तावेज फर्जी थे। इस मामले में अमर सिंह को हाईकोर्ट से एक लाख रुपए की सशर्त अग्रिम जमानत मिली थी।

## मेडिकल कॉलेज पर सरकार की नहीं चली, हाई कोर्ट ने यादव की जगह पांडे को बनाया डीन

इंदौर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. वी.पी. पांडे ने एमजीएम मेडिकल कॉलेज, इंदौर के डीन का पदभार ग्रहण कर लिया है। यह कदम हाई कोर्ट के आदेश के बाद उठाया गया, जिसमें कोर्ट ने उन्हें इस पद पर नियुक्त करने का निर्देश दिया। दरअसल, 30 नवंबर को पूर्व डीन डॉ. संजय दीक्षित के रिटायर होने के बाद चार्ज एमवाय अस्पताल के सुपरिंटेंडेंट डॉ. अशोक यादव को सौंपा गया था, जो डॉ. पांडे से 15 साल जूनियर हैं। डॉ. पांडे ने इस निर्णय को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में अपील की थी, जिसमें उन्होंने अपनी वरिष्ठता के आधार पर यह पद मांगा। हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने 10 दिसंबर को दिए फैसले में कहा कि किसी वरिष्ठ प्रोफेसर को उनके जूनियर के अधीन काम करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।

# 'आयुष्मान योजना धीरे-धीरे सफेद हाथी बनती जा रही है'

## सीएम मोहन यादव की सरकार पर क्यों भड़के कमलनाथ?



भोपाल, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आयुष्मान कार्ड से मिलने वाली सुविधा को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा, आयुष्मान कार्ड से गरीबों के इलाज के दावे किए जाते हैं लेकिन आयुष्मान कार्ड से मिलने वाली कई बीमारियों में निशुल्क सुविधा को सीमित कर दिया गया है। कई बीमारी आयुष्मान कार्ड के दायरे के बाहर कर दी गई हैं। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आरोप लगाया आयुष्मान योजना धीरे-धीरे सफेद हाथी बनती जा रही है। मध्य प्रदेश में 196 बीमारियों को निजी अस्पतालों ने इलाज से बाहर कर दिया गया है। दूसरी तरफ सरकारी अस्पतालों में भी उपचार की समुचित व्यवस्था नहीं है, जिसकी वजह से आयुष्मान कार्ड धारक को इलाज के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कमलनाथ ने कहा, प्रदेश में पहले ही स्वास्थ्य सेवाएं निचले पायदान पर है और उस पर आयुष्मान कार्ड का अप्रभावी हो जाना लोक स्वास्थ्य के लिए चिंताजनक विषय है। उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव से मांग की है कि इस विषय पर एक कमेटी बनाकर पूरी जांच की जाए ताकि लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

**इन बीमारियों को बाहर करने का दावा**

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने यह दावा किया कि मलेरिया, मोतियाबिंद का ऑपरेशन, छोटे बच्चों की बीमारी और बुजुर्गों की कई बीमारियों को आयुष्मान कार्ड धारक की सुविधाओं से निजी अस्पतालों ने बाहर कर दिया है। इससे अब लोगों को आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

**आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज फ्री**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वास्थ्य संबंधी महात्वाकांक्षी योजना आयुष्मान कार्ड से पात्र लोगों को 5 लाख तक का निशुल्क इलाज होता है। यह योजना गरीबों के इलाज के लिए शुरू की गई है। इस योजना का लाभ लंबे समय से मध्य प्रदेश के लोगों को मिल रहा है। योजना के तहत सही काम नहीं करने वाले कई अधिकारियों पर गाज भी गिर चुकी है। अभी भी आयुष्मान कार्ड बनाने का क्रम जारी है।

**बीजेपी ने कमलनाथ के आरोपों पर दिया जवाब**

भारतीय जनता पार्टी के विधायक अनिल जैन के मुताबिक, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के आरोप गलत है। आयुष्मान कार्ड के जरिए बड़ी संख्या में लोगों को गंभीर बीमारियों के इलाज में भी मदद मिल रही है। इसके अलावा आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत कई बीमारियों को जोड़ने का काम हो रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री इस मामले में गलत बोल रहे हैं। मध्य प्रदेश की बीजेपी सरकार और देश की नरेंद्र मोदी सरकार हमेशा गरीबों के लिए काम करती आई है।

## दिल्ली एंटी नार्कोटिक्स दस्ते की बड़ी कार्रवाई, 2 इंटर स्टेट ड्रग तस्कर गिरफ्तार, 21 किलो गांजा बरामद

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस की पश्चिम जिला एंटी-नार्कोटिक्स दस्ते ने मंगलवार को नशे के कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के दौरान दो इंटर स्टेट ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान पवन यादव और विकास यादव के रूप में हुई है। ये बिहार के सहरसा जिला के रहने वाले हैं। दिल्ली पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 21 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। वेस्ट दिल्ली के डीसीपी वीचित्र वीर ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने की मुहिम पर एंटी नार्कोटिक्स सेल को लगाया गया था। एंटी-नारकोटिक्स दस्ते ने ड्रग तस्करों-पेडलरों पर तकनीकी और मानवीय निगरानी लगा रखी थी। उनके बारे में जानकारियों को लगातार विकसित किया जा रहा था। इसी क्रम में पुलिस को एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई। जिसमें बताया गया कि दो ड्रग तस्कर बिहार से हाई क्वालिटी के गांजे के खेप लेकर दिल्ली आने वाले हैं। वे उसकी सप्लाई के लिए जनकपुरी के डिसट्रिक्ट पार्क के पास रामलीला मैदान के सामने आने वाले हैं। इस सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एसीपी ऑपरेशन अरविंद यादव की देखरेख और एंटी नारकोटिक्स के इंचार्ज इंस्पेक्टर अनुज यादव के नेतृत्व में एसआई चंद्र शेखर, संदीप दलाल, राजेंद्र प्रसाद, हेड कॉन्स्टेबल लेखराज, करण, विनय और कॉन्स्टेबल काशी राम की टीम का गठन किया गया।

# फर्जी सर्टिफिकेट रैकेट का भंडाफोड़

## अरे बाप रे! '10वीं-12वीं या इंजीनियरिंग, जो मर्जी डिग्री ले लो,

सिरसा, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। सिरसा सीएम फ्लाइंग की टीम ने वीरवार को शहर के द्वारका पुरी में द्वितीय तल पर श्री साई इंस्टीट्यूट में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान 11 राज्यों के 33 से ज्यादा शिक्षण संस्थानों के 100 सैट में बंद और 300 से ज्यादा फर्जी डिग्री और सर्टिफिकेट मिले। इनमें अलग-अलग प्रदेशों की विश्वविद्यालय, ओपन बोर्ड और शिक्षा बोर्ड के दसवीं, बारहवीं, बीए, बीएससी एग्रीकल्चर सहित अन्य कोर्स की मार्कशीट थीं। कुछ मुहरें भी मिलीं। रात तक छापेमारी जारी थी। यह इंस्टीट्यूट हरि विष्णु कॉलोनी निवासी सीताराम मेघवाल और उसकी पत्नी सोनिया चलाती थीं। छापेमारी के दौरान दोनों ही शहर से बाहर थे। सीएम फ्लाइंग ने देर रात को सिटी थाने में मामला दर्ज करने के लिए पुलिस को शिकायत दी। मामला दर्ज करने की प्रकिया जारी है। सीएम फ्लाइंग टीम सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार, साधु राम, दिनेश कुमार, गुरमीत सिंह, कुलवंत सिंह ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट बंता सिंह के नेतृत्व में 11 बजे छापेमारी की। इंस्टीट्यूट में चार लड़कियां काम करती मिलीं। टीम को यहां फर्जी डिटेल मार्कशीट, मुहरे मिलीं। जिनमें हिमाचल राजस्थान, पंजाब, यूपी, दिल्ली, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, हरियाणा, झारखंड, बिहार के शिक्षा बोर्ड, पश्चिम बंगाल विश्वविद्यालय के यूजी, पीजी सहित अन्य कोर्स के सर्टिफिकेट मिले। एक ही यूनिवर्सिटी की डीएमसी अलग-अलग रंगों में मिली। टीम को श्री साई आईटीआई, श्री साई पैरामेडिकल, श्री साई जाब कंसल्टेंट के कागजात भी मिले। संचालक ने इन नामों से भी संस्थाएं बनाई हुई थीं। संस्थान में उपस्थित लड़कियों ने बताया कि वे संचालकों द्वारा उपलब्ध करवाए नंबरों पर एडमिशन के लिए काल करती थीं। कई यूनिवर्सिटी और बोर्ड के नाम से

**जारी हैं अधिकतर दस्तावेज**

हिमाचल प्रदेश के कांगडा की एआरएनआई यूनिवर्सिटी की 21 डीएमसी, श्री कौशल दास यूनिवर्सिटी हनुमानगढ़ की 16, मेवाड़ विश्वविद्यालय के विभिन्न कागजात, पैरा मेडिकल काउंसिल मोहाली की तीन डीएमसी, मानद यूनिवर्सिटी हापुड़ यूपी की 11, ग्रामीण मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान की ओएमआर शीट का एक पैकेट, राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी व मैनेजमेंट दिल्ली की पांच डीएमसी, राजीव गांधी पैरा मेडिकल कौंसिल दिल्ली की चार डीएमसी बरामद हुई हैं। इसके अलावा महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय उतराखंड गढवाल की तीन डीएमसी,आईएनइएस सोल्यूशन एनसीटी दिल्ली डिप्लोमा इन कंप्यूटर एजुकेशन नौ डीएमसी, वेस्ट बंगाल वोकेशनल एजुकेशन ट्रेनिंग सेंटर की डीएमसी के चार सैट, ग्रामीण मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान रायुपर छत्तीसगढ़ की 42 डीएमसी और चार पेपर छापने वाले कागज, विभिन्न संस्थानों के लेटर पैड, मुक्त विद्यालय कौशल शिक्षा बोर्ड 7 डीएमसी, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड चार डीएमसी, झारखंड ओपन स्कूल 6 डीएमसी, महामाया शिक्षा परिषद की तीन डीएमसी और छह सैट, मुक्त विद्यालय शिक्षा परिषद राजस्थान की 11 डीएमसी बरामद हुईं हैं।

## डेंगू से 13 साल के बालक की मौत

इंदौर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। इंदौर में डेंगू के बढ़ते मामलों ने गंभीर चिंता पैदा कर दी है। हाल ही में, श्याम नगर निवासी 13 वर्षीय अथर्व मित्तल की डेंगू से मौत ने शहर की स्वास्थ्य सेवाओं और प्रबंधन पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इस साल डेंगू से होने वाली यह दूसरी मौत है। अथर्व की तबीयत सात दिसंबर से खराब थी, जब उसके गले में दर्द शुरू हुआ। प्रारंभिक जांच और इलाज के बाद, प्लेटलेट्स कम होने पर उसे अरबिंदो अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी स्थिति और बिगड़ गई। अस्पताल में इलाज के दौरान प्लेटलेट्स की संख्या 40 हजार से घटकर 13 हजार तक पहुंच गई, जिसके बाद उसे डीएनएस अस्पताल रेफर किया गया। वहां वेंटिलेटर पर रखने के बावजूद अथर्व को बचाया नहीं जा सका। अथर्व की मौत के बाद परिवार ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मां मीनू ने बताया कि अथर्व पैदल चलकर अस्पताल गया था और उसकी स्थिति इतनी गंभीर नहीं थी। परिवार ने बेटे की मौत के लिए अस्पताल की गलतियां जिम्मेदार ठहराई हैं।

## इंदौर में महिला भिखारी के पास 75 हजार कैश देखकर दंग रह गए अफसर

**बोली- ये मेरी एक हफ्ते की कमाई**

इंदौर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के इंदौर को भिक्षुक मुक्त करने की दिशा में महिला बाल विकास विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 14 भिक्षुओं को पकड़ा है। इनमें एक महिला ने भिक्षावृत्ति करते हुए एक हफ्ते में 75 हजार रुपये इकट्ठा कर लिए। यानी महीने के 3 लाख और सालाना इनकम 36 लाख रुपये, जिसे महिला बाल विकास विभाग ने उज्जैन के सेवाधाम आश्रम भेजा है। इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर इंदौर शहर को भिक्षुक मुक्त करने के अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही रही है। इसी कड़ी में महिला बाल विकास अधिकारी दिनेश मिश्रा के नेतृत्व में करीब 14 अलग-अलग टीम शहर के विभिन्न इलाकों में जाकर मंदिरों और धार्मिक स्थलों के आसपास भिक्षा वृत्ति करने वाले लोगों को पड़कर सेवा धाम आश्रम उज्जैन भेज रही है। बुधवार को कलेक्टर आशीष के आदेश के बाद महिला बाल विकास की टीम ने सुबह 8 बजे से कार्रवाई शुरू की और शहर के विभिन्न इलाकों में भिक्षावृत्ति कर रही महिलाओं के अलावा कुछ बुजुर्ग व्यक्तियों को भी पकड़ा और सभी को कलेक्टर के आदेश पर उज्जैन के सेवा धाम आश्रम भेजा गया। इसी दौरान महिला बाल विकास विभाग की टीम को राजवाड़ा के समीप शनि मंदिर पर भिक्षावृत्ति करते हुए एक महिला मिली। महिला की जांच करने पर उसकी साड़ी के भीतर छुपाकर रखे गए 75 हजार से ज्यादा की रकम भी इस टीम ने बरामद की है। परियोजना अधिकारी दिनेश मिश्रा ने बताया कि महिला ने एक सप्ताह में 75 हजार रुपये भिक्षा वृत्तिकर यह राशि इकट्ठा की थी। महिला इंदौर के पालदा इलाके की रहने वाली है। इसके अलावा शहर में कुछ ऐसे परिवार भी हैं जो 7 से 8 बार भिक्षावृत्ति करने के चलते पकड़े जा चुके हैं और वह लगातार भिक्षावृत्ति के पेशे से ही जुड़े हुए हैं। फिलहाल सभी भिक्षुओं को उज्जैन के सेवा धाम आश्रम में भेजा गया है जहां उनकी काउंसलिंग कराकर उन्हें भिक्षावृत्ति छोड़कर समाज की मुख्य धारा में वापस लाने का प्रयास किया जा रहा है।



# दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की सूची में ये तीन भारतीय शामिल, राजनीति और उद्योग जगत का बड़ा नाम



नई दिल्ली,13 दिसंबर (एजेंसियां)। फोर्ब्स ने साल 2024 की दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की सूची जारी कर दी है। इस सूची में उद्योग, मनोरंजन, राजनीतिक, समाज सेवा और नीति नियंताओं के नाम शामिल हैं।

फोर्ब्स की इस 21वीं सूची में तीन भारतीय महिलाओं के नाम भी शामिल हैं, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है। आइए जानते हैं कि इस सूची में कौन-कौन से नाम हैं और क्या उनकी उपलब्धियां हैं।

**निर्मला सीतारमण**

भारतीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण फोर्ब्स की सबसे ताकतवर सूची में 28वें स्थान पर हैं। निर्मला सीतारमण ने मई 2019 में केंद्रीय वित्त मंत्री का पद संभाला था और उसके बाद से लगातार इस अहम पद पर बनी हुई हैं। निर्मला सीतारमण पर भारत के तेज आर्थिक विकास को बनाए रखने की जिम्मेदारी है और उनके नेतृत्व में भारत पांच खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। निर्मला सीतारमण महिला सशक्तिकरण को लेकर मुखर रही हैं। राजनीति में आने से पहले सीतारमण ब्रिटेन की एग्रीकल्चर इंजीनियर्स एसोसिएशन और बीबीसी वर्ल्ड के साथ जुड़ी रहीं।

**रोशनी नदार मल्होत्रा**

दिग्गज आईटी कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज की चेयरपर्सन और एचसीएल कॉर्पोरेशन की सीईओ रोशनी नदार मल्होत्रा को फोर्ब्स की सबसे ताकतवर महिलाओं की सूची में 81वां स्थान दिया गया है। रोशनी नदार 12 अरब डॉलर की कंपनी के रणनीतिक फैसले लेती हैं। रोशनी नदार मल्होत्रा शिव नदार फाउंडेशन की भी ट्रस्टी हैं और इसके जरिए शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही हैं। रोशनी नदार ने द हैबीटेटस ट्रस्ट की स्थापना की, जो प्राकृतिक संरक्षण के लिए काम करती है।

**किरन मजूमदार शॉ**

किरन मजूमदार शॉ को फोर्ब्स की सबसे ताकतवर महिलाओं की सूची में 82वां स्थान दिया गया है। किरन मजूमदार बायोटेक कंपनी बायोकॉन की संस्थापक और चेयरपर्सन हैं। बायोकॉन की आज अमेरिका, एशिया के विभिन्न बाजारों समेत दुनिया भर में पहुंच है।

किरन मजूमदार शॉ भारत के सबसे सफल उद्योगपतियों में से एक हैं।

साल 2019 में किरन मजूमदार और उनके पति जॉन शॉ ने यूनिवर्सिटी ऑफ ग्लोसगो में कैंसर रिसर्च के लिए 75 लाख डॉलर का दान दिया था। शॉ की कंपनी कोरोना वायरस की एंटीबॉडी थेरेपी का भी काम कर रही है।

# सात लाख करोड़ डॉलर की जीडीपी बनने के लिए हर साल 10.1 फीसदी की वृद्धि जरूरी, इन्फ्रा पर बढ़ाना होगा निवेश




नई दिल्ली,13 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत को 2030 तक 7 लाख करोड़ डॉलर की जीडीपी बनने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास पर 2.2 लाख करोड़ डॉलर का निवेश करना होगा। साथ ही, अर्थव्यवस्था को 2024-30 के बीच हर साल 10.1 फीसदी की चक्रवृद्धि दर से बढ़ना होगा।

**नाइट फ्रैंक की रिपोर्ट**

नाइट फ्रैंक इंडिया की बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, नीति निर्माताओं ने कुछ वर्षों में भारत के बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए व्यापक प्रयास किए हैं। इससे भारत के बुनियादी ढांचे के विकास और आर्थिक वृद्धि में निजी कंपनियों के सक्रिय रूप से हिस्सा लेने की गुंजाइश बढ़ेगी। हालांकि, बुनियादी ढांचे के विकास में निजी कंपनियों की भागीदारी घटी है। 2009-13 के बीच इन कंपनियों ने बुनियादी ढांचे के विकास पर 160 अरब डॉलर खर्च किए थे, जो 2019-23 में घटकर सिर्फ 39.2 अरब डॉलर रह गया।

**सात फीसदी तक रह सकती है वृद्धि दर**

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) अनंत नागेश्वरन का मानना है कि जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 6.5-7 फीसदी रह सकती है। दूसरी तिमाही में जीडीपी में तेज गिरावट कुछ अस्थायी वजहों से आई होगी या यह कुछ बड़ी समस्याओं का संकेत हो सकता है। सीईए ने कहा, हमारी विकास दर तेज रास्ते पर है। वैश्विक अनिश्चितताओं से कुछ चुनौतियां भी सामने आ सकती हैं। इनसे निपटने के लिए हमें तैयार रहना होगा।

**पैदा करने होंगे 80 लाख रोजगार**

सीईए ने कहा, बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए 10-12 वर्षों में हर साल 80 लाख रोजगार पैदा करने की जरूरत है। छोटे व मझोले उद्योगों को चिंता किए बिना अपने आकार को बढ़ाने पर जोर देना चाहिए।

# ईडी की कार्रवाई तीसरे पक्षों की ओर से की गई धोखाधड़ी से जुड़ी छापों पर डेंटसू इंडिया ने रखा पक्ष



नई दिल्ली,13 दिसंबर (एजेंसियां)। संचार कंपनी डेंटसू इंडिया ने शुक्रवार को कंपनी के खिलाफ की गई ईडी की छापेमारी पर अपना पक्ष रखा। हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से छापेमारी की कार्रवाई की गई थी। कंपनी ने बताया है कि छापेमारी 'तीसरे पक्षों' की ओर से की गई कुछ संदिग्ध धोखाधड़ी से संबंधित थी और उसने संबंधित अधिकारियों को 'सक्रियता से' इसकी सूचना दी थी। जांच एजेंसी ने गुरुवार को मीडिया में जारी एक बयान में कहा था कि उसने 'सुमाया-डेंटसू मामले' की जांच के तहत 10 दिसंबर को मुंबई, दिल्ली और गुरुग्राम में उसके कई परिसरों पर छापेमारी की है। धन शोधन का मामला मुंबई पुलिस (वर्ली पुलिस थाना) की ओर से डेंटसू कम्युनिकेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और टेक्सटाइल समूह सुमाया इंडस्ट्रीज लिमिटेड, उसके प्रवर्तकों और कुछ अन्य के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी से उपजा है। डेंटसू इंडिया ने एक प्रश्न के जवाब में कहा है कि उन्होंने 2021 में ''तीसरे पक्षों और इनडीड के कुछ पूर्व कर्मचारियों की ओर से की गई संदिग्ध धोखाधड़ी गतिविधि की पहचान की थी, जिनके खिलाफ आपराधिक शिकायतें भी दर्ज कराई गई हैं''। उसने कहा, ''यह गतिविधि केवल इनडीड व्यवसाय तक ही सीमित थी। तीन वर्ष पहले, हमने सक्रिय रूप से इस मामले की सूचना संबंधित अधिकारियों को दी थी और तब से हम पूरा सहयोग कर रहे हैं।'' कंपनी ने कहा कि इसी सिलसिले में ईडी की टीम 10 दिसंबर को मुंबई में डेंटसू इंडिया कार्यालय पहुंची थी। इसने दावा किया कि संघीय एजेंसी को 'डेंट्सू के परिसर से न तो कुछ मिला और न ही कोई संपत्ति जब्त की है''। कंपनी ने कहा है, ''हम धोखाधड़ी और गलत कामों को बहुत गंभीरता से लेते हैं और इस पर हमारी कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति है। हम अधिकारियों के साथ सहयोग करना जारी रखेंगे।''वहीं, सुमाया समूह को भी इसी तरह के प्रश्न भेजे गए थे और उसकी ओर से इनका कोई जवाब नहीं मिला। ईडी ने गुरुवार को बताया था कि उसने 137 करोड़ रुपये के कथित धन गबन मामले में तलाशी के बाद 50 लाख रुपये की भारतीय और विदेशी मुद्राव 3.4 करोड़ रुपये मूल्य का सोना जब्त किया हैं। हालांकि, एजेंसी ने यह नहीं बताया गया कि कहां से क्या जब्ती की गई? ईडी के अनुसार जिन संस्थाओं की तलाशी ली गई है, उन पर भविष्य में 'नीड टू फीड' कार्यक्रम के लाभ का वादा करने के नाम पर 137 करोड़ रुपये की धनराशि का 'गबन' करने का आरोप है।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य -दक्षिणायन- ऋतु -हेमन्त
महावीर निर्वाण संवत -2051, हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
सूर्योदय - 06-40
सूर्यास्त. - 17-39
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125

| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | धनु | मे | धनु---- | 04-35 | बजे |
| चंद्र- | वृष | मे | मकर... | 06-49 | बजे |
| मंगल | कर्क | मे | कुंभ - | 08-56 | बजे |
| बुध- | वृश्चिक | मे | मीन- | 10-46 | बजे |
| गुरु- | वृष | मे | मेष--- | 12-27 | बजे |
| शुक्र- | मकर | मे | वृष--- | 14-00 | बजे |
| शनि- | कुंभ | मे | मिथुन | 15-44 | बजे |
| राहु- | मीन | मे | कर्क... | 17-45 | बजे |
| केतु- | कन्या | मे | सिंह--- | 19-57 | बजे |
| | | | कन्या--- | 22-09 | बजे |
| | | | तुला---- | 00-16 | बजे |
| | | | वृश्चिक... | 02-22 | बजे |

दिशाशूल - पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले
तिथि- चतुर्दशी . 16-58 तक उपरान्त पूर्णिमा
मास - मार्गशीर्ष शुक्ल , शनिवार 14 December
नक्षत्र - रोहिणी 03-53 तक उपरान्त मृगशिरा
योग - सिद्ध 08:25 तक उप साध्य
करण- वणिज 16-58 तक उप विष्टी
विशेष:- श्री दत्त महाप्रभु जयन्ती
व्रत -त्योहार -पूर्णिमा व्रत

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल** 09:25 से 10:48 तक

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 06:39 - 08:02 | अशुभ | लाभ | 17:49 - 19:20 | शुभ |
| शुभ | 08:02 - 09:25 | शुभ | उत्पात | 19:20 - 20:57 | अशुभ |
| रोग | 09:25 - 10:48 | अशुभ | शुभ | 20:57 - 22:34 | शुभ |
| उत्पात | 10:48 - 12:11 | अशुभ | अमृत | 22:34 - 00:11 | शुभ |
| चंचल. | 12:11 - 13:34 | शुभ | चंचल | 00:11 - 01:48 | शुभ |
| लाभ | 13:34 - 14:57 | शुभ | रोग | 01:48 - 03:25 | अशुभ |
| अमृत | 14:57 - 16:20 | शुभ | काल | 03:25 - 05:03 | अशुभ |
| काल | 16:20 - 17:40 | अशुभ | लाभ | 05:03 - 06:39 | शुभ |

# अदरक के कारोबार में है मोटी कमाई
## जान लीजिए कहां होती है अच्छी पैदावार



सर्दी आ गई है, अदरक की डिमांड भी तेज हो गई है। अदरक का यूज चाय, दूध और सब्जियों में जमकर होता है और ये ठंड में लोगों को आराम देता है। इसी वजह से सर्दी के मौसम में इसकी कीमत आमतौर पर ज्यादा रहती है। अदरक का यूज आयुर्वेदिक औषधि और मसालों में भी जमकर होता है, इसलिए इसकी डिमांड गर्मी में भी ठीक ठाक होती है।

अगर आप सर्दी के मौसम में कोई बिजनेस करना चाहते हैं तो अदरक की थोक खरीद और बिक्री में अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। यहां हम आपको अदरक के बिजनेस के बारे में पूरी डिटेल देंगे। साथ ही बताएंगे कि देश में अदरक की खेती किस राज्य में सबसे ज्यादा होती है।

**कितने में बिकता है अदरक?**

रिटेल मार्केट में 250 ग्राम अदरक की कीमत 50 से 60 रुपए है। अगर इसी अदरक को सुखा लिया जाए और मसालों और आयुर्वेदिक औषधि के लिए सप्लाई किया जाए तो 180 ग्राम सूखा अदरक पाउडर की कीमत 350 रुपए होगी। वहीं थोक मार्केट में 100 किग्रा अदरक की कीमत 5090 रुपए होती है। ऐसे में आप किसानों से अदरक खरीद के थोक बाजार में अदरक बेचकर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं।

**यहां होती है अदरक की अच्छी पैदावार**

उत्तर प्रदेशः इस राज्य में अदरक की पैदावार अधिक होती है, खासकर गोरखपुर, बस्ती, और महाराजगंज में। यहां की मिट्टी और जलवायु अदरक की खेती के लिए अनुकूल है। केरलः दक्षिण भारत के केरल राज्य में भी अदरक की खेती प्रचुर मात्रा में होती है। यहां की जलवायु और वर्षा की स्थिति अदरक के उत्पादन के लिए आदर्श है। असमः असम में अदरक का उत्पादन बहुत अधिक होता है, इस राज्य में अदरक का निर्यात भी किया जाता है। कर्नाटकाः कर्नाटका राज्य में भी अदरक की खेती होती है, खासकर कुछ जिलों में जैसे चिकमंगलूर और हासन। ओडिशा और पश्चिम बंगालः इन राज्यों में भी अदरक की पैदावार में वृद्धि देखी जा रही है, खासकर बांगलादेश की सीमा से जुड़े क्षेत्रों में।

# अप्रैल से नवंबर 2024 के बीच जीएसटी संग्रह 9 फीसदी बढ़ा, 14.56 लाख करोड़ पर पहुंचा आंकड़ा




नई दिल्ली,13 दिसंबर (एजेंसियां)। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 9.3 प्रतिशत बढ़कर 14.56 लाख करोड़ रुपये हो गया है। पिछले साल अप्रैल-नवंबर की अवधि में कर संग्रह 13.32 लाख करोड़ रुपये था। जीएसटी संग्रह में उछाल भारत की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक है। यह इजाफा मजबूत घरेलू खपत और उछाल वाली आयात गतिविधियों के कारण संभव हुआ है। ये आंकड़े देश के राजकोषीय स्वास्थ्य और आर्थिक सुधार प्रयासों के लिए अच्छे हैं, जो वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच लचीलेपन का संकेत देते हैं। इस साल अप्रैल में कुल जीएसटी संग्रह 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कुल सकल जीएसटी संग्रह 20.18 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 11.7 प्रतिशत अधिक है। देश में 1 जुलाई 2017 से वस्तु एवं सेवा कर लागू किया गया था।

आम लोगों को राहत देने के लिए हेयर ऑयल, टूथपेस्ट, साबुन, डिटर्जेंट और वाशिंग पाउडर, गेहूं, चावल, दही, लस्सी, छाछ, कलाई घड़ी, 32 इंच तक के टीवी, रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन, मोबाइल फोन जैसी चीजों पर जीएसटी दरों में काफी कटौती की गई है या कुछ पर इसे शून्य स्तर पर रखा गया है। सितंबर में पिछली जीएसटी परिषद की बैठक में, नमकीन उत्पादों के लिए कर की दर 18 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत कर दी गई थी। तीन प्रमुख कैंसर दवाओं पर कर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया था।

# भारत से पंगा लेने वाले जस्टिन ट्रूडो के देश का बुरा हाल, बेरोजगारी चरम पर, मंदी में फंसा कनाडा!



नई दिल्ली,13 दिसंबर (एजेंसियां)। कनाडा में नवंबर में बेरोजगारी 6.8% पर पहुंच गई जो सितंबर 2021 के बाद इसका उच्चतम स्तर है। पिछले दो साल में देश में बेरोजगारी दर में 1.8 परसेंटेज पॉइंट का इजाफा हुआ है। इस दौरान युवा बेरोजगारी दर 4.6 परसेंटेज पॉइंट की तेजी के साथ 13.9 फीसदी पर पहुंच गई। देश में मंदी को दौर के इतर बेरोजगारी में इतनी तेजी से बढ़ोतरी कभी नहीं हुई। इस बीच बैंक ऑफ कनाडा नीतिगत ने ब्याज दरों में 50 बेसिस पॉइंट की कटौती की है। इस साल बैंक पांच बार ब्याज दरों में कटौती कर चुका है। कनाडा की इकॉनमी में पिछली छह तिमाहियों से पर कैपिटा बेसिस पर गिरावट आ रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या कनाडा मंदी में फंस चुका है?

अमेरिका के फिर से राष्ट्रपति बनने जा रहे डोनाल्ड ट्रंप ने हाल में मजाकिया लहजे में कहा था कि कनाडा को अमेरिका का 51वां प्रांत बना देना चाहिए। सच्चाई यह है कि कनाडा का आर्थिक अस्तित्व अमेरिका से गहराई से जुड़ा हुआ है। ट्रंप ने जब कनाडा के सामान पर 25% टैरिफ लगाने की बात कही तो कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की हवा निकल गए। तुरंत वह ट्रंप से मिलने के लिए फ्लोरिडा भागे। अमेरिका कनाडा का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार और विदेशी निवेश का सबसे बड़ा स्रोत है। साल 2022 में दोनों देशों के बीच व्यापार $960.9 अरब से अधिक हो गया। कनाडा के ग्लोबल ट्रेड में अमेरिका का हिस्सा 63.4% हिस्सा है। कनाडा ने 2022 में अमेरिका को $598 अरब का निर्यात किया, जो उसके कुल निर्यात का 75% था। दोनों देशों के बीच संबंध केवल ट्रेड तक ही सीमित नहीं है। दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं काफी हद तक एकदूसरे पर निर्भर है। अमेरिकी के एनर्जी इम्पोर्ट का 51% हिस्सा कनाडा से आता है। कनाडा की कंपनियों ने अमेरिका में $620 अरब का निवेश किया है, जबकि अमेरिकी फर्मों का कनाडा में $550 अरब का इनवेस्टमेंट है। 20 लाख से अधिक कनाडाई नौकरियां अमेरिका के साथ व्यापार पर निर्भर हैं। इस तरह अमेरिका के बिना कनाडा की अर्थव्यवस्था पूरी तरह ढह सकती है।

# बिकवाली के बाद पलटा बाजार; सेंसेक्स निचले स्तरों से 2000 अंक चढ़ा, निफ्टी 24750 के पार

नई दिल्ली,13 दिसंबर (एजेंसियां)। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार में बड़ा उतार-चढ़ाव दिखा। शुरुआती कारोबार में गिरावट के बाद सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त हासिल कर बंद हुए। सेंसेक्स दिन के निचले स्तरों से 2000 अंकों की बढ़त हासिल करने में सफल रहा। दूसरी ओर, निफ्टी भी 24750 का आंकड़ा पार कर गया। 30 शेयरों का बीएसई सेंसेक्स 843.16 अंक उछलकर 82,133.12 पर जबकि निफ्टी 219.60 अंक बढ़कर 24,768.30 पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 9 पैसे बढ़कर 84.79 (अनंतिम) पर बंद हुआ। खुदरा महंगाई दर में नरमी आने और दूरसंचार शेयरों में खरीदारी से भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए। शुरुआती कारोबार में बेंचमार्क सूचकांक फिसलते दिखे, जैसे-जैसे दिन चढ़ा बाजार में रिकवरी आनी शुरू हो गई। सुबह के कारोबार में 1,207.14 अंक की गिरावट के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स बाद में पूरी तरह उबर गया और 843.16 अंक या 1.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,133.12 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान यह 923.96 अंक या 1.13 प्रतिशत बढ़कर 82,213.92 अंक पर पहुंचा। एनएसई निफ्टी 219.60 अंक या 0.89 प्रतिशत चढ़कर 24,768.30 अंक पर बंद हुआ, जबकि दिनभर के कारोबार में इसमें 367.9 अंक की गिरावट आई थी।सेंसेक्स की 30 शेयरों वाली कंपनियों में भारती एयरटेल, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और पावर ग्रिड सर्वाधिक लाभ में रहीं। टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील और बजाज फिनसर्व पिछड़ गए।खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में घटकर 5.48 प्रतिशत पर आ गई और यह मुख्य रूप से खाद्य कीमतों में कमी के कारण रिजर्व बैंक के आरामदायक स्तर पर आ गई, जिससे फरवरी में नए गवर्नर संजय मल्होत्रा के नेतृत्व में केंद्रीय बैंक की दर निर्धारण समिति की बैठक में ब्याज दरों में कटौती की गुंजाइश बनी।उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित हेडलाइन मुद्रास्फीति अक्टूबर में 6.21 प्रतिशत और नवंबर 2023 में 5.55 प्रतिशत थी। गुरुवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, भारत के औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) की वृद्धि दर अक्टूबर 2024 में सालाना आधार पर धीमी होकर 3.5 प्रतिशत रह गई, जिसका मुख्य कारण खनन, बिजली और विनिर्माण का खराब प्रदर्शन है। जानकारों के अनुसार, घरेलू बाजार ने दिन के निचले स्तर से तेजी से वापसी की और सूचकांक दिग्गजों के नेतृत्व में समेकन पथ से बाहर निकल गया।

खाद्य मुद्रास्फीति में धीरे-धीरे कमी और एफएमसीजी कंपनियों द्वारा मूल्य वृद्धि, साथ ही मूल्यांकन में हाल ही में सुधार ने इस क्षेत्र को बेहतर प्रदर्शन करने में मदद की। वर्तमान में, बाजार त्योहारी सीजन और साल के अंत की छुट्टियों के कारण उपभोक्ता खर्च में सुधार की उम्मीद कर रहा है, जिससे भावनाओं को बल मिल रहा है।जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, इसके अतिरिक्त, अमेरिका में खर्च में वृद्धि की उम्मीद से आईटी क्षेत्र को बढ़ावा मिल रहा है। एशियाई बाजारों में टोक्यो, शंघाई और हांगकांग में गिरावट रही जबकि सियोल में तेजी रही। यूरोप के बजारों में तेजी देखी गई। गुरुवार को वॉल स्ट्रीट नकारात्मक दायरे में बंद हुआ।एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 3,560.01 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.54 प्रतिशत बढ़कर 73.77 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 236.18 अंक या 0.29 प्रतिशत गिरकर 81,289.96 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी 93.10 अंक या 0.38 प्रतिशत गिरकर 24,548.70 अंक पर बंद हुआ था।बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को एक मसौदा परिपत्र जारी किया, जिसमें खुदरा निवेशकों को एल्गोरिथम (एल्गो) ट्रेडिंग में भाग लेने की अनुमति देने के अपने प्रस्ताव पर जनता की राय मांगी गई है। एल्गो ट्रेडिंग में समयबद्ध और प्रोग्राम्ड ऑर्डर निष्पादन का लाभ मिलता है।

# चांदी में 3100 की गिरावट, 90,200 प्रति किलो:सोना लुढ़ककर 77,380 पर पहुंचा; इस साल चांदी 23% तो सोना 22% महंगा



नई दिल्ली,13 दिसंबर (एजेंसियां)। सोने-चांदी के दाम में आज, यानी 13 दिसंबर को, गिरावट देखने को मिल रही है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के डेटा के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का भाव 767 रुपए गिरकर 77,380 रुपए पर है। इससे पहले सोने की कीमत 78,147 रुपए प्रति दस ग्राम थी। चांदी का भाव भी आज 3,100 रुपए गिरकर 90,200 रुपए पर आ गया है। कल चांदी 93,300 रुपए प्रति किलोग्राम थी। वहीं, 23 अक्टूबर को चांदी ने 99,151 रुपए का और 30 अक्टूबर को सोने ने 79,681 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**महानगरों सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 72,450 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 79,020 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 72,300 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 78,870 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 72,300 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 78,870 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 72,300 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 78,870 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 72,350 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 78,920 रुपए है।

**हैदराबाद :** सोने(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 78,870 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 72,300 रुपये है।

**इस साल 22.14% महंगा हुआ सोना, चांदी भी 22.90% बढ़ी**

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक गोल्ड का दाम 22.14% बढ़ा है। साल के पहले दिन 24 कैरेट 10 ग्राम गोल्ड की कीमत 63,352 रुपए थी, जो अब 14,028 रुपए बढ़कर 77,380 रुपए पर पहुंच गई है।

## आपका राशिफल

**मेष** — चू,चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,
आप आज ऊर्जा से भरे हैं,आपके आकर्षण और कुशलता से आज घर-ऑफिस में सब प्रभावित होंगे । अपने दोस्तों या किसी ख़ास के साथ बाहर घुमने जाकर मजे करें । दिन शांत और तनावरहित रहेगा । आज अच्छा वित्तीय लाभ होने की सम्भावना तो बनी हुई है,लेकिन अपने खरीदारी के खर्चो पर भी नजर रखें ।

**वृष** — ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आज आप हर किसी पर विश्वास करने के मूड में रहेंगे । इसका नुक्सान यह है की आप किसी ऐसे आदमी के साथ भी अपनी बाते साझी कर सकते हैं जो दिल से आपका भला नही चाहता । इसीलिए पहले इस आदमियो के बारे सही से छानबीन कर लें । अगर आप पिछले कुछ समय से कार्यस्थल या घर पर किसी की बातो से असहमत हैं तो आज दोस्ती का हाथ बढाने के लिए अच्छा समय है।

**मिथुन** — का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आपको आज बहुत सारी गलत जानकारी प्राप्त होंगी। इसीलिए औरों की सुनने और मानने की बजाय अपने आप सोच समझकर फैसले लेना अधिक उपयुक्त रहेगा । अपने तरीके और अपने नजरिये के आधार पर देखेंगे तो बिलकुल ठीक फैसला ले पायेंगे ।आपकी बहु प्रतीक्षित छुट्टी जल्द ही मिलने वाली है ।

**कर्क** — ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आज आप किसी बड़े सम्मेलन या सेमिनार की मेजबानी कर सकते हैं लेकिन आपके मनचाहे समय पर स्थान की उपलब्धता के कारण हुई हल्की सी ग़लतफ़हमी से आपको शर्मिंदगी महसूस होगी और आपको कार्यक्रम रद्द करना पड़ सकता है | आपको ऐसे समय में शांति बनाये रखनी होगी और सकारात्मक कोशिशें करते रहनी होंगी |

**सिंह** — मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आपके दिमाग में आज कोई अद्भुत विचार आएगा और आपको इसे हाथोहाथ केवल इसीलिए रद्द नही क्र देना चाहिए क्योंकि आपको इसका हो पाना मुश्किल लग रहा है । आज बड़ा सोचने और ऊँचाइयों को छूने का दिन है । ऐसा करने के लिए आपको बाधाओं की सूची बनाकर अच्छी योजना बनानी अहि और आप पायेंगे कि परेशानियों से खुद-ब-खुद समाधान नजर आने लगेंगे ।

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आप सच्चे और ईमानदार लोगों से मिलना पसंद करते हैं । लेकिन आज आपकी मुलाक़ात उनसे होगी जो मुखौटे लगाये रखते हैं । उन्हें पहचानने की कोशिश करें । आपसे जल्दी फैसले लेना समय की मांग रहेगी । किसी भी फैसले को अंतिम रूप देने से पहले अच्छी तरह सोच लें और फैसले लेने तक कोई भी अन्य काम न करें ।

**तुला** — रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आज आपके मुख्य शब्द आराम और राहत रहेंगे । आप पिछले कुछ दिनों से बहुत मेहनत कर रहे हैं और अब इस मेहनत का आनंद लेने की बारी है ,बहुत बड़ी पार्टी ना रखें । छुट्टी का दिन शांति से बिताएं । अपने किसी विशेष प्रियजन से बात कर लेने से आपको बहुत संतुष्टि मिलेगी ।

**वृश्चिक** — तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आपके अनिर्णय की स्थिति से बिना बात की परेशानी पैदा हो सकती है । परिवार से जुड़े और रियल एस्टेट से जुड़े हुए मुद्दों को आपको अब गंभीरता से लेने की जरुरत है । आपको इनसे सम्बंधित कोई पत्र प्राप्त होगा । पुरानी अधूरी -अनसुलझी बातें अब आपको परेशान करेंगी और आप इन्हें सुलझाए बिना आगे नहीं बढ़ सकते ।

**धनु** — ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
दिन शांत रहेगा । पिछले सप्ताह के व्यस्त कार्यक्रम से थोड़ी राहत मिलेगी,जो अच्छी लगेगी । आपके वरिष्ठ अधिकारी आप पर नजर रखे हुए हैं ,इसीलिए अधिक मेहनत करें । कुछ अनापेक्षित निजी मुद्दे आपके सामने आ सकते हैं ,उनसे आपको आश्चर्य तो जरुर होगा,लेकिन आप संतोषजनक तरीके से उन्हें सँभालने में कामयाब होंगे ।

**मकर** — भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आज आप पायेंगे कि आप कितने ही अच्छे और सही सुझाव दें,कोई आपकी बात मानने को तैयार नही है । इससे आप काफी निराश अनुभव करेंगे लेकिन आपको यह अनुभव करने की जरुरत है कि आपके सुझाव तो बेशक अच्छे हैं , लेकिन आपका रवैया ऐसा है कि जैसे आप किसी पर कृपा कर रहे हैं। इसीलिए लोग आपकी सलाह का उल्टा कर रहें हैं ।

**कुंभ** — गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आप सृजनात्मक ऊर्जा से भरपूर हैं ,अपनी कल्पनाशक्ति का उपयोग करें । इससे आपको ख़ुशी और सौभाग्य दोनों मिलेंगे । दिल की ना सुनें ,अपने दिमाग की सुनें । तर्कशक्ति से काम लें । अपनी ऊर्जा को सही जगह पर लगायें । निवेश के लिए अच्छा दिन है । अधिक सावधानी की बजाय अपने आप को थोडा ढीला छोड़ दें,राहत मिलेगी ।

**मीन** — दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आज आपको यह अनुभव करने की जरुरत है कि अतीत से चिपके रहने से आपको कोई लाभ होने वाला नहीं है । आपको अपने अतीत से सीखना जरुर है ,परन्तु उसे पकड़े रहने से बात नही बनेगी । अगर आप आज यह समझ पाने में कामयाब हो जाते हैं तो पिछले कुछ समय से आपके जीवन में चली आ रही बड़ी समस्याओं को सुलझाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम होगा ।


**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# बृहस्पति के चंद्रमा पर फटा ज्वालामुखी

## नासा ने वीडियो जारी किया, इस पर 400 से ज्यादा सक्रिय ज्वालामुखी, ये सौरमंडल में सबसे ज्यादा

वाशिंगटन, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने सौरमंडल के सबसे बड़े ग्रह बृहस्पति के तीसरे सबसे बड़े चंद्रमा आईक्यू पर हुए ज्वालामुखी विस्फोट का वीडियो जारी किया है। इस वीडियो को नासा ने अपने जूनो मिशन के स्पेसक्राफ्ट से रिकॉर्ड किया है। वीडियो को स्पेस एजेंसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है।

इस वीडियो में चंद्रमा आईओ की सतह से लावा निकलता दिख रहा है। आईओ को हमारे सौरमंडल का सबसे ज्यादा सक्रिय ज्वालामुखी वाला चंद्रमा माना जाता है। इसकी सतह पर 400 से ज्यादा सक्रिय ज्वालामुखी हैं, जिनमें लगातार विस्फोट होते रहते हैं और लावा निकलता है। नासा के जूनो मिशन की रिसर्च से आईओ पर होने वाली ज्वालामुखी गतिविधियों के 44 साल पुराने रहस्य को समझने में मदद मिली है। आईओ पर ज्वालामुखी



नासा ने बृहस्पति ग्रह के चंद्रमा आईओ से निकलते ज्वालामुखी का वीडियो जारी किया

विस्फोट की पहली तस्वीर 1979 में ली गई थी। यहां कई तालाब हैं जिनमें पिघला हुआ लावा मौजूद है। बृहस्पति के चंद्रमा आईओ पर फटने वाला ज्वालामुखियों का लावा, मैग्मा के सागर की जगह मैग्मा चैंबर्स से निकलता है। नेचर डॉट कॉम के मुताबिक इसकी सतह पर फटने वाले ज्वालामुखिओं की वजह से इसका आकार बदलता रहता है। आईओ की पहली बार खोज सन 1610 में वैज्ञानिक गैलीलियो गैलिली ने की थी। हालांकि इस पर ज्वालामुखी के सक्रिय होने के पता 1979 में वैज्ञानिक लिंडा ए. मोराबितो ने लगाया था। जूनो मिशन के प्रमुख रिसर्चर स्कॉट बोल्टन ने कहा कि लिंडा की खोज के बाद से ही वैज्ञानिकों में इस बात को लेकर जिज्ञासा थी कि आईओ की सतह से लावा कैसे निकल रहा है।

चंद्रमा आईओ के ज्वालामुखी से निकलते लावा की पहली तस्वीर नासा के अंतरिक्ष यान वॉयजर 1 ने 1979 में ली थी। चंद्रमा आईओ बृहस्पति की एक अंडाकार कक्षा में परिक्रमा करता है। बृहस्पति के गुरुत्वाकर्षण की वजह से इस पर दबाव पड़ता है, जिससे इसके आकार में संकुचन आता है। सिकुड़ने की वजह से इसके अंदर गर्मी बढ़ती है और आंतरिक परतों पर दबाव बढ़ता है, जिससे अंदर चट्टानों के पिघलने से लावा बनता है। यही लावा ज्वालामुखी के रूप पर सतह पर फूट पड़ता है। 2023-24 में नासा के जूनो मिशन ने डॉपलर विधि से गुरुत्वाकर्षण से जुड़ा सटीक डेटा इकट्ठा किया था। इससे पता चला कि आईओ पर मैग्मा, सागर की जगह चैंबर्स में मौजूद है।

# अमेरिकी शराब पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी में कनाडा

## बिजली का निर्यात भी रोक सकता है, ट्रम्प ने 25% टैरिफ की धमकी दी थी

टोरंटो, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा से आने वाले सभी सामानों पर 25% टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। अब इसके जवाब में कनाडा का सबसे अधिक आबादी वाला प्रांत ओंटेरियो अमेरिकी शराब पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रहा है। इसके अलावा अमेरिकी राज्यों मिशिगन, न्यूयॉर्क और मिनेसोटा को बिजली का निर्यात रोकने पर भी विचार कर रहा है। ओंटेरियो के प्रीमियर डग फोर्ड ने इसकी पुष्टि की। इसके अलावा ओंटेरियो अमेरिका को होने वाले महत्वपूर्ण खनिजों के निर्यात पर बैन लगाने पर विचार कर रहा है। इसमें सरकारी टेंडर्स से अमेरिकी कंपनियों को बाहर रखने की भी तैयारी है।

ओंटेरियो प्रीमियर डग फोर्ड ने बिजली न बेचने के फैसले को आखिरी विकल्प बताया है। फोर्ड ने कहा- मुझे नहीं लगता कि ट्रम्प ऐसा चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हम अमेरिका को संदेश देना चाहते हैं कि अगर आप हमारे लोगों के रोजगार को निशाना बनाएंगे, तो हम हर संभव उपाय करेंगे। हालांकि, मुझे उम्मीद है, ऐसा करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस पर ट्रम्प ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि अगर फोर्ड ऐसा करते हैं तो ये ठीक है। अमेरिका कनाडा को सब्सिडी दे रहा है और ऐसा नहीं होना चाहिए।



ओंटेरियो ने 2023 में अमेरिका के 15 लाख घरों में बिजली पहुंचाई थी। इसके अलावा कनाडा अमेरिका को सबसे ज्यादा तेल की आपूर्ति करने वाला देश है। कनाडा से रोजाना 45 लाख बैरल तेल अमेरिका जाता है, जो अमेरिका को होने वाले कच्चे तेल के निर्यात का 60% हिस्सा है।

**ट्रम्प बोले- अवैध प्रवासी रोको नहीं तो कनाडा पर 25% टैरिफ लगेगा**

बता दें कि ट्रूडो ने पिछले हफ्ते फ्लोरिडा में ट्रम्प के साथ डिनर किया था। इस दौरान ट्रम्प ने कहा था कि अगर कनाडा सरकार अमेरिका में अवैध प्रवासियों और नशीली दवाओं की एंट्री रोकने में नाकाम रहती है तो उस पर 25% टैरिफ लगाया जाएगा।

**मेक्सिको-कनाडा को सब्सिडी चाहिए तो यूएस राज्य बन जाएं**

कुछ दिन पहले ट्रम्प ने एनबीसी न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा था कि हम कनाडा को हर साल 100 अरब डॉलर और मेक्सिको को लगभग 300 अरब डॉलर की सब्सिडी दे रहे हैं। हमें सब्सिडी पर रोक लगानी चाहिए। अगर उन्हें सब्सिडी चाहिए तो अमेरिका का ही राज्य बन जाएं।

**मेक्सिको बोला- हम पर टैरिफ लगाया तो यूएस का ही नुकसान**

ट्रम्प के बयान पर पलटवार करते हुए मेक्सिको के इकोनॉमी मिनिस्टर ने कहा- अमेरिका में बिकने वाले 88% पिक-अप ट्रक मेक्सिको में ही बनते हैं। ये अमेरिका के ग्रामीण इलाकों में काफी बिकते हैं, जहां से ट्रम्प को भारी वोट मिले हैं।

अगर ट्रम्प मेक्सिको से आने वाले सामान पर टैरिफ लगाते हैं, तो इससे गाड़ियों की कीमत में 3 हजार डॉलर तक का इजाफा हो सकता है। इससे न सिर्फ अमेरिकी कंपनियों को नुकसान झेलना पड़ेगा, बल्कि उसकी इकोनॉमी पर भी बुरा असर पड़ेगा।

# पत्रकारों और मीडिया कर्मियों के लिए बेहद खतरनाक रहा 2024

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र के शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूएनईएससीओ) की महानिदेशक ऑड्रे अजूले ने बताया कि वर्ष 2024 भी पत्रकारों व मीडिया कर्मियों के लिए बेहद खतरनाक साबित हुआ है। पत्रकारों के लिए यह लगातार दूसरा साल है, जो जानलेवा साबित हुआ है। इस दौरान अपना कामकाज करते हुए कम से कम 68 पत्रकारों को मौत के मुंह में धकेल दिया गया। पत्रकारों और मीडिया कर्मियों को जान से मार दिए जाने के इन मामलों में से 60 प्रतिशत मामले, ऐसे देशों में हुए जो टकरावों और युद्धों से जूझ रहे हैं।

यूनेस्को की महानिदेशक ऑड्री अजूले ने कहा कि टकरावों, युद्धों और संकटों से प्रभावित आबादी की मदद करने और दुनिया को जागरूक करने के लिए विश्वसनीय जानकारी बहुत महत्वपूर्ण है।

# ओवैसी ने बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाया

## जयशंकर बोले- यूनुस सरकार से एक्शन लेने को कहा, हसीना के बयानों का समर्थन नहीं

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। लोकसभा में बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर उठाए गए सवाल के जवाब में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि वहां अल्पसंख्यकों के साथ हिंसा की कई घटनाएं हुई हैं। हमने इन घटनाओं पर ध्यान भी दिया है। हाल ही हमारे विदेश सचिव ने ढाका का दौरा किया था। वहां मीटिंग के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा भी हुई थी। हमें उम्मीद है कि बांग्लादेश अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त कदम उठाएगा। दरअसल लोकसभा में कार्यवाही के दौरान एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा और विदेश नीति से जुड़े दूसरे मुद्दों पर सवाल किया था।

इसके अलावा विदेश मंत्री ने म्यांमार के मुद्दे पर पूछे गए एक सवाल के सवाल के जवाब में बताया कि भारत सरकार म्यांमार के साथ बनी ओपन रिजीम



पॉलिसी को रिव्यू कर रही है। इस पॉलिसी के तहत लोगों के बॉर्डर के आर-पार जाने की परमिशन होती है। हालांकि, भारत ने फिलहाल इस पर रोक लगा रखी है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बुधवार को पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी को बताया कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकारी की आलोचना करने वाले शेख हसीना के बयानों का भारत समर्थन नहीं करता है। हसीना के इन बयानों से दोनों देशों के संबंधों को नुकसान पहुंच रहा है। विदेश सचिव ने कहा कि भारत का बांग्लादेश के साथ संबंध किसी एक पार्टी तक सीमित नहीं हैं। यह दोनों देशों के नागरिकों पर आधारित हैं।

मिस्री ने बताया कि हसीना बयान देने के लिए पर्सनल डिवाइस का इस्तेमाल कर रही हैं। उन्हें भारत ने कोई डिवाइस नहीं दिया है। भारत सरकार हसीना को इस तरह की कोई सुविधा नहीं दे रही है, जिसके जरिए वो राजनीतिक गतिविधियों को अंजाम दे सके।

अमेरिका व्हाइट हाउस में सलाहकार जॉन किर्बी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि राष्ट्रपति बाइडेन बांग्लादेश के हालात पर नजर रखे हुए हैं। साथ ही अंतरिम सरकार से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। किर्बी ने कहा कि हसीना के देश छोड़ने के बाद बांग्लादेश में सुरक्षा के हालात बिगड़े हैं। इससे निपटने के लिए हम बांग्लादेश की सुरक्षा एजेंसियों को मजबूत करने में मदद कर रहे हैं।

# ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले की फिराक में इजराइल

## सीरिया का 85% एयर डिफेंस तबाह किया, लेबनान में हिजबुल्लाह के आतंकियों को निशाना बनाया

तेल अवीव, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। इजराइल डिफेंस फोर्सेस (आईडीएफ) ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला करने की फिराक में है। गुरुवार को इजराइली अधिकारियों ने बताया कि पश्चिमी एशिया में ईरान समर्थित विद्रोही गुटों के कमजोर पड़ने के बाद उसके परमाणु ठिकानों पर हमले के लिए ये सही समय है। सैन्य अधिकारी सही मौके की तलाश में हैं।

आईडीएफ के अधिकारियों का मानना है कि लेबनान में हिजबुल्लाह के कमजोर पड़ने और सीरिया में असद सरकार के पतन के बाद ईरान अकेला पड़ गया है। ऐसे में वह अपने परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ा सकता है। साथ ही अपनी क्षमता को बढ़ाने के लिए परमाणु बम भी बना सकता है।

सीरिया में असद सरकार के तख्तापलट के बाद से इजराइली हमले जारी हैं। इजराइल सीरिया के सैन्य ठिकानों और हथियारों को निशाना बना रहा है। अब तक इजराइल के हमलों में 85% से ज्यादा एयर डिफेंस सिस्टम तबाह हो चुका है। हमलों में 107 एयर डिफेंस कॉम्पोनेंट्स और 47 रडार नष्ट कर दिए गए हैं। इससे पहले रविवार और सोमवार को इजराइल ने सीरियाई एयरबेस और हथियारो डिपो को निशाना बनाया था। इन हमलों में सैकड़ों मिसाइल, 27 लड़ाकू विमान और 24 हेलिकॉप्टर तबाह कर दिए थे। इसके अलावा इजराइल ने सीरिया के लटाविया में नौसैनिक ठिकानों को भी निशाना बनाया था। इन हमलों में सीरिया के 15 नौसैनिक जहाज तबाह हो गए थे। इन हमलों के लिए इजराइल ने 1800 से ज्यादा हथियारों का इस्तेमाल किया था।

इजराइल ने शुक्रवार को दक्षिणी लेबनान में एयरस्ट्राइक कर हिजबुल्लाह के कई आतंकियों को निशाना बनाया। इजराइल ने आरोप लगाया कि ये आतंकी इजराइली नागरिकों के लिए खतरा पैदा कर रहे थे। इसके अलावा इजराइल और लेबनान के बीच हुए सीजफायर का उल्लंघन कर रहे थे।

दूसरी तरफ गाजा पट्टी में भी इजराइली हमले लगातार जारी हैं। इजराइल ने गुरुवार को दक्षिणी गाजा में हवाई हमले कर हमास के कई आतंकियों को निशाना बनाया। इजराइल के खुफिया अधिकारियों के मुताबिक ये आतंकी गाजा में मानवीय सहायता लेकर जाने वाले ट्रकों को हाईजैक करने की तलाश में थे।

# इमरान के समर्थन में हिंसा करने वालों को सजा सुना सकेंगी सैन्य अदालतें

## सुप्रीम कोर्ट ने लगाईं शर्तें

इस्लामाबाद, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान में नौ मई 2023 को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थन में हिंसा करने वाले 85 लोगों के खिलाफ आरक्षित फैसलों को सैन्य अदालतें सुना सकेंगीं। पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सैन्य अदालतों को इसकी सशर्त अनुमति दी। न्यायमूर्ति अमीनुद्दीन खान की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय पीठ ने पिछले साल के पांच सदस्यीय पीठ के फैसले के खिलाफ अंतर न्यायालयी अपील पर सुनवाई की। पांच सदस्यीय पीठ ने अपने फैसले में इन नागरिकों के मुकदमे सैन्य अदालतों की बजाय आपराधिक अदालतों में चलाने के लिए कहा था। शुक्रवार को सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति खान ने कहा कि सैन्य अदालतों के फैसले सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के खिलाफ सुनी जा रही अपील पर अंतिम निर्णय के अधीन होंगे। अदालत ने फैसला सुनाया कि जिन संदिग्धों को उनकी सजा में रियायत दी जा सकती है, उन्हें रिहा किया जाना चाहिए। लेकिन जिन संदिग्धों को रिहा नहीं किया जा सकता, उन्हें उनकी सजा सुनाने के बाद जेल में भेज दिया जाए। दरअसल, नौ मई 2023 को पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के खिलाफ को विरोध प्रदर्शन हुए थे। इसमें सेना के प्रतिष्ठानों पर हमले किए गए थे। हमले सेना की संपत्ति पर हुए थे, इसलिए 100 से ज्यादा संदिग्धों के मामलों को सैन्य अधिकारियों को सौंप दिया गया था। 23 अक्तूबर 2023 को इन्ही मामलों को लेकर न्यायमूर्ति इजाजुल अहसन की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने सर्वसम्मति से कहा था कि सैन्य अदालतों में नागरिकों पर मुकदमा चलाना संविधान के विरुद्ध है। अभियुक्तों पर सैन्य अदालतों में नहीं बल्कि आपराधिक अदालतों में मुकदमा चलाया जाएगा।

# ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले की फिराक में इजराइल

## सीरिया का 85% एयर डिफेंस तबाह किया, लेबनान में हिजबुल्लाह के आतंकियों को निशाना बनाया

तेल अवीव, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। इजराइल डिफेंस फोर्सेस (आईडीएफ) ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला करने की फिराक में है। गुरुवार को इजराइली अधिकारियों ने बताया कि पश्चिमी एशिया में ईरान समर्थित विद्रोही गुटों के कमजोर पड़ने के बाद उसके परमाणु ठिकानों पर हमले के लिए ये सही समय है। सैन्य अधिकारी सही मौके की तलाश में हैं।

आईडीएफ के अधिकारियों का मानना है कि लेबनान में हिजबुल्लाह के कमजोर पड़ने और सीरिया में असद सरकार के पतन के बाद ईरान अकेला पड़ गया है। ऐसे में वह अपने परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ा सकता है। साथ ही अपनी क्षमता को बढ़ाने के लिए परमाणु बम भी बना सकता है।

सीरिया में असद सरकार के तख्तापलट के बाद से इजराइली हमले जारी हैं। इजराइल सीरिया



के सैन्य ठिकानों और हथियारों को निशाना बना रहा है। अब तक इजराइल के हमलों में 85% से ज्यादा एयर डिफेंस सिस्टम तबाह हो चुका है।

हमलों में 107 एयर डिफेंस कॉम्पोनेंट्स और 47 रडार नष्ट कर दिए गए हैं। इससे पहले रविवार और सोमवार को इजराइल ने सीरियाई एयरबेस और हथियारो डिपो को निशाना बनाया था।

इन हमलों में सैकड़ों मिसाइल, 27 लड़ाकू विमान और 24 हेलिकॉप्टर तबाह कर दिए थे। इसके अलावा इजराइल ने सीरिया के लटाविया में नौसैनिक ठिकानों को भी निशाना बनाया था। इन हमलों में सीरिया के 15 नौसैनिक जहाज तबाह हो गए थे। इन हमलों के लिए इजराइल ने 1800 से ज्यादा हथियारों का इस्तेमाल किया था।

इजराइल ने शुक्रवार को दक्षिणी लेबनान में एयरस्ट्राइक कर हिजबुल्लाह के कई आतंकियों को निशाना बनाया। इजराइल ने आरोप लगाया कि ये आतंकी इजराइली नागरिकों के लिए खतरा पैदा कर रहे थे। इसके अलावा इजराइल और लेबनान के बीच हुए सीजफायर का उल्लंघन कर रहे थे। दूसरी तरफ गाजा पट्टी में भी इजराइली हमले लगातार जारी हैं। इजराइल ने गुरुवार को दक्षिणी गाजा में हवाई हमले कर हमास के कई आतंकियों को निशाना बनाया। इजराइल के खुफिया अधिकारियों के मुताबिक ये आतंकी गाजा में मानवीय सहायता लेकर जाने वाले ट्रकों को हाईजैक करने की तलाश में थे।

# अमेरिका में करोड़पति सीईओ के हत्यारे को हीरो बनाया

## कौन है 26 साल का लुइजी, जिसकी मुस्कान और सिक्स पैक पर फिदा हुए लोग

न्यूयॉर्क, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। मिडटाउन मेन होटल के बाहर यूनाइटेड हेल्थकेयर के बाहर सीईओ ब्रायन थॉम्पसन (50 साल) की पीठ में एक नकाबपोश शख्स ने गोली मार दी। जब यह पता चला कि मृतक अमेरिकी की सबसे बड़ी बीमा कंपनी यूनाइटेड हेल्थकेयर का सीईओ था तो हड़कंप मच गया। पुलिस ने हादसे के 5 दिन बाद आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी का नाम लुइजी मैंगियोन है जिसकी उम्र 26 साल है। लेकिन चौकाने वाली बात है कि इस आरोपी को अमेरिका में बेशुमार समर्थन मिल रहा है। लोग उसे रॉबिनहुड की तरह पेश कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर लोग उसकी मुस्कान और सिक्स पैक एब्स की तरफ कर रहे हैं। इतनी ही नहीं बल्कि उसे बचाने के लिए लोगों ने करोड़ों रूपए जमा कर लिए हैं। कई वेबसाइट्स मैंगियोन से जुड़े



सीईओ ब्रायन थॉम्पसन

सामान भी बेच रही हैं। दूसरी तरफ लोग मृतक ब्रायन के लिए नफरत से भरे पोस्ट कर रहे हैं। न्यूयॉर्क की दीवारों ब्रायन की तस्वीरों वाले पोस्टर लगाए गए हैं, जिनमें वांटेड लिखा गया है। आखिर ऐसी क्या बात है कि एक हत्या के आरोपी के समर्थन में लोग एकजुट हो गए हैं।

ब्रायन कंपनी की एक समिट में शामिल होने के लिए न्यूयॉर्क पहुंचे थे। जैसे ही वे होटल में जाने के लिए दरवाजे के पास पहुंचे एक नकाबपोश हमलावर उनके पास पहुंचा और उनपर गोलियां दाग दी। इसके बाद वह साइकिल से फरार हो गया। ब्रायन को तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए कोशिश शुरू की। सीसीटीवी की मदद से पुलिस ने आरोपी की तस्वीर जारी की। इसके बाद पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी का चेहरा लुइस मैंगियोन से मिलता-जुलता है। पुलिस ने आरोपी पर 50 हजार डॉलर का इनाम रख दिया। घटना के 5 दिन बाद 9 दिसंबर की सुबह मैंगियोन को वेस्ट पेन्सिलवेनिया में मैकडॉनल्ड्स के एक रेस्टोरेंट में देखा गया। इसके बाद मैकडॉनल्ड्स के एक कर्मचारी ने पुलिस को सूचना दी। जब पुलिस वहां पहुंची तो मैंगियोन मास्क पहने लैपटॉप पर कुछ काम कर रहा था। पुलिस ने उसे मास्क उतारने को कहा। इसके बाद पुलिस ने उसे पहचान लिया और गिरफ्तार कर लिया।

# दिल्ली-मुंबई-तुर्किये जा रहे इंडिगो के 400 यात्री इस्तांबुल में फंसे

## खाने को तरसे, एयरलाइन से दी सफाई

इस्तांबुल, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। इंडिगो का सिस्टम एक बार फिर ठप हो गया। नई दिल्ली-मुंबई और तुर्किये के बीच यात्रा करने वाले करीब 400 यात्री इस्तांबुल हवाईअड्डे पर 24 घंटे तक फंसे रहे। जब परेशान यात्रियों ने सवाल करना शुरू किया तो एयरलाइन का कहना था कि परिचालन संबंधी कारणों से उड़ान में देरी हुई।

यात्रियों ने सोशल मीडिया मंच एक्स और लिंक्डइन पर अपना गुस्सा जताया। उन्होंने दावा किया कि उड़ान में पहले देरी हुई और फिर बिना किसी जानकारी के उसे रद्द कर दिया गया। अनुश्री भंसाली नाम की एक यात्री ने बताया कि उड़ान पहले दो घंटे देर हुई और फिर अचानक बताया गया कि उसे रद्द कर दिया गया है। आखिरकार





12 घंटे बाद बताया गया कि उड़ान का समय बदला गया है, जिससे हम सभी फंस गए। उन्होंने बुखार और थकान की शिकायत करते हुए कहा कि यात्रियों को न तो ठहरने की कोई सुविधा दी गई और न ही भोजन उपलब्ध कराया गया। इतना ही नहीं बल्कि इंडिगो के किसी कर्मचारी ने भी हमसे संपर्क नहीं किया।

एक अन्य यात्री रोहन राजा ने कहा कि दिल्ली से सुबह छह बजकर 40 मिनट पर उड़ान रद्द होने के बाद लोगों को ठंड से जूझना पड़ा। उनका दावा था कि एयरलाइन ने उन्हें कथित रूप से उपलब्ध कराए गए आवास तक कोई परिवहन उपलब्ध नहीं कराया। एक और यात्री पार्श्व मेहता ने बताया कि सवा आठ बजे की उड़ान को पहले रात 11 बजे तक टाला। उसके बाद फिर अगले दिन सुबह 10 बजे टाल दिया गया। अफरा-तफरी की स्थिति तब बन गई जब इंडिगो की ओर से कोई घोषणा नहीं की गई और जानकारी तुर्की एयरलाइंस के चालक दल से हासिल हुई।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'हमें बताया गया था कि हमें मुआवजे के रूप में इस्तांबुल हवाई अड्डे पर लाउंज मिलेगा। मगर लाउंज फंसे हुए यात्रियों की संख्या में काफी छोटा था। हम में से कई लोग घंटों तक खड़े रहे। मगर कोई वैकल्पिक उड़ान उपलब्ध नहीं कराई गई।

# सुरक्षाबलों ने दो नक्सली मार गिराए

## दोनों के शव बरामद, फायरिंग जारी, शाह के दौरे से पहले 2 दिन में 9 ढेर

बीजापुर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को मार गिराया है। दोनों के शव को बरामद कर लिया गया है। पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। दोनों तरफ से अब भी फायरिंग जारी है। मामला जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र का है। पुलिस को सूचना मिली थी कि नेंड्रा के जंगल मे भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं, जिसके आधार पर बीजापुर से डीआरजी और सीआरपीएफ के जवानों को मौके के लिए निकाला गया था। आज सुबह जवान इलाके के जंगल पहुंचे, तो नक्सलियों ने फायर खोल दिया। वहीं जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई



की। शाह के दौरे से पहले जवानों ने 9 नक्सलियों को मार गिराया है। अबूझमाड़ के रेकावाया इलाके में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने 7 नक्सलियों को मार गिराया था। इनके शव भी बरामद कर लिए गए। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि की थी। मारे गए 7 नक्सलियों में 2 महिला और 5 पुरुष हैं। 4 जिले के एक हजार से ज्यादा जवानों ने नक्सलियों को घेरा था। इनमें नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर और कोंडागांव जिले की डीआरजी, एसटीएफ और सीआरपीएफ की टीम शामिल है। बता दें कि, 13 दिसंबर 2023 से 12 दिसंबर 2024 तक बस्तर में कुल 217 नक्सली मारे गए हैं।

बीजापुर में बुधवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। जवानों ने एक माओवादी को ढेर कर दिया। वहीं, नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया, जिसमें डीआरजी के 2 जवान घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए बीजापुर जिला अस्पताल लाया गया। हालांकि, दोनों की स्थिति ठीक है। मामला जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र का है।

# एमसीबी में शिक्षक से 9 लाख की ऑनलाइन ठगी

मनेंद्रगढ़, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के एमसीबी जिले के खड़गवां निवासी शिक्षक 9 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया। फोन करने वाले ने शिक्षक को 4जी मोबाइल सीम को 5जी में कन्वर्ट करने का झांसा देकर उनके मोबाइल में प्रोसेसिंग कराई। शिक्षक ने ठग के बताए अनुसार प्रोसेसिंग की। खाते की जांच करने पर उन्हें ठगी का पता चला। मामले में खड़गवां पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, खड़गवां के शिक्षक सूरज लाल सिंह को अज्ञात कॉलर ने फोन किया और पूछा कि आप मोबाइल पर कौन से सिम इस्तेमाल कर रहे हैं। कॉलर ने शिक्षक को 4जी फोन को 5जी में कन्वर्ट करने के लिए फोन पर प्रोसेस करने के स्टेप बताए।

# सुप्रीम कोर्ट की नसीहत

## जजों को फेसबुक समेत सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से रहना चाहिए दूर





नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया जिसमें उसने न्यायधीशों को सोशल मीडिया पर अपनी राय व्यक्त करने से बचने की सलाह दी है। कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि न्यायधीशों को साधु जैसा जीवन जीना चाहिए और घोड़े की तरह काम करना चाहिए। इसके साथ ही, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायपालिका में दिखावा या सोशल मीडिया पर टिप्पणियां करने का कोई जगह नहीं है। जानकारी के मुताबिक ये आदेश विशेष रूप से मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की ओर से दो महिला न्यायधीशों - अदिति कुमार शर्मा और सरिता चौधरी - की बर्खास्तगी से संबंधित मामले पर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बी।वी। नागरत्ना और न। कोटिस्वर सिंह की बेंच ने इस मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि न्यायधीशों को फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने से पूरी तरह बचना चाहिए। कोर्ट ने कहा न्यायधीशों को अपने फैसलों पर सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की टिप्पणी नहीं करनी चाहिए क्योंकि यदि भविष्य में उसी फैसले का हवाला दिया गया तो ये उनकी पूर्व की टिप्पणी से प्रभावित हो सकता है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि न्यायधीशों को अपने कामों में ईमानदारी और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सोशल मीडिया से दूर रहना चाहिए।

### अदिति शर्मा की बर्खास्तगी पर उठे सवाल

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने अदिति कुमार शर्मा और सरिता चौधरी की बर्खास्तगी के मामले में संज्ञान लिया। अदिति शर्मा के मामले में ये दावा किया गया था कि उनका प्रदर्शन 2019-20 से औसत और खराब हो गया था। 2022 में उनकी डिस्पोजल दर 200 से भी कम रही जिसके कारण उनकी बर्खास्तगी की प्रक्रिया शुरू की गई। हालांकि अदिति शर्मा ने उच्च न्यायालय में यह बताया कि 2021 में वे प्रेग्नेंट थी और उसके बाद उनके भाई को कैंसर हो गया था। जिसकी वजह से उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ।

### कोर्ट ने की न्यायिक कामों की गुणवत्ता की समीक्षा

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय से न्यायिक अधिकारियों के कामकाज की गुणवत्ता की समीक्षा करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। कोर्ट ने ये भी कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण न्यायिक कामों का आंकलन सही तरीके से नहीं किया जा सका फिर भी न्यायधीशों को बर्खास्त कर दिया गया। इस पर कोर्ट ने उच्च न्यायालय को नोटिस जारी करते हुए मामले की और गहराई से जांच करने का आदेश दिया।

### न्यायिक अधिकारी की नौकरी से बर्खास्तगी पर एससी ने दिया आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की ओर से छह महिला सिविल जजों की बर्खास्तगी के मामले में भी संज्ञान लिया था। बताया जा रहा है कि इन जजों को प्रदर्शन के आधार पर बर्खास्त किया गया था, लेकिन कोर्ट ने इसे सही तरीके से न करने की बात कही। कोर्ट ने इस मामले की गंभीरता को समझते हुए उच्च न्यायालय को आदेश दिए कि वह इन मामलों की फिर से समीक्षा करे।

## वॉक पर पत्नी अकेली गई तो पति ने दे दिया तीन तलाक,

ठाणे, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के ठाणे जिले से एक दंग कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक पति ने अपनी पत्नी को सिर्फ इसलिए तलाक दे दिया क्योंकि वह अकेले वॉक पर चली गई थी। जी हां, आपने सही सुना। पत्नी के महज अकेले वॉक पर जाने को लेकर पति भड़क उठा और फिर तलाक दे दिया। मिली जानकारी के अनुसार, ठाणे पुलिस ने एक 31 वर्षीय व्यक्ति के खिलाफ अपनी पत्नी को कथित तौर पर 'ट्रिपल तलाक' (तत्काल तलाक) देने के आरोप में मामला दर्ज किया है। इस घटना की जानकारी एक अधिकारी ने शुक्रवार को दी। अधिकारी ने बताया कि मुंब्रा क्षेत्र निवासी आरोपी ने मंगलवार को अपनी 25 वर्षीय पत्नी के पिता को फोन किया और कहा कि वह 'तीन तलाक' के जरिए अपनी शादी को रद्द कर रहा है, क्योंकि उसकी पत्नी अकेले टहलने जा रही थी। अधिकारी ने बताया कि पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने बुधवार को भारतीय न्याय संहिता की धारा 351(4) के तहत आपराधिक धमकी और मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम के तहत व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। मामले की जांच चल रही है।

# 'केंद्र में मंत्री बनने के लिए अजीत पवार गुट सक्रिय

## शरद पवार को लेकर संजय राउत का चौंकाने वाला दावा



मुंबई, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में शिवसेना-यूबीटी के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, अजित पवार की पार्टी के पास अभी सुनील तटकरे के रूप में सिर्फ एक सांसद है। मंत्री बनने के लिए छह सांसद चाहिए, इसलिए यह सारा कवायद प्रफुल्ल पटेल कर रहे हैं। संजय राउत ने कहा, शरद पवार ने मेहनत करके सांसदों को जिताया है। यह सरकार तोड़ने में लगी है। प्रफुल्ल पटेल तोड़कर मंत्री बनना चाहते हैं। शरद पवार की विचारधारा बीजेपी और आरएसएस से मेल नहीं खाती है। शरद पवार और हम लोग साथ हैं। इसके साथ ही उन्होंने वन नेशन, वन इलेक्शन पर कहा, मोदी सरकार यह अपने स्वार्थ के लिए कर रही है। मुझे नहीं लगता है कि पीएम मोदी 2029 तक पीएम रह पाएंगे। यह सरकार जम्मू-कश्मीर और बीएमसी का चुनाव नहीं करा पाती। पीएम मोदी केवल आपनी बात करते हैं। किसी की सुनते नहीं है। बता दें महाराष्ट्र में सरकार बनने के बाद भी विभागों का बंटवारा अभी तक नहीं हो सका है। महायुति के तीनों दलों बीजेपी, एनसीपी और शिवसेना सभी की निगाहें इस पर ही टिकी है। ऐसे में विभाग बंटवारे को लेकर अजित पवार ने अमित शाह और जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। माना जा रहा है कि जल्द ही विभागों का एलान किया जा सकता है। महाराष्ट्र चुनाव में अजित पवार की एनसीपी ने शानदार प्रदर्शन किया था। महाराष्ट्र में कुल 288 सीटों पर हुए चुनाव में एनसीपी 59 सीटों पर लड़ी थी और उसने 41 सीटें जीती थीं। वहीं शरद पवार की पार्टी को इस चुनाव में काफी नुकसान हुआ था और वो केवल 10 सीटें ही जीत सकी थी।

# 'ये देश भय से नहीं चल सकता, ये उठेगा और सत्य मांगेगा', सत्ता पक्ष पर भड़कीं प्रियंका गांधी

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। लोकसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान पहली बार बोलते हुए प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। लोकसभा में अपने पहले भाषण के दौरान प्रियंका गांधी 32 मिनट तक बोलीं, इस दौरान उन्होंने जातीय जनगणना, अदाणी मुद्दे, देश की एकता जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखी। प्रियंका गांधी ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू का जिक्र करके भी सत्ता पक्ष को घेरा और पूछा कि वे अतीत को कब तक कोसते रहेंगे।

प्रियंका गांधी ने कहा कि 'हजारों साल पुरानी हमारे देश की, धर्म की एक पुरानी परंपरा रही है, ये परंपरा संवाद, चर्चा की रही है। एक गौरवशाली परंपरा है, जो दर्शन ग्रंथों, वेदों और उपनिषदों में रही है। अलग-अलग धर्मों में इस्लाम, जैन, सिख धर्म में भी बहस और चर्चा की संस्कृति रही है। इसी परंपरा से हमारा स्वतंत्रता संग्राम उभरा। यह विश्व में अनोखी लड़ाई थी, जो सत्य और अहिंसा पर आधारित थी। हमारी आजादी की लड़ाई लोकतांत्रिक थी, जिसमें हर वर्ग, हर जाति धर्म के लोगों ने इसमें हिस्सा लिया और आजादी की लड़ाई लड़ी। उसी आजादी की लड़ाई से एक आवाज उभरी, वो ही आवाज हमारा देश का संविधान है।'

प्रियंका गांधी ने कहा कि 'ये सिर्फ दस्तावेज नहीं है। इस संविधान के निर्माण में कई नेता वर्षों तक जुटे रहे। इस संविधान ने हर नागरिक को अधिकार दिया कि वो सरकार बना भी सकता है और सरकार बदल भी सकता है। संविधान की जोत ने हर नागरिक को यह विश्वास दिया कि देश बनाने में उसकी भी भागीदारी है। उन्नाव में मैं एक रेप पीड़िता के घर गई, उसे जलाकर मार डाला गया। हम सब के




बच्चे हैं, हम सोच सकते हैं कि उस पर क्या बीती होगी। पीड़िता ने अकेले अपनी लड़ाई लड़ी। ये लड़ने की क्षमता और ये हिम्मत उस पीड़िता को और करोड़ों महिलाओं को ये ताकत हमारे संविधान दी। मैं हाथरस गई, वहां अरुण बाल्मिकी एक पुलिस स्टेशन में साफ-सफाई का काम करता था, उसे चोरी के आरोप में पीटा गया, उसकी मौत हुई। उसके परिवार ने कहा हमें न्याय चाहिए और ये ताकत उन्हें हमारे संविधान ने दी।'

'मैंने संविधान की जोत को जलते हुए देखा है। हमारा संविधान एक सुरक्षा कवच है, जो देशवासियों को सुरक्षित रखता है। ये न्याय, एकता और अभिव्यक्ति की आजादी का कवच है। सत्ता पक्ष के साथी जो बड़ी बड़ी बातें करते हैं। इन्होंने बीते 10 वर्षों में ये सुरक्षा कवच तोड़ने का प्रयास किया। संविधान में सामाजिक, आर्थिक न्याय का वादा है, इसे तोड़ने का काम शुरू हो चुका है। लेटेरल एंट्री के जरिए ये सरकार संविधान को कमजोर करने का काम कर रही है। अगर लोकसभा के नतीजें ऐसे न आए होते तो संविधान को बदलने का काम शुरू हो गया होता।'

प्रियंका गांधी ने कहा कि 'आज जनता की मांग है कि जाति जनगणना हो। सत्ता पक्ष ने भी इसका जिक्र इसलिए किया ताकि आम चुनाव के ऐसे नतीजे आए। जब चुनाव में पूरे विपक्ष ने जातीय जनगणना की आवाज उठाई तो सत्ता पक्ष ने गंभीरता नहीं दिखाई। संविधान ने आर्थिक न्याय की नींव डाली। भूमि सुधार किया, जिनका नाम लेने से आप झिझकते हैं, उन्होंने (पंडित नेहरू) ही एचएएल, ओएनजीसी, आईआईटी तमाम पीएसयू बनाए। उनका नाम पुस्तकों , भाषणों से मिटाया जा सकता है,

## कोरोना के दौरान कर्नाटक में प्राइवेट स्कूलों ने छात्रों से 345 रुपये अधिक वसूले, कैग की रिपोर्ट में दावा

बेंगलूरू, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के प्राइवेट स्कूलों ने 2020-21 में कोरोना महामारी के दौरान छात्रों से 345.80 करोड़ रुपये अधिक वसूले हैं। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने गुरुवार को विधानसभा में पेश की गई अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन है और उसने शुल्क विनियमन में कमी के लिए सरकार की खिंचाई की। प्राथमिक शिक्षण संस्थानों के कामकाज पर अपनी रिपोर्ट में कैग ने कहा कि स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के पास निजी गैर-सहायता प्राप्त संस्थानों द्वारा एकत्र की जाने वाली फीस पर नजर रखने का कोई तरीका नहीं है। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि निगरानी के अभाव के कारण फीस विनियमन का उल्लंघन



हुआ है और उसने ऑनलाइन स्कूलों को नियामक ढांचे के अंतर्गत न लाने के लिए सरकार की आलोचना भी की। कैग ने स्वास्थ्य पर अपनी एक अन्य रिपोर्ट में कहा कि मार्च 2022 के अंत तक सरकार को 17.79 करोड़ रुपये मूल्य की कोरोना की दवाइयों की आपूर्ति नहीं की गई। कुल मिलाकर सरकार ने 665 करोड़ रुपये मूल्य की दवाओं के 'ऑर्डर' दिए थे और 415 करोड़ रुपये मूल्य की दवाओं की आपूर्ति में एक से 252 दिनों तक की देरी हुई।

## भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या को कर्नाटक हाईकोर्ट से राहत

# किसान आत्महत्या मामले में दर्ज एफआईआर रद्द






**बंगलूरू, 13 दिसंबर (एजेंसियां)।**

भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष और बंगलूरू दक्षिण से सांसद तेजस्वी सूर्या को बड़ी राहत मिली है। कर्नाटक हाईकोर्ट ने भाजपा सांसद के खिलाफ दर्ज एफआईआर को खारिज कर दिया है। सूर्या पर हावेरी जिले में एक किसान की आत्महत्या के मामले में फर्जी खबर फैलाने का आरोप था। आठ नवंबर को तेजस्वी सूर्या ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया था कि हावेरी जिले के किसान रुद्रप्पा बालिकाई ने अपनी जमीन पर वक्फ बोर्ड के कब्जे के बाद आत्महत्या कर ली। उन्होंने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और मंत्री बीजेड जमीर अहमद खान पर कर्नाटक में विनाशकारी प्रभाव डालने का आरोप लगाया था।

### बाद में आया सच सामने

सूर्या ने अपनी पोस्ट में एक स्थानीय पोर्टल की खबर का लिंक भी साझा किया था। हालांकि, पुलिस जांच में सामने आया कि किसान ने कर्ज के बढ़ते बोझ के कारण आत्महत्या की थी। इसके बाद उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 353 (2) के तहत दर्ज प्राथमिकी की गई थी।

### अदालत ने दी राहत

सूर्या ने एफआईआर को चुनौती देते हुए इसे खारिज करने की मांग की थी। जस्टिस एम नागप्रसन्ना ने गुरुवार को उनकी याचिका पर फैसला सुनाते हुए एफआईआर रद्द कर दी।

### वकील ने क्या दलील दी

सूर्या की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अरुणा श्याम ने अदालत को बताया कि मृतक किसान के पिता ने कर्नाटक वक्फ बोर्ड की संलिप्तता वाले भूमि विवाद से संबंधित शिकायतें उठाई थीं, जिसके बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर सांसद ने यह पोस्ट किया। हालांकि, हावेरी के पुलिस अधीक्षक अंशु कुमार ने बाद में स्पष्ट किया कि किसान रुद्रप्पा कर्ज के चलते आत्महत्या की। इस स्पष्टीकरण के बाद सूर्या ने पोस्ट डिलीट कर दिया था।

## खंडवा में जादू-टोने के शक में पड़ोसी की हत्या

खंडवा, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। खंडवा में एक युवक ने पड़ोसी की कुल्हाड़ी से गर्दन पर हमला कर हत्या कर दी है। आरोपी ने जादू-टोने के शक में मर्डर किया है। घटना गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात दो बजे की है। मृतक पेशाब करने के लिए बाहर निकला, इसी बीच घात लगाकर बैठे आरोपी ने हमला कर दिया। आरोपी ने मृतक और उसकी पत्नी को गालियां दी। फिर कुल्हाड़ी से वार कर गर्दन अलग कर दी। मामला बोरगांव चौकी क्षेत्र के ग्राम छनेरा का है। पुलिस के मुताबिक, वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी घटनास्थल पर ही लाश के सामने बैठा रहा। हाथ में कुल्हाड़ी थी, वह उसके पास आने वाले व्यक्ति को भी धमका रहा था। सूचना मिलते ही रात 4 बजे पुलिस पहुंची तो पुलिसकर्मियों को कुल्हाड़ी दिखाकर डराने लगा। काफी मशक्कत के बाद उसके हाथ से कुल्हाड़ी छीनी और आरोपी को हिरासत में लिया।

# पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को राहत

## सुप्रीम कोर्ट ने दी सशर्त अग्रिम जमानत



नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने 'नौकरी के लिए नकदी' घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को सशर्त अग्रिम जमानत दे दी। कोर्ट ने कहा कि पार्थ चटर्जी को एक फरवरी को रिहा किया जाएगा, बशर्ते निचली अदालत आरोप तय करे और गवाहों से पूछताछ करे। इसके अलावा कोर्ट ने कहा कि पार्थ चटर्जी रिहा होने के बाद कोई सार्वजनिक पद नहीं संभालेंगे, लेकिन विधायक बने रह सकते हैं। जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि पार्थ चटर्जी को एक फरवरी 2025 को रिहा किया जाएगा, बशर्ते कि निचली अदालत शीतकालीन अवकाश से पहले आरोप तय करे और जनवरी 2025 के दूसरे और तीसरे सप्ताह तक गवाहों से पूछताछ कर ली जाए। पीठ ने कहा कि किसी संदिग्ध को अनिश्चितकाल तक हिरासत में नहीं रखा जा सकता, इसलिए उसे आरोपी और पीड़ितों के अधिकारों में संतुलन बनाना होगा।

### पार्थ चटर्जी की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था

इससे पहले शीर्ष अदालत ने चार दिसंबर को पार्थ चटर्जी की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। तब कोर्ट ने कहा था कि पहली नजर में आप भ्रष्ट व्यक्ति प्रतीत होते हैं। आपके परिसरों से करोड़ों रुपये बरामद हुए हैं। शीर्ष अदालत ने अक्तूबर में पार्थ चटर्जी की ओर से 30 अप्रैल के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर अपील पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी किया था। फैसले में इस आधार पर जमानत देने से इनकार कर दिया गया था कि उनके खिलाफ धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रथम दृष्टया मामला बनता है।

### अनियमितताओं के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था

पार्थ चटर्जी को पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से प्रायोजित और सहायता प्राप्त प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की भर्ती में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। उनकी कथित करीबी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी को भी ईडी ने कथित अवैध भर्तियों में धन के लेन-देन की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। ईडी ने दावा किया कि उसने अर्पिता के कई फ्लैट से 49.80 करोड़ रुपये नकद, आभूषण, सोने की छड़ें, संयुक्त स्वामित्व वाली संपत्ति और एक कंपनी के दस्तावेज बरामद किए हैं।


## 5 मिनट में 7 लोगों की मौत, एक चूक से आग की लपटों से घिरा अस्पताल

चेन्नई, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के डिंडीगुल में प्राइवेट हॉस्पिटल में भीषण अग्निकांड से हाहाकार मच गया था। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 3 महिलाएं और नाबालिग शामिल है। मरने वाले लोग लिफ्ट में बेहोश की हालत में मिले थे, जिन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अग्निकांड त्रिची रोड स्थित ऑर्थोपेडिक केयर सिटी हॉस्पिटल में हुआ। हादसे के वक्त अस्पताल में करीब 30 मरीज थे, जिन्हें रेस्क्यू करके दूसरे अस्पताल में भर्ती किया गया। 6 लोगों की मौत दम घुटने से हुई है, वहीं एक और शख्स की मौत होने की खबर है, लेकिन अभी पुष्टि नहीं हुई है।

वहीं घायल लोगों की हालत अब खतरे से बाहर है। पुलिस जांच में आग लगने के कारणों का खुलासा हुआ है। वहीं हादसास्थल पर अग्निकांड के दौरान मरीजों का दर्द भी घायलों ने बयां किया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हादसा गुरुवार रात करीब 10 बजे हुआ। अस्पताल के रिसेप्शन पर शॉर्ट सर्किट होने से चिंगारी भड़की, जिससे आग लग गई। आग ने देखते ही देखते पूरे अस्पताल में अपनी चपेट में ले लिया। अस्पताल को आग की लपटों से घिरा देखकर चीख पुकार मच गई। अस्पताल के बाहर लोगों में भी दहशत फैल गई। अफरा तफरी मचने के बाद लोगों ने बाहर से पानी फेंकना शुरू किया। लोगों ने ही फायर ब्रिगेड और पुलिस को अग्निकांड की सूचना दी।

जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची। फायर कर्मियों ने अस्पताल में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर घायलों को दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में सर्च ऑपरेशन के दौरान लिफ्ट के अंदर एक बच्चे समेत 6 लोग बेहोश मिले, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अग्निकांड का पता लगते ही ग्रामीण विकास मंत्री आई। पेरियासामी, पूर्व मंत्री डिंडीगुल सी। श्रीनिवासन, डिंडीगुल कलेक्टर एमएन। पूंगोडी, पुलिस अधीक्षक ए। प्रदीप और पलानी विधायक आई।पी। सेंथिल कुमार मौके पर पहुंचे। मंत्री ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। घायलों को हरसंभव मदद और उपचार उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

# एमपी में जैविक कपास घोटाले पर प्रधानमंत्री को लिखे पत्र का दिग्विजय को मिला जवाब -हो रही कार्रवाई



भोपाल, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने 27 अगस्त 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सम्बोधित करते हुए एक पत्र लिखा था जिसमें उन्होंने मध्य प्रदेश में ऑर्गेनिक कॉटन घोटाले की जांच कराने का आग्रह किया था। जिसका जवाब उन्हें केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने दिया है। उन्होंने जवाबी पत्र में कहा कि जैविक कपास प्रमाणीकरण में गंभीर उल्लंघन पर कार्रवाई जारी है। दिग्विजय सिंह ने प्रधानमंत्री को लिखा था कि मध्य प्रदेश के निमाड़ अंचल में ऑर्गेनिक कॉटन उत्पादकों के फर्जी समूह बनाए गए हैं और इन समूहों में ऐसे गांवों के किसानों के नाम भी शामिल किए गए हैं जो न तो ऑर्गेनिक कॉटन का और न ही साधारण बीटी कॉटन का उत्पादन करते हैं। साथ ही पूर्व सीएम ने लिखा था कि कंट्रोल यूनियन नामक सर्टिफिकेशन बॉडी द्वारा बगैर भौतिक सत्यापन के एपिडा और व्यापारियों की मिलीभगत से ऑर्गेनिक उत्पादन के सर्टिफिकेट जारी किए गए हैं। उन्होंने आग्रह किया था कि प्रधानमंत्री जी इस मामले की जांच कराएं और दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई करें। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को स्पष्ट तौर से आग्रह किया था कि यह घोटाला भले ही मध्य प्रदेश से उजागर हुआ हो, लेकिन इसकी जड़ें पूरे देश में फैली हुई हैं। प्रधानमंत्री जी देश भर में ऑर्गेनिक उत्पादों को प्रमाणपत्र देने का काम कर रही सभी सर्टिफिकेशन बॉडीज द्वारा जारी सर्टिफिकेट की निष्पक्ष जांच करवाएं।

### मामले में की गई कार्रवाई

दिग्विजय सिंह द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे गए उक्त पत्र के जवाब में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जवाबी पत्र में कहा है कि जैविक कपास प्रमाणीकरण में अनियमितता के मामले में कार्रवाई की गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि इस सम्बन्ध में जुलाई और अगस्त 2024 में जांच की गई और राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी) विनियमन के प्रमाणन प्रक्रिया में गंभीर उल्लंघन पाया गया।

### निकाय को एक वर्ष के लिए किया निलंबित

केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा है कि एक प्रमाणन निकाय को एक वर्ष की अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया है और कुछ अन्य प्रमाणन निकायों पर कार्यवाही जारी है। उन्होंने कहा है कि संबंधित उत्पादक समूह को एनपीओपी के तहत पंजीकरण से रद्द कर दिया गया है। पियूष गोयल ने कहा है कि इस मामले को इंदौर के पुलिस आयुक्त और धार, मध्य प्रदेश के पुलिस अधीक्षक के समक्ष भी उठाया गया है और मामले का संज्ञान लेने और कानून के अनुसार प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय इस मामले पर उचित कार्रवाई जारी रखेगा।

# छिंदवाड़ा में बीजेपी के सीनियर नेता ने सुसाइड किया

## पूर्व नपाध्यक्ष ने कमरा बंद कर खुद को गोली मारी; दरवाजा तोड़कर निकाला शव



छिंदवाड़ा, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। छिंदवाड़ा में भाजपा नेता और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कन्हई राम रघुवंशी ने खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। घटना शुक्रवार सुबह 10.30 बजे की है। रघुवंशी श्री गणेश कॉलोनी स्थित अपने बंगले पर थे। उन्होंने ऊपर वाले कमरे का दरवाजा बंद कर 15 बोर की राइफल से गोली मार ली। घटना के वक्त परिजन नीचे थे। कमरे का दरवाजा तोड़कर शव निकाला गया है। एडिशनल एसपी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। कन्हई राम रघुवंशी को एमपी विधानसभा चुनाव में जिला संयोजक की कमान सौंपी गई थी।

अनुभवी नेताओं में शुमार कन्हई राम 10 साल तक नगर पालिका अध्यक्ष रहे। ऐसा माना जाता है कि उनकी निर्विवाद छवि के कारण वह पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं की पहली पसंद थे। कन्हई राम को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र तोमर का करीबी माना जाता है। कन्हईराम ने सुसाइड किन कारणों से किया है, अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि भाजपा नेता ने अपने सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मारी है। सुसाइड की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर भाजपा नेताओं के साथ कार्यकर्ता और जान–पहचान वाले भी पहुंचने लगे हैं। घर के बाहर लोगों की भीड़ लग गई हैं। सुसाइड स्थल पर पुलिस भी जांच में जुटी हुई है।



# जयपुर कैंसर अस्पताल में बच्चे को चूहों ने कुतरा

## इलाज के दौरान मौत, अस्पताल की लापरवाही उजागर




जयपुर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट (एससीआई), जयपुर में एक 10 वर्षीय ब्लड कैंसर पीड़ित बच्चे की दर्दनाक मौत ने सरकारी अस्पतालों की स्वच्छता और प्रबंधन की गंभीर खामियों को उजागर किया है। अस्पताल में भर्ती इस बच्चे के पैर का अंगूठा चूहों ने कुतर दिया था। शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना के मुताबिक 11 दिसंबर को प्रताप नगर स्थित एससीआई के पीडियाट्रिक वार्ड में भर्ती इस बच्चे को चूहों ने रात में सोते समय काटा। परिजनों ने जब बच्चे के दर्द से रोने पर कंबल हटाया, तो उन्होंने देखा कि उसके पैर का अंगूठा चूहों ने कुतर दिया था। पैर से खून बह रहा था, लेकिन नर्सिंग स्टाफ ने सिर्फ पट्टी बांधने तक ही सीमित कार्रवाई की। यह घटना तब घटी, जब बच्चे को ब्लड कैंसर के इलाज के लिए भर्ती किया गया था। इस हादसे के बाद अस्पताल की सफाई और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट के अधीक्षक डॉ. संदीप जसूजा ने घटना की पुष्टि की थी। कहा, बच्चे को चूहे के काटने की जानकारी आने के तुरंत बाद उसका इलाज शुरू किया गया। सफाई व्यवस्था में सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि, घटना के बाद सामने आए तथ्यों ने प्रबंधन की असफलता और सफाई व्यवस्था की दुर्दशा को उजागर किया है।

वार्डों की स्थिति : मरीजों और परिजनों ने बताया कि वार्डों में चूहे, कुत्ते और बिल्लियों का खुलेआम घूमना आम बात है। पिछले पांच दिनों से सफाई व्यवस्था ठप होने के कारण अस्पताल परिसर में गंदगी पसरी हुई है। ठेकेदार द्वारा कर्मचारियों को वेतन न मिलने और नई फर्म को काम सौंपने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।

लापरवाही का दायरा : एससीआई जैसा प्रतिष्ठित संस्थान, जो राजस्थान का सबसे बड़ा कैंसर अस्पताल है, ऐसी घटनाओं के कारण कटघरे में है। यह घटना इस बात का प्रमाण है कि अस्पतालों में स्वच्छता और सुरक्षा जैसी बुनियादी व्यवस्थाओं की भी अनदेखी की जा रही है।

जयपुर के एससीआई में हुई इस घटना ने सरकारी अस्पतालों की व्यवस्थागत खामियों को उजागर किया है। सफाई और सुरक्षा जैसे बुनियादी मुद्दों पर ध्यान न देना न केवल मरीजों की सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की विश्वसनीयता पर भी गंभीर असर डालता है। इस घटना की गहन जांच और जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है।

## नरेश मीणा की जमानत खारिज

टोंक, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। उनियारा एसीजेएम कोर्ट ने नरेश मीणा की जमानत याचिका खारिज कर दी है। इसी के साथ नरेश मीणा के समर्थकों को एक बार फिर निराशा हाथ लगी है। नरेश समरावता प्रकरण में जेल में बंद है। अकेले नरेश मीणा की जमानत याचिका सात दिसंबर को उनियारा एसीजेएम कोर्ट में लगाई थी। गुरुवार को नरेश मीणा की जमानत पर वीसी से सुनवाई हुई। लेकिन फैसला पेंडिंग रख लिया था। शुक्रवार को जज सुरभि सिंह ने फैसला सुनाते हुए नरेश मीणा की जमानत याचिका खारिज कर दी।

**नरेश के खिलाफ चार मामले**

निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा के खिलाफ देवली-उनियारा विधानसभा उपचुनाव के दौरान एसडीएम से मारपीट करने समेत चार मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें एसडीएम के थप्पड़ मारने के अलावा राजकार्य में बाधा डालने, आगजनी करने, पुलिस कर्मियों को चकमा देकर हिरासत से भागने का मामला दर्ज है। एसीजेएम कोर्ट के अभियोजन अधिकारी (एपीपी) के अनुसार नरेश मीणा की धारा 166 में जमानत याचिका खारिज हुई है।

# सीएम बोले-मैं भी किसान परिवार से, तकलीफ जानता हूं

### *स्पीकर देवनानी ने कहा-षड़यंत्र का शिकार न बनें; महिलाओं को डेयरी बूथ, गोपालकों को क्रेडिट कार्ड बांटे*



अजमेर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के 70 लाख से ज्यादा किसानों को 702 करोड़ रुपए की सम्मान निधि की दूसरी किस्त जारी की। इस आयोजन में सीएम ने किसानों-पशुपालकों से जुड़ी 4 नई योजनाओं की भी शुरुआत की। इस दौरान किसानों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा- किसान धरती माता का सच्चा सपूत है। मैं भी किसान के परिवार में जन्मा हूं, सब जानता हूं। कैसे खेती होती है। किसान, सर्दी में कितनी तकलीफ पाता है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसान खुशहाल होगा तो देश खुशहाल होगा। किसान धरती माता का सच्चा सपूत है। 23 दिसम्बर को पूरे देश में किसान दिवस मनाने जा रहा है। किसान दिवस की शुरुआत अटल बिहारी सरकार ने की थी। प्रधानमंत्री मोदी के मन में किसानों का भला करने की इच्छा शक्ति है। कार्यक्रम में विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कहा- राजस्थान में 4 जातियां है, किसान, गरीब, युवा और महिलाएं। हमारे किसानों को नई तकनीक को अपनाना चाहिए। किसान का जीडीपी में भी योगदान है। किसान केवल व्यवसाय नहीं करता। यह जमीन से जुड़ा है। किसान राजनैतिक षड़यंत्र के शिकार न बनें। देश के विकास में अहम भूमिका है। इसमें सहभागी बने। योजनाओं तो बहुत हैं, लेकिन अधिकारी इसे धरातल पर उतरे। किसान की खुशहाली का ध्यान रखे।

**हर वर्ग के लिए सोच रही सरकार: उप मुख्यमंत्री**

डिप्टी सीएम ने कहा- किसानों पशुपालकों के साथ-साथ आगे भी राजस्थान की जनता को बहुत कुछ मिलने वाला है। प्रदेश में राइजिंग राजस्थान का सफल आयोजन हुआ। एक साल पूरा हुआ और इस दौरान योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग को फायदा पहुंचाया गया। राजस्थान में बहुत कुछ बदल रहा है और छवि बदल रही है। यह हर्ष का विषय है।

# सीएम भजनलाल के बाद उपराष्ट्रपति की सुरक्षा में बड़ी चूक!

### *› काफिले में शामिल हो गया गैस सिलेंडर से भरा ट्रक*



जयपुर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के काफिले के हादसे के बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की सुरक्षा में भी बड़ी चूक का मामला सामने आया है. एयरपोर्ट लौटते समय उपराष्ट्रपति के काफिले में अचानक गैस सिलेंडरों से भरा ट्रक घुस गया। ट्रक काफिले के साथ साथ आगे बढ़ता रहा, जिसे देखकर यातायात पुलिसकर्मी भी हैरान हो गए. गनीमत रही की किसी तरह का कोई हादसा नहीं हुआ. बता दें कि इस चौराहे पर करीब एक घंटे पहले ही सीएम के काफिले में घुसी कार से एक एएसआई सहित 2 की मौत हो गई थी और 4 पुलिसकर्मी सहित 6 लोग घायल हो गए थे।

घटना शाम करीब 4.10 बजे की है, जब उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ लघु उद्योग भारती के सोहन सिंह स्मृति कौशल विकास केंद्र के लोकार्पण कार्यक्रम के बाद एयरपोर्ट लौट रहे थे. तभी जगतपुरा में अक्षयपात्र सर्किल पर काफिला सीतापुरा से आ रहा था. इस दौरान ही सीतापुरा से ही आ रहा गैस सिलेंडरों से भरा एक ट्रक काफिले के बीच घुस गया. ट्रक, धीरे-धीरे काफिले के साथ चलता रहा. ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने ट्रक को रोकने का भी प्रयास किया, लेकिन तब तक काफिला तेज गति से वहां से गुजर गया. जिसका वीडियो भी सामने आया है।

इसी कार्यक्रम में शिरकत करने जाते वक्त इसी चौराहे पर दोपहर करीब 3 बजे सीएम भजनलाल शर्मा के काफिले की दो गाड़ियों को एक टैक्सी ने जोरदार टक्कर मार दी थी. हादसे के बाद खुद मुख्यमंत्री ने अपनी गाड़ी से घायलों को अस्पताल पहुंचाया था, लेकिन इलाज के दौरान ड्यूटी पॉइंट पर तैनात एएसआई सुरेन्द्र सिंह ने दम तोड़ दिया था. सुरेन्द्र सिंह मुख्यमंत्री के काफिले में कार को जाते देख बीच में आ गए थे और उसे रोकने की कोशिश की थी. हालांकि, तेज रफ्तार कार ने उन्हें कुचल दिया था. कार चालक की भी अस्पताल में मौत हो गई थी.

## फतेहपुर में जीरो पर पहुंचा पारा, चूरू-झुंझुनू में भी गलन बढ़ी

**मौसम विभाग ने दी बारिश की चेतावनी**

जयपुर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में इस सीजन में पहली बार पारा जीरो डिग्री को छू गया है। फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 0.1 डिग्री दर्ज किया गया है। प्रदेश के अन्य शहरों में भी न्यूनतम तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अगले दो सप्ताह का पूर्वानुमान जारी कर दिया है। इसमें 13 से 19 दिसंबर तक प्रदेश में बारिश की चेतावनी भी दी गई है। इसके चलते न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री तक की कमी आ सकती है। मौसम केंद्र ने जो पूर्वानुमान जारी किए हैं उनमें 13 दिसंबर से 26 दिसंबर के बीच प्रदेश के कई इलाकों में न्यूनतम पारे में और गिरावट आ सकती है। खासतौर पर 20 से 26 दिसंबर के बीच प्रदेश भयंकर शीत लहर की चपेट में रहेगा और ज्यादातर शहरों में पारा शून्य के आस-पास रह सकता है।

# 9 महीने बाद जेल से छूटा तो इतना खुश हुआ कि 'सेलिब्रेशन' ने ही फिर सलाखों के पीछे पहुंचाया

**अबकी बार दोस्त भी साथ**




बूंदी, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थानमें एक बजरी माफिया जब्बार को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली थी। जेल से रिहा होते ही उसके दोस्तों ने डीजे बजाकर जश्न मनाया। इस जश्न में हाईवे पर जुलूस निकाला गया, जिससे ट्रैफिक जाम हो गया।

पुलिस ने शांति भंग के आरोप में जब्बार और उसके तीन दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया। फिर से जेल भेज दिया गया। यह घटना बुधवार शाम हिंडोली थाना क्षेत्र की है।

**डीजे वाले बाबू मेरा गाना चला दो... तभी आ पहुंची पुलिस**

जब्बार पिछले साल से अवैध बजरी के मामले में जेल में बंद था। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद उसे रिहा किया गया। जब्बार के दोस्त उसकी रिहाई से बहुत खुश थे। उन्होंने डीजे बजाकर और जमकर नाच रहे थे। यह जुलूस तलाव गांव से निकाला गया और नेशनल हाईवे पर पहुंच गया। इससे हाईवे पर ट्रैफिक जाम हो गया। सूचना मिलने पर हिंडोली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जब्बार और उसके तीन दोस्तों सलमान, शकील और नाजिम को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार पहुंचने वाला था लेकिन...

जब्बार के दोस्त उसे खुशी-खुशी घर ले जाने आए थे। लेकिन कुछ ही देर में उसे फिर से जेल जाना पड़ा। यह देखकर उसके दोस्त बहुत निराश हो गए। हिंडोली पुलिस ने बताया कि जब्बार को सदर थाना पुलिस ने अवैध बजरी के मामले में गिरफ्तार किया था। इस मामले की जांच सीबीआई ने की थी। जब्बार करीब 9 महीने से जेल में बंद था। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद ही वह जेल से बाहर आया था।

50-50 हजार रुपये का मुचलका नहीं जमा कराया, फिर जेल भेजा

गांव के कुछ युवाओं ने जब्बार की जमानत की खुशी में हाईवे पर जुलूस निकाला। इससे ट्रैफिक जाम हो गया।

पुलिस ने जब्बार, सलमान, शकील और नाजिम को गिरफ्तार कर लिया। चारों आरोपियों को उपखंड मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। मजिस्ट्रेट ने चारों आरोपियों से 50-50 हजार रुपये के मुचलके मांगे। मुचलके पेश नहीं करने पर चारों को जेल भेज दिया गया। जेल से छूटने की खुशी मनाना जब्बार और उसके दोस्तों को भारी पड़ गया। डीजे बजाकर जश्न मनाने के चक्कर में वे फिर से जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गए।

# रितुराज बनीं शेखावत राजपरिवार की दुल्हन पाकिस्तान के अमरकोट रियासत की हैं राजकुमारी



हनुमानगढ़, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा में शेखावत परिवार में भव्य शादी का आयोजन हुआ। इसमें उदयवीर सिंह का विवाह पाकिस्तान के अमरकोट रियासत के राजपरिवार की राजकुमारी रितुराज से हुआ। जयपुर के केसर बाग मैरिज गार्डन में आयोजित इस समारोह में पाकिस्तान से 50 मेहमान और राजपरिवार के सदस्य शामिल हुए। शादी में कांग्रेस और भाजपा के वरिष्ठ नेता, मंत्री, विधायक, आईएएस अधिकारी और बड़े उद्योगपति उपस्थित रहे। इसके बाद रिसेप्शन पीलीबंगा के ग्राम पंचायत 24 एसटीजी में संपन्न हुआ। शादी के बाद शेखावत का परिवार पाकिस्तान के अमरकोट रियासत जाएगा, जहां राजकुमारी के ससुराल में शादी का जश्न मनाया जाएगा।

बता दें कि कांग्रेस के वरिष्ठ राजनेता ठाकुर नरपत सिंह शेखावत के भतीजे और उनके बड़े भाई ठाकुर किशोर सिंह शेखावत के बेटे उदयवीर सिंह का विवाह पाकिस्तान के अमरकोट रियासत सोनगढ़ के राजपरिवार में राजकुमारी रितुराज के साथ हुआ है। शादी में पाकिस्तान के राजपरिवार के साथ 50 मेहमान भी शामिल हुए इस शादी में कांग्रेस-भाजपा नेताओं सहित एमएलए, मंत्री, आईएएस, कई बड़े उद्योगपति शामिल हुए इस शादी का रिसेप्शन पीलीबंगा की ग्रामपंचायत गांव 24 एसटीजी में संपन्न होगा है। वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न होने एवं वीजा मिलने के बाद शेखावत परिवार भी पाकिस्तान जाएगा, जहां उदयवीर सिंह के ससुराल में शादी का जश्न मनाया जाएगा। शादी की सभी रस्में अदा होंगी।

## अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी पर बोले वरूण केवल एक्टर जिम्मेदार नहीं




जयपुर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन शुक्रवार को अपनी फिल्म प्रमोशन के लिए जयपुर आए। यहां ज्वेल ऑफ इंडिया स्थित सिनेपॉलिस में मीडिया से उन्होंने अपनी फिल्म बेबी जॉन सहित कई मुद्दों पर बात की। वरूण धवन ने अल्लू अर्जुन को हिरासत में लेने की बात पर बोले- केवल एक्टर जिम्मेदार नहीं है। सेफ्टी प्रोटोकॉल भी होता है। इसके लिए एक इंसान पर आरोप नहीं लगाया जा रसकता। इसके साथ ही उन्होंने अपनी बेटी, परिवार और मूवी से जुड़े कई एक्सपीरिएंस शेयर करते हुए कहा- मैं एक बेटी का पिता हूं और इसके होने के बाद मुझमें कई तरह के बदलाव आए हैं। अब मैं महिला सुरक्षा, सम्मान जैसे विषयों पर पहले से ज्यादा मजबूत हुआ हूं। बेबी जॉन फिल्म में भी मैं एक बेटी का बाप बना हूं, ऐसे में वहां भी अपने इमोशंस को दिखा पाया हूं।

गौरतलब है कि बेबी जॉन 2016 में बनी सुपरहिट तमिल मूवी थेरी का रीमेक है। इसका निर्देशन तमिल के प्रसिद्ध निर्देशक कलिस ने किया है। 'बेबी जॉन' में वरुण धवन के साथ राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म मुराद खेतानी, प्रिया एटली और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है।

# बीजेपी नेता गिर्राज मलिंगा को सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

### 20 नवंबर को किया था सरेंडर, विधायक रहते हुए एईएन-जेईएन पर हमले का आरोप



जयपुर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। बीजेपी नेता और पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ ने मलिंगा को जमानत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को जमानत की शर्तें तय करने के लिए कहा है। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि आरोपी पर गंभीर आरोप है।

दरअसल, गिर्राज सिंह मलिंगा पर विधायक रहते हुए बिजली विभाग के एईएन और जेईएन पर हमले का आरोप है। मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मलिंगा ने 20 नवंबर को धौलपुर जिले के एससी-एसटी कोर्ट में सरेंडर किया था। सुप्रीम कोर्ट ने मारपीट मामले में 8 नवंबर को सुनवाई के दौरान मलिंगा को 2 सप्ताह में सरेंडर करने के लिए कहा था। कोर्ट ने कहा था कि सरेंडर करने के 4 सप्ताह बाद कोर्ट मामले में सुनवाई शुरू करेगी। धौलपुर के बाड़ी डिस्कॉम ऑफिस में 28 मार्च 2022 को एईएन हर्षदापति और जेईएन नितिन गुलाटी के साथ मारपीट हुई थी। एईएन हर्षदापति ने तत्कालीन कांग्रेस विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा और अन्य लोगों के खिलाफ 29 मार्च को मारपीट करने, राजकार्य में बाधा डालने और एससी-एसटी एक्ट में केस दर्ज कराया था। मामले में 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। घटना के बाद तत्कालीन धौलपुर एसपी शिवराज मीणा का भी तबादला कर दिया गया था। बिजली विभाग के इंजीनियर्स के साथ मारपीट होने के बाद निगम के कर्मचारियों में आक्रोश भड़क गया था। गिर्राज मलिंगा ने 11 मई को जयपुर के तत्कालीन पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव के सामने सरेंडर किया था।

# 'जैसलमेर नहीं आना चाहते अधिकारी' पशुपालन मंत्री बोले-ट्रांसफर के बाद जॉइनिंग ही नहीं कर रहे, सीएम से करेंगे बात

जैसलमेर, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। पशुपालन एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा-जैसलमेर में कई अधिकारियों का पदस्थापन किए जाने के बावजूद वे यहां काम करने नहीं पहुंचते हैं। तबादले-पोस्टिंग के बाद अधिकारी यहां जॉइन करने नहीं पहुंचे हैं। स्थानीय विधायक ने यहां कई अधिकारियों की पोस्टिंग करवाई, लेकिन जॉइन करने ही नहीं पहुंचे। इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बात करेंगे। राज्य सरकार के कार्यकाल का एक साल पूरा होने के मौके पर जिले के प्रभारी मंत्री के तौर पर जैसलमेर आए कुमावत ने कहा कि जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी ने कई अधिकारियों की यहां पोस्टिंग करवाई, लेकिन वे जॉइन करने नहीं पहुंचे हैं। इस संबंध में मुख्यमंत्री से बात की जाएगी। प्रभारी मंत्री ने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों सहित कई विभागीय अधिकारियों के पद रिक्त रहने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में सर्किट हाउस में यह बात कही। कुमावत




ने कहा कि ऐसे अधिकारियों को जिले में भिजवाया जाएगा, ताकि इस मरुस्थलीय जिले को भी अधिकारियों की सेवाएं मिल सके। गौरतलब है कि जैसलमेर जिले में कई समय से अधिकारियों के पद रिक्त चल रहे हैं। जिनमें एडीएम, यूआईटी सचिव, एसडीएम फतेहगढ़, सहायक लोक सेवाएं जैसे महत्वपूर्ण और बड़े पद खाली है। जिसको लेकर आमजन के काम समय पर नहीं हो रहे हैं। मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया- स्थानीय विधायक छोटूसिंह भाटी ने इस बारे में बताया है। कई अधिकारी जैसलमेर आना नहीं चाहते हैं। इसको लेकर सीएम से बात की जाएगी और खाली चल रहे कई पदों को जल्द से जल्द भरने के काम को प्रमुखता से किया जाएगा। मंत्री कुमावत ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने पहला ही बजट ऐतिहासिक पेश किया।

## शिक्षक व एएसआई भर्ती पेपर लीक प्रकरण में शिक्षक लोकेश शर्मा गिरफ्तार

दौसा, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। शिक्षक और एएसआई भर्ती पेपर लीक प्रकरण में एसओजी (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सरकारी शिक्षक लोकेश शर्मा उर्फ लोकेश आर्यन को गिरफ्तार कर लिया। एसओजी की टीम ने महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी स्कूल, छतरी वाली ढाणी से लोकेश शर्मा को हिरासत में लिया और जयपुर ले गई। इस कार्रवाई के बाद स्कूल और पूरे शहर में हड़कंप मच गया। पेपर लीक मामले में पहले गिरफ्तार हुए आरोपी रिंकू शर्मा डेरा की पूछताछ में लोकेश शर्मा का नाम सामने आया। एसओजी के अनुसार, लोकेश शर्मा पेपर लीक प्रकरण में मुख्य सरगना है। आरोप है कि उसने पेपर बेचकर आठ लोगों की नौकरियां लगवाई हैं। लोकेश शर्मा सामाजिक कार्यों में सक्रिय होने और कई व्हाट्सएप ग्रुप चलाने के लिए जाना जाता था।

# सरस्वती पुष्कर के लिए व्यापक व्यवस्था की जानी चाहिए : धर्मार्थ मंत्री

## मंत्री कोंडा सुरेखा ने सरस्वती पुष्कर की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश



हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वन और पर्यावरण मंत्री, धर्मार्थ मंत्री कोंडा सुरेखा ने अधिकारियों को जयशंकर भूपालपल्ली जिले में आंतरिक चैनल के रूप में बहने वाली सरस्वती नदी के पुष्कर के लिए व्यापक व्यवस्था करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष (2025 में) सरस्वती नदी में आने वाले पुष्करों की पृष्ठभूमि में अधिकारियों को पुष्करों के प्रबंधन के लिए मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार करनी चाहिए। मंत्री कोंडा सुरेखा ने शुक्रवार को तेलंगाना सचिवालय में अपने कार्यालय में सरस्वती पुष्कर के प्रबंधन पर देवदया, राजस्व, पंचायतराज, समाकार, आरडब्ल्यूएस, विद्युत, सिंचाई, आर एंड बी और अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ एक पूर्व-समीक्षा बैठक की। अधिकारियों ने बताया कि कालेश्वरम मंदिर के इतिहास के अनुसार, 'गुरु' (बृहस्पति) ने 'मिथुन' (मिथुन) राशि में प्रवेश करते समय सरस्वती नदी के लिए पुष्कर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से पुशकरा से संबंधित व्यवस्थाओं के बारे में कई विवरण मांगे। उन्होंने मंत्री को समझाया कि पिछले दिनों करीब 30 हजार श्रद्धालुओं ने सरस्वती पुष्कर में स्नान किया था। इस बार 50 हजार से ज्यादा लोगों के आने का अनुमान है। इंतजाम करने की योजना बनायी जा रही है। हालाँकि, मंत्री सुरेखा ने विशेष रूप से पूछा कि छोटे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए क्या व्यवस्था की जा रही है। मंत्री ने अधिकारियों को मई माह में आयोजित होने वाले सरस्वती पुष्कर के लिए अपने विभागों के माध्यम से किये जाने वाले कार्यों के बारे में निर्देश दिये। संबंधित विभागों के अधिकारियों को व्यवस्थाओं के संबंध में प्राक्कलन तैयार कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्थानीय कलेक्टर, ईओ को निर्देश दिया गया है कि वे स्वच्छता कार्यक्रमों के प्रबंधन के लिए मौजूदा समय सीमा के अलावा कुछ लोगों को विशेष रूप से पुष्कर की समय सीमा के लिए नियुक्त करें। ग्रामीण ताज़ा जल विभाग के माध्यम से शहर के मुख्य चौराहों, गोदावरी और मंदिर क्षेत्रों में सुरक्षित ताज़ा पानी उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया है। उन्होंने कहा कि पुष्कर घाटों पर अस्थाई एवं स्थाई शौचालयों का निर्माण कराया जाये। भक्तों को स्नान के लिए और महिलाओं के कपड़े बदलने के लिए अलग कमरे बनाने के लिए कहा गया। निरंतर बिजली विभाग के अधिकारियों को बिजली आपूर्ति करने का निर्देश दिया। पंचायत राज विभाग ने कालेश्वरम में आंतरिक सड़कों और अस्थायी सड़कों के निर्माण का आदेश दिया है। सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि 12 दिनों तक हर दिन अलग-अलग तरह के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम करने चाहिए। इसके साथ ही मंत्री ने

मुख्य सड़क की मरम्मत, सड़क के दोनों ओर लगी कंटीली झाड़ियों को हटाने, श्रद्धालुओं के लिए आरटीसी की विशेष बसों की व्यवस्था करने का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि महादेवपुर और कटाराम में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के लिए विशेष चिकित्सा केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए और विशेष कमरे उपलब्ध कराए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग के अधिकारी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें और 12 दिवसीय पुष्कर को सफल बनायें। अधिकारियों ने कहा कि पिछले पुष्करों के अनुभवों को ध्यान में रखते हुए कालेश्वरम में सभी व्यवस्थाएं समन्वित तरीके से की जानी चाहिए। समीक्षा बैठक में राजस्व विभाग की प्रधान सचिव शैलजा राम अय्यर, आयुक्त श्रीधर, तेलंगाना पर्यटन निगम के एमडी प्रकाश रेड्डी, जयशंकर भूपालपल्ली जिला कलेक्टर राहुल शर्मा, एसपी किरण, राजस्व विभाग के आरजेसी रामकृष्ण राव, अतिरिक्त आयुक्त कृष्णावेनी, सहायक आयुक्त सुनीता, संरक्षण वास्तुकार सूर्या नारायण मूर्ति, कालेश्वरम मंदिर इओ मारुति और अन्य ने भाग लिया।

# संकट में जी रहे तेलंगाना सरकार के सेवानिवृत्त कर्मचारी

## सेवानिवृत्ति लाभ प्राप्त करने में हो रही मुश्किलें

हैदराबाद, 13 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। सरकारी कर्मचारियों और खास तौर पर पिछले एक साल में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को ग्रेच्युटी, जीपीएफ, टीजीजीएलआई और अन्य सहित अपने सेवानिवृत्ति लाभ प्राप्त करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सालों तक सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति लाभ पाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। फिर भी, उन्हें लाभ पाने के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है। हर महीने करीब 5000 कर्मचारी सेवानिवृत्त होते हैं। 2025, 2026 और 2027 में इन संख्याओं में और वृद्धि होने की उम्मीद है।

सरकार सेवानिवृत्त कर्मचारियों को नियमित रूप से मासिक पेंशन दे रही है, लेकिन सेवानिवृत्ति लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहे हैं। कई सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपने बच्चों की शादी करने, घर खरीदने या सेवानिवृत्ति लाभ से अपने दीर्घकालिक ऋण चुकाने की योजना बनाई थी। हालांकि, उनके लिए चीजें कठिन होती जा रही हैं क्योंकि सेवानिवृत्ति लाभ के भुगतान में देरी के कारण उनकी योजनाएँ गड़बड़ा रही हैं।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा सामना की जा रही कठिनाइयों को स्वीकार करते हुए तेलंगाना कर्मचारियों, राजपत्रित अधिकारियों, शिक्षकों, श्रमिकों और पेंशनभोगियों (टीजीईजेएसी) की संयुक्त कार्रवाई समिति के एक पदाधिकारी ने कहा कि कई लोगों के लिए अपने चिकित्सा व्यय को पूरा करना चुनौतीपूर्ण है।

टीजीईजेएसी के पदाधिकारी ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों का चिकित्सा व्यय बहुत अधिक था। अस्पताल के बिलों का तो जिक्र ही न करें और मामूली प्रतिपूर्ति से उनकी समस्याएँ और भी बढ़ गई हैं। जब चिकित्सा बिल प्रतिपूर्ति के लिए प्रस्तुत किए गए, तो लगभग 20 प्रतिशत से 40 प्रतिशत प्रतिपूर्ति के लिए विचार किया गया। सिर्फ़ सेवानिवृत्त कर्मचारी ही नहीं, बल्कि सेवारत कर्मचारी भी मुश्किल समय का सामना कर रहे हैं, खास तौर पर ज़रूरी वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के कारण। टीजीईजेएसी ने अपनी 55 मांगों के समर्थन में 28 अक्टूबर से 30 जनवरी तक पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन करने की अपनी कार्ययोजना की घोषणा भी की थी।

कई मांगों के अलावा, कर्मचारी पांच डीए के भुगतान की मांग कर रहे हैं जो 1 जुलाई 2022 से लंबित हैं। इनमें से एक डीए का भुगतान हाल ही में किया गया था। इसके अलावा, वे मांग कर रहे थे कि सभी लंबित बिलों का भुगतान किया जाए और ई-कुबेर प्रणाली को समाप्त किया जाए तथा बिलों का भुगतान पूर्व की तरह ट्रेजरी विभाग के माध्यम से किया जाए।

# नंदिनी मिनरल वाटर प्लांट पर बीआईएस ने छापा मारा

विजयवाड़ा,12 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) देश में राष्ट्रीय मानक निकाय के रूप में देश में गुणवत्तापूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए कई कार्य और सेवाएं प्रदान करने में रत है। जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सूत्रीकरण, मूल्यांकन योजनाओं (उत्पाद प्रमाणन, सिस्टम प्रमाणन, पंजीकरण और हॉलमार्किंग) की परीक्षा और प्रशिक्षण शामिल हैं। उपरोक्त सभी गतिविधियां देश भर में फैले तत्संबंधित प्रधान कार्यालयों, क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों और प्रयोगशालाओं के माध्यम से संचालित की जाती हैं।

आंध्र प्रदेश के अनंतपुर ग्रामीण क्षेत्र में स्थित नंदिनी मिनरल वाटर प्लांट नामक अनधिकृत वाटर प्लांट या जल संयंत्र पर, भारतीय मानक के बुर्का, विजयवाड़ा और क्षेत्रीय सतर्कता प्रवर्तन दल और अनंतपुर ने तत्संबंधित संयंत्र पर छापा मारा।

वैज्ञानिक डी, बीआईएस, डी, रमाकांत सागर ने कहा कि खोज अभियान के दौरान यह पाया गया कि,उपरोक्त जल संयंत्र इकाई वैध बीआईएस लाइसेंस के बिना कार्यरत है, जिसमें पैकेज्ड डिर्मिंग ड्रिंकिंग जल उत्पादन और बिक्री करके उपभोक्ता सुरक्षा बीआईएस अधिनियम, 2016 की धारा 11 और धारा 17 का उल्लंघन पाया गया। इसके अतिरिक्त, बीआईएस टीम ने विभिन्न ब्रांड नामों जैसे वेदा और ऑक्सीज़ेम के साथ पैक की गई पीने के पानी की बोतलें भी जब्त कीं, जिनके पास बीआईएस द्वारा जारी वैध सीएम/एल नंबर नहीं है।

प्रमुख अधिकारी वेद वर्धन रेड्डी ने नंदिनी मिनरल वाटर प्लांट प्रबंधक जी. सुधाकरन पर बीआईएस अधिनियम-2016 के प्रावधानों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त कंपनी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू की गई है।

उन्होने आगे कहा कि, उपयोगकर्ता बीआईएस केयर एप्प, मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से बीआईएस लाइसेंस प्राप्त उत्पादों की जांच कर सकते हैं। भ्रामक गुणवत्ता के दावों या आईएसआई चिह्नित उत्पादों से संबंधित शिकायतें हैं तो बीआईएस केयर ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

# मिथिला सांस्कृतिक परिषद का विद्यापति समारोह 29 दिसंबर को

हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मिथिला सांस्कृतिक परिषद की बैठक में निर्णय लिया गया कि 29 दिसंबर को विद्यापति पर्व समारोह को व्यापक पैमाने पर मनाया जाएगा। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि विनय कुमार झा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में महासचिव अनिल कुमार झा ने परिषद के चयन समिति के तीन सदस्यों द्वारा अलग - अलग अनुशंसा के आधार पर जानकारी दी कि मैथिली के चर्चित लेखक अरविंद ठाकुर उनके कथेतर गद्य- संग्रह रोशनाइक लोकपक्ष; के लिए तिरहुत साहित्य सम्मान से सम्मानित किए जाएंगे ।

अरुण कुमार झा को प्रवासी पत्रिका के अठाइसवें अंक में प्रकाशित उनके रोचक गल्प के कारण हम कहबे केलौं के लिए प्रवासी प्रतिभा प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। संरक्षक श्रीकांत मिश्र ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए मैथिली कलाकारों के दल का नेतृत्व विकास झा करेंगे। कार्यकारी अध्यक्ष रजनीश कुमार झा ने भोजन-व्यवस्था एवं कोषाध्यक्ष मनींद्र कुमार झा ने कोष सम्बंधित जानकारी से अवगत कराया। "प्रवासी' पत्रिका के सम्पादक धीरेंद्र कुमार झा ने पत्रिका सम्बंधित जानकारी दी। संयोग कुमार ठाकुर, शशि कांत मिश्र, सीताराम ठाकुर, रवींद्र कुमार झा, राहुल कुमार मिश्र, सत्येन्द्र नाथ झा, निर्मल कांत झा, उदय शंकर झा ,विष्णु कांत झा,केशव मोहन झा, श्रीमती सरोज झा एवं पूनम झा सहित कतिपय सदस्य /सदस्या ने सक्रिय रूप से भाग लिया । सरंक्षक आलोक कुमार झा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# दिव्यांगजनों की माता-पिता को मदद करनी चाहिए : रामदास अठावले

हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने आज कहा कि दिव्यांगजन विशेष योग्यता वाले व्यक्ति हैं। उन्होंने माता-पिता से आग्रह किया कि वे दिव्यांगजनों को उनके विशेष कौशल विकसित करने में मदद करें और उनका मार्गदर्शन करें। केंद्र सरकार एनआईईपीआईडी सिकंदराबाद संस्थान को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यहां छात्रों को सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान की जाएं। रामदास अठावले ने आज सिकंदराबाद में राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान (एनआईईपीआईडी) का दौरा किया और दिव्यांगजनों को शिक्षण-शिक्षण सामग्री-टीएलएम किट वितरित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार दिव्यांग लोगों के सम्मान और स्वाभिमान को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विकलांग शब्द के स्थान पर दिव्यांग शब्द का प्रयोग विकलांग व्यक्तियों की क्षमताओं और योगदान को मान्यता देने के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में बदलाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के जीवन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से मोदी सरकार द्वारा कई नीतियां और पहल लागू की गई हैं। उन्होंने संस्थान की गतिविधियों की भी सराहना की और संस्थान द्वारा दी जा रही सेवाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्रालय सभी जरूरतमंद विकलांग व्यक्तियों और वरिष्ठ नागरिकों को सेवाएं प्रदान करने के लिए हमेशा तत्पर है। एनआईईपीआईडी के निदेशक बी.वी. राम कुमार ने एनआईईपीआईडी में केंद्रीय मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि संस्थान मंत्री के मार्गदर्शन में दिव्यांग व्यक्तियों को सेवाएं प्रदान कर रहा है और इस तरह के दौरे संस्थान के कर्मचारियों, अभिभावकों और दिव्यांग व्यक्तियों को प्रेरित करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने क्रॉस डिसेबिलिटी अर्ली इंटरवेंशन सेंटर सहित एनआईईपीआईडी संस्थान की विभिन्न सेवा गतिविधियों का दौरा किया। उन्होंने विकलांग व्यक्तियों को सहायक उपकरण भी वितरित किए और दिव्यांग व्यक्तियों के अभिभावकों से बातचीत की। बाद में, अठावले ने राज्य में पात्र लोगों के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए तेलंगाना के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, वरिष्ठ नागरिकों और अन्य जैसे हाशिए के वर्गों के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं।



जामबाग पार्षद राकेश जायसवाल ने आज हैदराबाद जिला कलेक्टर अनुदीप दुरीशेट्टी को ज्ञापन सौंपा, जिसमें गोशामहल पुलिस स्टेडियम में उस्मानिया जनरल अस्पताल के निर्माण को रोकने और उसे दूसरी जगह शिफ्ट करने के लिए कहा गया। उनके साथ पार्षद लालसिंह लोध, कटला अशोक , डी. गोपाल , दसारी शेखर, नितिन नंदकर , वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतीश साई कुमार दिनेश कुमार और अन्य लोगों ने हिस्सा लिया।

# विशेष अधिकारी ने समस्याओं की जानकारी ली

हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। महात्मा ज्योतिबा फूले प्रजा भवन में आयोजित प्रजावाणी कार्यक्रम में कुल 441 आवेदन प्राप्त हुए।

अधिकारियों ने बताया कि पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग के लिए 110, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के लिए 76, राजस्व संबंधी 71, विद्युत विभाग के लिए 57, गृह विभाग के लिए 23 एवं अन्य विभागों के लिए 104 आवेदन प्राप्त हुए। इस कार्यक्रम में लोक प्रशासन विशेष अधिकारी श्रीमती दिव्या ने भाग लिया एवं आवेदन प्राप्त किये। उन्होंने प्रजा भवन में आये लोगों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

# सीएम को लिफ्ट देने वाले किसान ने की फसल ऋण माफी की अपील

### ट्रैक्टर पर लिफ्ट देकर सीएम को पार करवाया था खेत



निर्मल, 13 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। एक किसान जिसने पहले मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को अपने ट्रैक्टर पर लिफ्ट देकर खेत पार करवाया था, अब उसने मुख्यमंत्री से अपनी मां का फसल ऋण माफ करने की अपील की है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें किसान ने अपनी मां का फसल ऋण माफ करने की अपील की है।

बसर के पास लब्धि गांव के रहने वाले किसान फिरागी ने बताया कि कैसे उन्होंने रेड्डी को 2022 में राजीव गांधी ज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीयूकेटी)-बसर में पीछे से प्रवेश करने में मदद की थी, जब छात्र विरोध प्रदर्शन कर रहे थे और उन्हें अपने ट्रैक्टर पर बैठाकर अंदर जाने का प्रस्ताव दिया था।

उन्होंने रेवंत रेड्डी से अपील की कि मैंने पहले भी जिले की सीमाओं से विश्वविद्यालय तक पहुँचने में आपकी मदद की है। कृपया मेरी माँ जीजा बाई द्वारा 2023 में लिए गए 2.25 लाख रुपये के फसल ऋण को माफ़ करके मेरी मदद करें। बैंक का प्रबंधक बकाया का हवाला देते हुए नया ऋण देने से इनकार कर रहा है। अधिकारी ऋण माफ़ करने में टालमटोल कर रहे हैं। रेड्डी को 2022 में 1% जून को परिसर में प्रवेश करने के बाद गिरफ्तार किया गया था। वह उन छात्रों के प्रति एकजुटता व्यक्त करने का प्रयास कर रहे थे, जो कक्षाओं का बहिष्कार कर रहे थे और मांग कर रहे थे कि सरकार उनकी चुनौतियों का समाधान करे।

# सीरवी समाज प्रीमियर लीग-7 के क्वार्टरफाइनल कल

हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सीरवी फ्रेन्डस् क्लब हैदराबाद द्वारा आयोजित सीरवी समाज प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के 7 वें संस्करण तथा महिला वर्ग के खेलों के क्वार्टरफाइनल मुकाबले 15 दिसम्बर को सीरवी समाज क्रिकेट ग्राउंड अलियाबाद में आयोजित किया जाएगा। क्लब के सुरेश सैंणचा ने बताया कि प्रीमियर लीग-7 तथा इस प्रतियोगिता के साथ महिला वर्ग के खेलों में खो खो प्रातः 7.15 से शुभारंभ होगा।

क्रिकेट प्रतियोगिता मे कुल 18 टीमें भाग ले रही हैं। जिसमें आईजी बिरमगुड़ा ,करमनघाट, एल बी नगर,नागोल वेरिस ,संगारेड्डी, शमशाबाद , मेड्चल जिडिमिटला,कापरा किंग्स, रामनगर, ऑल विन 11, बालनगर सिकंदराबाद, आईजी फ्रेंड्स कलब, आईजी गुट्टा 11, हायतनगर,कुकटपल्ली, सैनिकपुरी, टी एम जी टाइटन्स हैं। इनमें से आठ टीमों के बीच क्वार्टरफाइनल मुकाबले होंगे।क्रिकेट प्रतियोगिता के साथ साथ महिला वर्ग के खो खो खेल होंगे।

# उत्तम ने रबी की फसल के लिए निजाम सागर से पानी छोड़ा

हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार श्रीरामसागर परियोजना (एसआरएसपी) और निजाम सागर जैसी ऐतिहासिक परियोजनाओं के आधुनिकीकरण के माध्यम से अगले पांच वर्षों में अतिरिक्त 30 लाख एकड़ तक सिंचाई कवरेज का विस्तार करने के लिए तैयार है, शुक्रवार को इन परियोजनाओं के दौरे के दौरान सिंचाई और नागरिक आपूर्ति मंत्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी ने यह घोषणा की। निजामाबाद जिले के मेंडोरा मंडल में एसआरएसपी में, मंत्री ने विधायकों पी. सुदर्शन रेड्डी, भूपति रेड्डी और वेमुला प्रशांत रेड्डी के साथ-साथ प्रमुख सचिव राहुल बोज्जा और जिला कलेक्टर राजीव गांधी हनुमंथु सहित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ परियोजना के प्रदर्शन की समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि गाद जमने के कारण एसआरएसपी की भंडारण क्षमता 112 टीएमसी से घटकर 80 टीएमसी रह गई है। इस समस्या से निपटने के लिए, मंत्री ने इसकी मूल क्षमता को बहाल करने के लिए उन्नत वैश्विक गाद हटाने वाली तकनीकों के उपयोग का निर्देश दिया।एसआरएसपी किसानों के लिए जीवन रेखा रही है, जो खरीफ और रबी दोनों मौसमों के दौरान दस जिलों में सालाना 12.5 लाख एकड़ जमीन की सिंचाई करती है। हालांकि, मंत्री ने लिफ्ट सिंचाई योजनाओं में सुधार करने और अंतिम छोर के इलाकों में समान जल वितरण सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने लापरवाही के मामलों में अधिकारियों को निलंबन सहित सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

# एचआईसीसी में कल अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से तेलंगाना चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री फेडरेशन एमएसएमई के लिए स्वच्छ ऊर्जा पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर रहा है, जिसका उद्देश्य उत्सर्जन मुक्त विकास और कुशल औद्योगिक प्रणाली को बढ़ावा देना है। यह सम्मेलन शनिवार को एचआईसीसी में आयोजित किया जाएगा।

तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क और ऊर्जा विभाग के सचिव संदीप कुमार सुल्तानिया उद्घाटन समारोह में अतिथि होंगे। डी. कृष्णा भास्कर, अध्यक्ष और एमडी, ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन ऑफ तेलंगाना लिमिटेड, मुशर्रफ फारुकी, सीएमडी, तेलंगाना दक्षिणी विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड और आरके राय, अतिरिक्त विकास आयुक्त (एमएसएमई), डीसी-एमएसएमई, भारत सरकार विशेष अतिथि होंगे। सम्मेलन का उद्देश्य एमएसएमई को पारंपरिक ऊर्जा खपत को कम करने में सक्षम बनाना, स्वच्छ ऊर्जा के विभिन्न स्रोतों के बारे में जागरूकता पैदा करना और एमएसएमई को स्रोतों को अपनाने में सक्षम बनाना, दक्षता में सुधार करना और संचालन को डीकार्बोनाइज करना, टिकाऊ, सस्ती और विश्वसनीय ऊर्जा समाधानों के लिए क्षमता का निर्माण करना, नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने और वित्तपोषण विकल्पों के लिए सरकारी प्रोत्साहनों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना और स्वच्छ ऊर्जा समाधानों के क्लस्टर-स्तर को अपनाने के लाभों को उजागर करना है।

# महाप्रबंधक ने रेलवे विनिर्माण इकाई, काजीपेट में कार्यों की प्रगति की समीक्षा की




हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने शुक्रवार को सिकंदराबाद मंडल की रेलवे विनिर्माण इकाई, काजीपेट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ सिकंदराबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक भरतेश कुमार जैन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। अरुण कुमार जैन ने काजीपेट में नई रेलवे विनिर्माण इकाई के लिए चल रहे निर्माण कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। मंडल के अधिकारियों ने कार्यों की प्रगति पर एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत की। महाप्रबंधक ने मंडल को कार्यों में और तेजी लाने की सलाह दी ताकि परियोजना को जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। महाप्रबंधक ने निर्माण स्थल पर सुरक्षा पहलुओं का भी निरीक्षण किया और पर्यवेक्षकों और अधिकारियों को सभी सुरक्षा दिशा-निर्देशों और प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करने के लिए सूचित किया। उन्होंने साइट पर मीडिया कर्मियों के साथ भी बातचीत की और उन्हें एससीआर द्वारा किए जा रहे विकास योजनाओं के बारे में जानकारी दी। बाद में, अरुण कुमार जैन ने काजीपेट रेलवे स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया, जिसमें उन्होंने यात्री सुविधाओं और उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने काजीपेट स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों की जांच की और अधिकारियों को लक्षित तिथि तक कार्यों को पूरा करने की सलाह दी। उन्होंने काजीपेट में क्रू लॉबी और नए स्टाफ रनिंग रूम का भी निरीक्षण किया।

# बहादुरपुरा में ट्रांसफार्मर फटने से आग लगने से मची अफरातफरी

हैदराबाद, 13 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार की सुबह बहादुरपुरा में एक बिजली ट्रांसफार्मर में विस्फोट होने और आग उसके पास पड़े कचरे तक फैल जाने से कुछ समय के लिए अफरातफरी मच गई। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली। यह घटना एक व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्र में घटित हुई जहां कई व्यापारिक प्रतिष्ठान हैं। सूत्रों ने बताया कि चूंकि ट्रांसफार्मर दुकानों के पास स्थित था, इसलिए विस्फोट से स्थानीय लोग घबरा गए और उन्होंने अग्निशमन विभाग और पुलिस को फोन किया। अग्निशमन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग बुझाई, क्योंकि आग आसपास के व्यापारिक प्रतिष्ठानों तक फैल सकती थी। आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है। बहादुरपुरा पुलिस मामले की जांच कर रही है।



कापरा मंडल स्थित श्री आईजी सेवा संस्थान में हाम्बड़ परिवार द्वारा आयोजित महिला संगीत व अतिथियों के सम्मान समारोह कार्यक्रम में उपस्थित आयोजक सीरवी समाज अध्यक्ष मोहनलाल हाम्बड़, सचिव नारायणलाल काग, कोषाध्यक्ष खंगारसिंह लचेटा, सलाहकार परसराम बर्फा, जसवन्त देवड़ा, मनोनित सदस्य रामलाल परिहार, प्रभुराम परिहारियां, गिरधारीलाल चोयल, कालुराम, मोतीलाल काग, गणेशराम बर्फा, बाबुलाल, चन्दुलाल, झुमन हाम्बड़, किशनलाल राठौड़, महिला अध्यक्षा सुशीला देवड़ा, उपाध्यक्षा इन्द्रा आगलेचा, सचिव निर्मला देवड़ा, कोषाध्यक्षा नीलु लचेटा, सुगीदेवी हाम्बड़, व समाज बन्धु।

## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

### अल्लू अर्जुन को ...

एक्टर ने दावा किया है कि पुलिस ने नाश्ता खत्म नहीं करने दिया। कपड़े भी बदलने नहीं दिए। एक वीडियो में एक्टर घर से नीचे उतरकर पार्किंग में आते हैं। वहां उनका नौकर दौड़कर आता है और चाय और पानी देता है। वे वीडियों में चाय पीते नजर आ रहे हैं। इस दौरान उनकी पत्नी स्नेहा रेड्डी दिखाई देती हैं। अल्लू पत्नी को समझाते हैं। इसके बाद उन्हें पुलिस अपने साथ ले जाती हैं।

### बीआरएस-भाजपा ने ...

राव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, 'मुझे भगदड़ के पीड़ितों के प्रति पूरी सहानुभूति है लेकिन वास्तव में कौन नाकाम रहा? अल्लू अर्जुन के साथ एक आम अपराधी की तरह व्यवहार करना सही नहीं है। खासकर उस चीज के लिए जिसके लिए वह सीधे तौर पर जिम्मेदार नहीं है।' राव ने सरकार के कथित कठोर व्यवहार की निंदा करते हुए सम्मान और गरिमापूर्ण आचरण की आवश्यकता पर जोर दिया।

**भाजपा विधायक ने अभिनेता का किया बचाव**

भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने अभिनेता अल्लू अर्जुन का बचाव करते हुए कहा कि व्यवस्थागत मुद्दों और भीड़ प्रबंधन में खामियों को दूर करने के बजाय एक प्रतिष्ठित व्यक्ति को निशाना बनाना प्रशासन की खराब छवि पेश करता है। कांग्रेस सरकार को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जवाबदेही वहीं हो, जहां इसकी वास्तविक जिम्मेदारी है-यानी सार्वजनिक सुरक्षा बनाए रखने के लिए जिम्मेदार लोगों के प्रति।'

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# विराट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 100वां इंटरनेशनल मैच खेलेंगे

*> अब तक 17 शतक लगाए > 9 बार जीता प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड*



स्पोर्ट्स डेस्क, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट में इतिहास रचने वाले हैं। इस मुकाबले के साथ वह कंगारुओं के खिलाफ 100 इंटरनेशनल मैच खेलने वाले अब तक के दूसरे खिलाड़ी बनेंगे। सचिन तेंदुलकर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 110 मैच खेले हैं। विराट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 99 मैचों में 17 शतक लगाए, इनमें 9 बार प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

विराट ने ऑस्ट्रेलिया के 7 में से 6 शहरों में शतक लगाए हैं, ब्रिस्बेन ऐसा इकलौता शहर है, जहां वह शतक नहीं लगा सके। विराट तीसरे टेस्ट में शतक लगाकर ऑस्ट्रेलिया के सभी क्रिकेट शहरों में सेंचुरी लगाने वाले इकलौते खिलाड़ी बन सकते हैं।

**> ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5000+रन बनाए**

विराट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 27 टेस्ट, 49 वनडे और 23 टी-20 खेल चुके हैं। इनमें उन्होंने 50 से ज्यादा की औसत से 5326 रन बनाए। उनके नाम 17 सेंचुरी और 27 फिफ्टी हैं। खास बात यह रही कि विराट ने 17 में से 10 सेंचुरी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्हीं के घर में लगाईं।

**> विराट की मौजूदगी में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 47% मैचों में हराया**

विराट की मौजूदगी में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 10 टेस्ट, 21 वनडे और 15 टी-20 हराए। तीनों फॉर्मेट मिलाकर विराट जब भी प्लेइंग-11 का हिस्सा रहे, टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 47% में जीत हासिल की। 44% में टीम को हार मिली, जबकि बाकी मुकाबले बेनतीजा और ड्रॉ रहे।

**> एडिलेड में विदेशी प्लेयर के तौर पर सबसे ज्यादा शतक**

विराट को ऑस्ट्रेलिया में खेलना बहुत पसंद है। ऑस्ट्रेलिया के 7 शहरों में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम हैं, जिनमें से 6 में विराट ने 12 शतक लगाए हैं। एडिलेड में उनके नाम विदेशी प्लेयर्स में सबसे ज्यादा 5 सेंचुरी हैं। मेलबर्न और पर्थ में उन्होंने 2-2 शतक लगाए हैं। होबार्ट, कैनबरा और सिडनी में भी उनके नाम 1-1 सेंचुरी हैं। विराट सिर्फ ब्रिस्बेन के द गाबा स्टेडियम में शतक नहीं लगा सके हैं। अगर उन्होंने तीसरे टेस्ट में सेंचुरी लगा दी, तो वह ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट के सातों शहरों में शतक लगाने वाले पहले विदेशी खिलाड़ी बन जाएंगे।

**> 2018 में ऑस्ट्रेलिया को हराकर रच चुके इतिहास**

विराट ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया के मैदान पर ही इतिहास रचा था, जब उन्होंने अपनी कप्तानी में टीम इंडिया को 2-1 से टेस्ट सीरीज जिताई थी। भारत ने क्रिकेट इतिहास में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को उसी के घर में टेस्ट सीरीज हराई थी। भारत ने फिर 2021 में अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में भी ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीती थी। अब टीम रोहित शर्मा की कप्तानी में 5 टेस्ट की सीरीज में 1-1 की बराबरी पर खड़ी है। विराट इस टीम का अहम हिस्सा हैं, उनके पास बतौर प्लेयर ऑस्ट्रेलिया में लगातार तीसरी टेस्ट सीरीज जीतने का मौका है।

**> विराट ने इंग्लैंड के खिलाफ 85 मैच खेले**

विराट ने अपने करियर में सबसे ज्यादा मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही खेले। वह न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज, श्रीलंका और इंग्लैंड के खिलाफ भी 50 प्लस इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया के बाद उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 15 और वेस्टइंडीज के खिलाफ 12 शतक लगाए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ उनके नाम 85 मैचों में 8 सेंचुरी हैं।

# गाबा टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग 11 घोषित

## पैट कमिंस ने किया एक बदलाव



नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट मैच शुक्रवार (14 दिसंबर) से ब्रिस्बेन के गाबा स्टेडियम में खेला जाना है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने प्लेइंग 11 की घोषणा कर दी है। पैट कमिंस ने प्लेइंग 11 में एक बदलाव किया है। पर्थ टेस्ट में मेजबान टीम ने हार के बाद साइड स्ट्रेन के कारण जोश हेजलवुड को एडिलेड में पिंक बॉल टेस्ट से आराम दिया था। स्कॉट बोलैंड को मौका मिला था।

गाबा टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग 11 में जोश हेजलवुड की वापसी हुई है। स्कॉट बोलैंड को बाहर कर दिया गया है। 5 मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 1-1 से बराबरी पर है। पर्थ टेस्ट में हार के बाद ऑस्ट्रेलिया ने शानदार वापसी करते हुए पिंक बॉल टेस्ट को 10 विकेट से अपने नाम किया। स्कॉट बोलैंड ने शानदार गेंदबाजी की थी। उन्होंने पहली पारी में 2 और दूसरी पारी में 3 विकेट लिए थे। जोश हेजलवुड ने पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट में जोश हेजलवुड ने शानदार गेंदबाजी की थी। पहली पारी में 4 और दूसरी में 1 विकेट लिए थे। भारत पहला टेस्ट 295 रन से जीता था। हेजलवुड ने हफ्ते भर में दो फिटनेस टेस्ट दिए। गाबा नेट पर सिर्फ छोटे रन-अप उपलब्ध होने और कोई अतिरिक्त सेंटर विकेट न होने के कारण हेजलवुड गुरुवार को एलन बॉर्डर फील्ड पर गेंदबाजी कोच डेनियल विटोरी की निगरानी में मिचेल स्टार्क के साथ फुल रनअप के साथ गेंदबाजी की।

### ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग 11

नाथन मैक्सवीनी, उस्मान ख्वाजा, मर्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रेविस हेड,मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन, जोश हेजलवुड।

### भारत की संभावित प्लेइंग 11

केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल,विराट कोहली, ऋषभ पंत, रोहित शर्मा,नितीश रेड्डी,रविंद्र जडेजा/वाशिंगटन सुंदर, आकाशदीप, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

# जोश हेजलवुड ब्रिस्बेन टेस्ट में वापसी करेंगे

**स्कॉट बोलैंड की जगह लेंगे, कप्तान पैट कमिंस बोले- जोश वापस आ गया है**

ब्रिस्बेन, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड पूरी तरह फिट हो गए हैं। वे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा लेंगे। हेजलवुड ब्रिस्बेन टेस्ट में स्कॉट बोलैंड की जगह लेंगे। कप्तान पैट कमिंस ने खुद इस बात की पुष्टि की है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने शुक्रवार को कहा- 'जोश वापस आ गया है। उसे कोई परेशानी नहीं हुई। उसने कल (गुरुवार को) बहुत अच्छी गेंदबाजी की। वे और मेडिकल टीम बहुत आश्वस्त है।'

कमिंस ने बोलैंड को लेकर कहा कि वे थोड़े दुर्भाग्यशाली रहे कि एडिलेड टेस्ट में 5 विकेट लेने के बावजूद उन्हें अपना स्थान खोना पड़ा है। भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला ब्रिस्बेन में शनिवार 14 दिसंबर से शुरू हो रहा है।

**एडिलेड टेस्ट नहीं खेल सके थे चोटिल हेजलवुड**

जोश हेजलवुड चोट के कारण एडिलेड के खेले गए डे-नाइट टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा नहीं थे। उन्हें लो ग्रेड लेफ्ट साइड इंजरी (पेट के निचले हिस्से में दर्द) थी। जोश की जगह तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड को मौका दिया गया था। बोलैंड ने पिंक बॉल टेस्ट में 5 विकेट झटके थे। उन्होंने पहली पारी में 2 और दूसरी पारी में 3 विकेट लिए थे। हेजलवुड ने पर्थ टेस्ट में 5 विकेट झटके थे।

# दो राज्यों में चैंपियन गुकेश की विरासत को लेकर लड़ाई

*स्टालिन और चंद्रबाबू आमने-सामने*



नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। शतरंज के नए विश्व चैंपियन डी गुकेश को लेकर आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के बीच क्रेडिट लेने की लड़ाई शुरू हो चुकी है। दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने उन्हें उनके राज्य के होने का दावा किया है। गुकेश की विरासत को लेकर लड़ाई दो राजनीतिक पार्टियों के बीच लड़ाई भी मानी जा रही है। गुकेश की जीत के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सबसे पहले पोस्ट किया था।

**स्टालिन ने क्या पोस्ट किया?**

डीएमके नेता ने गुरुवार शाम 7.25 बजे एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा- उल्लेखनीय उपलब्धि... चेन्नई से एक और विश्व चैंपियन निकला और इस शहर को वैश्विक शतरंज राजधानी के रूप में अपनी जगह पक्की करने में मदद की।' स्टालिन ने युवा चैंपियन को स्वर्ण पदक पहनाते हुए अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'तमिलनाडु को आप पर गर्व है।'

**नायडू ने क्या पोस्ट किया?**

दो मिनट बाद आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू का ट्वीट आया। टीडीपी नेता ने गुकेश की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'हमारे अपने तेलुगु लड़के को हार्दिक बधाई। पूरा देश आपकी अविश्वसनीय उपलब्धि का जश्न मनाता है। आने वाले दशकों में आपको और अधिक जीत और प्रशंसा मिलती रहें। इसके लिए शुभकामनाएं।'

**गुकेश को लेकर सोशल मीडिया पर भिड़े फैंस**

इसके बाद से सोशल मीडिया पर इसको लेकर जंग छिड़ गई है। फैंस लगातार इस पर अपनी राय दे रहे हैं। वह कहां से हैं, इसे बताने को लेकर फैंस भिड़ रहे हैं। इनमें से ज्यादातर फैंस दक्षिण भारत के हैं। कई फैंस ने लिखा कि तमिलनाडु ने शतरंज स्टार के लिए महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान की है। 'साइबोर्ग' नाम के एक एक्स यूजर ने अप्रैल की एक न्यूज रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया जिसमें कहा गया था कि तमिलनाडु सरकार ने उन्हें 75 लाख रुपये का गिफ्ट दिया।

# गिलेस्पी ने पाकिस्तान के टेस्ट कोच पद से दिया इस्तीफा



स्पोर्ट्स डेस्क, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान टेस्ट टीम के हेड कोच जेसन गिलेस्पी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पूर्व तेज गेंदबाज आकिब जावेद को टेस्ट टीम का अंतरिम हेड कोच नियुक्त किया है। इस बात की जानकारी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने दी।

गिलेस्पी पीसीबी के कुछ फैसलों से खुश नहीं थे। उन्होंने साउथ अफ्रीका दौरे पर जाने से पहले बोर्ड को इस बात की जानकारी दी। गिलेस्पी को इस साल अप्रैल में पाकिस्तान की टेस्ट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। पाकिस्तान की टीम 26 दिसंबर से सेंचुरियन में पहला टेस्ट खेलेगी, जबकि दूसरा टेस्ट 3 जनवरी से केपटाउन में खेला जाएगा। इससे पहले पाकिस्तान को साउथ अफ्रीका में तीन वनडे और तीन टी-20 मैचों की सीरीज भी खेलनी है।

**गैरी कर्स्टन ने छह महीने में कोचिंग छोड़ी**

हाल ही में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपने कप्तानों और मुख्य कोचों से चयन करने का अधिकार छीन लिया था। यही कारण था कि अक्टूबर में गैरी कर्स्टन ने छह महीने बाद ही पद छोड़ दिया था।

**वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद मिकी आर्थर ने इस्तीफा दिया**

आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद पीसीबी ने अपने सपोर्ट स्टाफ में कई बदलाव किए थे। टीम वनडे वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाइ नहीं कर सकी थी। मिकी आर्थर, ग्रांट ब्रैडबर्न और एंड्रयू पुटिक ने वर्ल्ड कप के बाद अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था।

आर्थर को अप्रैल 2023 में पाकिस्तान मेंस क्रिकेट टीम का निदेशक नियुक्त किया गया था। ब्रैडबर्न को पिछले साल की शुरुआत में टीम का मुख्य कोच घोषित किया गया था।

# सेमीफाइनल में पृथ्वी शॉ का निकला दम

*अर्धशतक लगा रहाणे सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने*



नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टूर्नामेंट 2024 के सेमीफाइनल मुकाबले में बड़ोदा के खिलाफ मुंबई के ओपनर बल्लेबाज पृथ्वी शॉ नहीं चल पाए और वो दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए। शॉ ने अजिंक्य रहाणे के साथ टीम के लिए ओपन किया, लेकिन इन दोनों के बीच सिर्फ 30 रन की ही साझेदारी हुई थी कि पृथ्वी शॉ हार्दिक पांड्या की गेंद पर कैच आउट हो गए।

इस बीच रहाणे का शानदार फॉर्म इस मैच में भी जारी रहा और उन्होंने बड़ोदा के खिलाफ खेली अपनी पारी के दम पर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टूर्नामेंट 2024 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। सेमीफाइनल मैच में रहाणे ने अर्धशतक लगाया।

**पृथ्वी शॉ ने बनाए 8 रन**

सेमीफाइनल मैच में बड़ोदा के खिलाफ शॉ ने शुरुआत तो अच्छी की, लेकिन वो अपनी पारी को लंबा नहीं खींच पाए। उन्होंने इस मुकाबले में 9 गेंदों का सामना करते हुए 2 चौकों की मदद से 8 रन बनाए, लेकिन हार्दिक पांड्या की गेंद पर उनका कैच अतीत सेठ ने पकड़ा लिया और उनकी पारी का अंत हो गया।

**रहाणे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने**

रहाणे के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टूर्नामेंट 2024 काफी अच्छा बीत रहा है और सेमीफाइनल मुकाबले में भी उन्होंने मुंबई के लिए ओपन करने हुए शानदार पारी खेली और 8वें मैच की 7वीं पारी में अपना 5वां अर्धशतक लगा दिया। रहाणे ने इस मैच में 28 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और खबर लिखे जाने तक वो 50 रन बनाकर खेल रहे थे। इस पारी के दौरान उन्होंने 2 छक्के और 6 चौके लगाए साथ ही अर्धशतक भी छक्के के साथ पूरा किया। अपनी इस पारी के दम पर उन्होंने इस टूर्नामेंट में अब तक खेले 8 मैचों में खबर लिखे जाने तक 377 रन बना लिए थे। वो इस टूर्नामेंट के इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन चुके हैं।

# न्यूजीलैंड से तीसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग 11 का ऐलान

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार (14 दिसंबर) से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट से पहले शुक्रवार (13 दिसंबर) को प्लेइंग 11 का ऐलान कर दिया। बेन स्टोक्स ने प्लेइंग 11 में 1 बदलाव किया। ऑलराउंडर क्रिस वोक्स की जगह मैथ्यू पॉट्स को मौका मिला है। तीन मैचों की सीरीज में इंग्लैंड 2-0 से आगे है। वह तीसरा टेस्ट जीतकर कीवी टीम का सूपड़ा साफ करना चाहेगा। 2022 में पदार्पण करने के बाद से पॉट्स ने 29.22 की औसत से 31 विकेट लिए हैं। उन्होंने बेन स्टोक्स की कप्तानी में पहले पांच मैच खेले। पहले तीन मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले थे। इसमें पॉट्स ने 14 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि,साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के दूसरे टेस्ट के लिए वापसी करने वाले ओली रॉबिन्सन के कारण उन्हें बाहर बैठना पड़ा। इसके बाद से डरहम के तेज गेंदबाज को सीमित अवसर मिले।

**पाकिस्तान दौरे पर खेले थे आखिरी बार**

26 वर्षीय खिलाड़ी ने 2023 में सिर्फ एक टेस्ट खेला (आयरलैंड के खिलाफ लॉड्र्स में)। इस सीजन में श्रीलंका के खिलाफ पहले दो टेस्ट खेलने के बाद तीसरे टेस्ट में नहीं खेले। उनकी जगह इंग्लैंड ने लीसेस्टरशायर के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जोश हल को आजमाने का विकल्प चुना। पाकिस्तान दौरे पर एकमात्र मैच मुल्तान में दूसरे टेस्ट में खेले।

# स्टीव स्मिथ जल्द ही बनाएंगे बड़ा स्कोर : पैट कमिंस



ब्रिस्बेन, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। ब्रिस्बेन टेस्ट से पहले, ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि उनके प्रमुख बल्लेबाज स्टीव स्मिथ जल्द ही बड़ी पारी खेलेंगे। स्मिथ इस सीरीज में अब तक भारत के खिलाफ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

साल 2024 में अब तक खेले 7 टेस्ट में स्मिथ का औसत सिर्फ 23.20 रहा है। उनका अकेला अर्धशतक जनवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ ब्रिस्बेन में आया था। अपनी पसंदीदा नंबर चार की पोजीशन पर वापस आने के बाद भी स्मिथ भारत के खिलाफ सफल नहीं हो पाए हैं। उनके अब तक के स्कोर 0, 17 और 2 रहे हैं। कमिंस ने कहा, उनके रिकॉर्ड को देखें तो लगता है कि रन दूर नहीं हैं। खासकर वह नेट्स में बेहतरीन दिख रहे हैं। वह आत्मविश्वास से भरे लगते हैं। पिछले मैच में वह लेग साइड पर आउट हो गए थे। मैं नहीं मानता कि इसे ज्यादा तूल दिया जाना चाहिए। मुझे पूरा यकीन है कि वह जल्द ही बड़ी पारी खेलेंगे।

सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर है, और गाबा में होने वाला अगला टेस्ट दोनों टीमों के लिए काफी अहम है। यह टेस्ट न सिर्फ सीरीज जीतने के लिए बल्कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के महत्वपूर्ण अंक जुटाने के लिए भी महत्वपूर्ण है। कमिंस ने आगे कहा, ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीतना हमारे लिए गर्व की बात है। ये हमारे घरेलू मैदान हैं और हम इन्हीं परिस्थितियों में खेलकर बड़े हुए हैं। आज के समय में विदेश में टेस्ट सीरीज जीतना सबसे मुश्किल काम है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए जरूरी है कि आप घर में सबकुछ जीतें और विदेश में भी जितना संभव हो, उतना जीतें। हम हर घरेलू सीरीज को जीतने की उम्मीद से खेलते हैं। यही हमारा स्टैंडर्ड है। ब्रिस्बेन के मैदान पर खेलने को लेकर, जहां 2021 में भारत और 2024 में वेस्टइंडीज ने उन्हें हराया था, कमिंस ने कहा, मैंने कल पिच देखी।

# वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश पर क्लीन स्वीप किया

*> तीसरा वनडे 4 विकेट से जीता, अमीर जंगू ने शतक जमाया*

सेंट किट्स, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप कर लिया है। कैरेबियाई टीम ने गुरुवार रात को तीसरे वनडे मुकाबले में 4 विकेट की जीत हासिल की। सेंट किट्स के बस्सेटेरे में खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया।

बांग्लादेश ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 321 रन बनाए। 322 रन का टारगेट कैरेबियन बैटर्स ने 45.5 ओवर में 6 विकेट पर हासिल कर लिया। अमीर जंगू ने नाबाद 104 रन की पारी खेली। उन्होंने 83 बॉल की पारी में 6 चौके और 4 छक्के जमाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वेस्टइंडीज के ही शेरफेन रदरफोर्ड प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे।

**बांग्लादेश की खराब शुरुआत, 9 रन पर दो विकेट गंवाए**

टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही। टीम ने 9 रन के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए थे। ओपनर तंजीद हसन और लिटन दास अपना खाता भी नहीं खोल सके। दोनों को अल्जारी जोसेफ ने पारी के तीसरे ओवर में पवेलियन की राह दिखाई।

**सौम्य सरकार और मेहदी हसन ने संभाला, 136 की पार्टनरशिप की**

9 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद ओपनर सौम्य सरकार ने मेहदी हसन मिराज के साथ बांग्लादेशी पारी को संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 127 बॉल में 136 रनों की साझेदारी की। इस साझेदारी को गुडाकेश मोती ने तोड़ा। उन्होंने सौम्य सरकार को 73 रन के स्कोर पर एलबीडब्ल्यू कर दिया। सौम्य सरकार के आउट होने के बाद कप्तान मेहदी हसन मिराज 73 बॉल पर 77 रन बनाकर रनआउट हो गए।

# कार्ल हॉपकिंसन को मुंबई इंडियंस का नया फील्डिंग कोच नियुक्त किया गया



मुंबई, 13 दिसंबर (एजेंसियां)। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार को कहा कि उसने आईपीएल 2025 से पहले कार्ल हॉपकिंसन को अपना नया फील्डिंग कोच नियुक्त किया है। हॉपकिंसन ने जेम्स पैमेंट की जगह ली है, जो सात साल तक मुंबई इंडियंस के फील्डिंग कोच थे। न्यूजीलैंड के मूल निवासी पैमेंट 2019 और 2020 में मुंबई इंडियंस की लगातार खिताबी जीत का हिस्सा थे। फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा, हम उन्हें धन्यवाद देना चाहते हैं और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देना चाहते हैं। हॉपकिंसन ने हाल ही में इंग्लैंड के लंबे समय से चले आ रहे फील्डिंग कोच के रूप में अपना कार्यकाल समाप्त किया है, यह भूमिका उन्होंने 2018 में संभाली थी। वे 2019 में घरेलू धरती पर इंग्लैंड के वनडे विश्व कप और नवंबर 2022 में ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप जीत में शामिल थे। हॉपकिंसन वेस्टइंडीज में 2022 में अंडर19 विश्व कप में इंग्लैंड अंडर19 टीम के मुख्य फील्डिंग कोच भी थे, जहां वे 1998 के बाद पहली बार फाइनल में पहुंचने के बाद भारत के बाद उपविजेता रहे। ससेक्स के लिए अपने खेल करियर में, हॉपकिंसन ने 64 प्रथम श्रेणी मैच खेले, जिसमें 2,705 रन बनाए और 27.60 की औसत से रन बनाए, जिसमें तीन शतक भी शामिल हैं। उन्होंने 92 लिस्ट ए मैचों में 1,400 रन और 28 टी20 मैचों में 165 रन बनाए, इसके अलावा 2007 में काउंटी चैंपियनशिप जीतने वाली ससेक्स के अहम सदस्य भी रहे। फील्डिंग कोच के रूप में उनका काम अब बंद हो चुकी चैंपियंस लीग टी20 में ससेक्स टीम के साथ शुरू हुआ, 2010 से टीम के कोचिंग स्टाफ के साथ जुड़े रहे। 2018 में इंग्लैंड सेट-अप में जाने से पहले, उन्होंने 2012 और 2016 के बीच ससेक्स के दूसरे XI कोच के रूप में भी काम किया। आईपीएल 2025 के लिए, मुंबई के पास रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की मजबूत भारतीय चौकड़ी के साथ हार्दिक पांड्या कप्तान होंगे। जेद्दा में पिछले महीने की मेगा नीलामी में, मुंबई ने ट्रेंट बोल्ट, विल जैक्स, रयान रिकलेटन, मिशेल सेंटनर, लिजाद विलियम्स और रीस टॉपली जैसे अनुभवी विदेशी खिलाड़ियों को शामिल किया। उन्होंने दीपक चाहर, नमन धीर, रॉबिन मिंज, कर्ण शर्मा, राज अंगद बावा जैसे भारतीय खिलाड़ियों के साथ-साथ अल्लाह ग़ज़नफ़र, बेवॉन जैकब्स, विग्नेश पुथुर और वेंकट सत्यनारायण राजू जैसे कम प्रसिद्ध खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल किया।

# पिछड़े जिलों के लिए 1,800 करोड़ रुपये की सहायता निधि जारी करें : रेवंत रेड्डी

## संयुक्त उद्यमों के प्रबंधन लागत के लिए एपी से 408 करोड़ रुपये प्रदान करें
## मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से अनुरोध



नई दिल्ली/ हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से राज्य पुनर्वितरण अधिनियम में उल्लिखित तेलंगाना के पिछड़े जिलों को 1,800 करोड़ रुपये का लंबित अनुदान तुरंत जारी करने की अपील की है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को संसद में केंद्रीय मंत्री से उनके कक्ष में मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने पिछड़े जिलों को केंद्र से मिलने वाले अनुदान पर चर्चा की. उन्होंने याद दिलाया कि पुनर्विभाजन अधिनियम में तेलंगाना के नौ जिलों को सालाना 450 करोड़ रुपये का अनुदान जारी करने पर सहमति व्यक्त की गई है। वर्ष 2019-20, 2021-22, 2022-23, 2023-24 का अनुदान अब तक जारी नहीं किया गया है, केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण को चार वर्षों का लंबित अनुदान 1800 करोड़ रुपये तुरंत जारी किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से अपील की कि राज्य के पुनर्विभाजन के बाद हैदराबाद में उच्च न्यायालय, राजभवन, लोकायुक्त, राज्य मानवाधिकार आयोग, न्यायिक अकादमी और अन्य संयुक्त संस्थानों का प्रशासन तेलंगाना सरकार द्वारा वहन किया गया था।

मुख्यमंत्री ने दी जानकारी कि संबंधित संस्थानों का विभाजन पूरा होने तक तेलंगाना सरकार ने प्रबंधन के लिए 703.43 करोड़ रुपये वहन किए हैं, जिसमें से आंध्र प्रदेश का हिस्सा 408.49 करोड़ रुपये है। सीएम ने बताया कि आंध्र प्रदेश राशि का भुगतान करने के लिए सहमत हो गया है और केंद्रीय गृह विभाग ने भी तेलंगाना को राशि का भुगतान करने के लिए एपी को पत्र लिखा है। हालाँकि, आंध्र प्रदेश ने अभी तक तेलंगाना को वह रकम नहीं चुकाई है।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सूचित किया है कि केंद्र सरकार ने विदेशी वित्तीय सहायता से शुरू की गई परियोजनाओं के संबंध में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के बीच ऋण वितरण के संबंध में तेलंगाना से 2,547.07 करोड़ रुपये की वसूली का एकतरफा आदेश दिया है। सीएम ने केंद्रीय मंत्री से मामले की एक बार फिर समीक्षा कर उचित निर्णय लेने को कहा, हालांकि इस मामले में तेलंगाना सरकार ने कड़ी नाराजगी जताई है।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को याद दिलाया कि केंद्र सरकार ने केंद्र प्रायोजित योजनाओं से संबंधित सभी धनराशि आंध्र प्रदेश को 2014-15 में ही आवंटित कर दी थी। सीएम ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि पुनर्विभाजन अधिनियम में जनसंख्या प्रतिनिधित्व के कारण 495.20 करोड़ रुपये को एपी से तेलंगाना में समायोजित किया जाना है।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण से इस मामले में हस्तक्षेप करने और तेलंगाना को देय धनराशि देने की अपील की है कि उन्होंने महालेखाकार, आंध्र प्रदेश से कई बार अपील की है, फिर भी यह राशि तेलंगाना को समायोजित नहीं की गई है। सीएम के साथ केंद्रीय मंत्री के मिलने वालों में सांसद चमाला किरण कुमार रेड्डी, डॉ. मल्लू रवि, बलराम नायक, एम. अनिल कुमार यादव, डॉ. कडियम काव्या, पूर्व सांसद वी. हनुमंत राव रहे।

## काजीपेट में एकीकृत कोच फैक्ट्री स्थापित की जाए : मुख्यमंत्री

### सीएम रेवंत रेड्डी की रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से अपील

नई दिल्ली/हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से काजीपेट में एकीकृत रेलवे कोच फैक्ट्री स्थापित करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री से मुलाकात की। सीएम ने केंद्रीय मंत्री को राज्य विभाजन अधिनियम में काजीपेट में एक कोच फैक्ट्री के प्रावधान की याद दिलाई।



मुख्यमंत्री ने कहा कि रेलवे विभाग ने काजीपेट में एक आवधिक ओवरहालिंग (पीओएच) कार्यशाला की स्थापना की घोषणा की है। इसके बाद भी सीएम ने बताया कि उन्होंने कोच फैक्ट्री की स्थापना के लिए पत्र लिखा था। सीएम ने केंद्रीय मंत्री को समझाया कि काजीपेट में कोच फैक्ट्री की स्थापना केवल काजीपेट के लोगों का सपना नहीं है, यह पूरे तेलंगाना का सपना है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से विकाराबाद-कृष्णा स्टेशन के बीच पूरी तरह से रेलवे विभाग के खर्च पर एक नई रेलवे लाइन बनाने के लिए कहा है। यदि इस लाइन का निर्माण किया जाता है, तो दक्षिण तेलंगाना में पारिगी, कोडंगल, चितलापल्ले, टेकल कोड, रावुलापल्ली, मथुर, दौलताबाद, दमरागिड्डा, नारायणपेट, मुक्ताल के सुदूर पिछड़े इलाकों और तांडूर के पास सीमेंट क्लस्टर आदि का विकास होगा। उन्होंने बताया कि इससे उद्योगों के विकास का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा, इस मार्ग से विकाराबाद जंक्शन और कृष्णा स्टेशनों के बीच की दूरी 70 किलोमीटर कम हो जाएगी। सीएम ने रेल मंत्री से कलवाकुर्ती-माचर के बीच एक नई रेलवे लाइन को मंजूरी देने का अनुरोध किया। कल्वाकुर्ती से वांगुरु-कंदुकुर-देवराकोंडा-चलाकुर्ती-तिरुमलगिरि के माध्यम से माचरला तक प्रस्तावित नया मार्ग प्रस्तावित गडवाला-दोर्नाकल, मौजूदा माचरला मार्ग है। इससे सीमेंट उद्योगों के साथ-साथ वन उत्पादों की बिक्री में भी फायदा होगा। सीएम ने केंद्रीय मंत्री को समझाया कि इस मार्ग के साथ, सिकंदराबाद, गुंटूर और डॉन खंडों के बीच कनेक्शन से श्रीशैलम जाने वाले तीर्थयात्रियों को आसानी से यात्रा करने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से प्रस्तावित दोर्नाकल-मिर्यालागुडा (पापाटापल्ली-जॉन पहाड़) और दोर्नाकल-गडवाल रेलवे लाइनों पर पुनर्विचार करने की अपील की है। सीएम ने कहा कि ये दोनों रेलवे लाइनें खम्मम जिले की उपजाऊ भूमि, गन्ना उद्योग, ग्रेनाइट उद्योग, साइबेरियाई प्रवासी पक्षी केंद्र, भारत के सबसे बड़े बौद्ध स्तूप और पलेरू मनोरंजन क्षेत्रों से होकर गुजरती हैं। सीएम ने बताया कि पलेरू विधानसभा क्षेत्र के इस क्षेत्र में जमीन की कीमतें ऊंची हैं और ज्यादातर किसान बीसी, एससी, एसटी और अल्पसंख्यक जाति के हैं। यहां की बहुमूल्य भूमि का अधिग्रहण रेलवे विभाग के लिए बोझ बन जाएगा। सीएम ने अनुरोध किया कि प्रस्तावित मार्गों को बदल दिया जाए और रेलवे लाइनों को दोर्नाकल से वेन्नारम-मन्नेगुडेम-अब्बैपालेम-मारिपेडा के माध्यम से मोटे तक बदल दिया जाए। उन्होंने कहा कि ये इलाके पूरी तरह से पिछड़े हुए हैं और यहां रेलवे भी नहीं है. इसके अलावा, पिछले मार्गों की तुलना में, 19 कि.मी. सीएम ने समझाया कि दूरी कम हो जायेगी। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से इन दोनों मार्गों के संरेखण पर पुनर्विचार करने की अपील की।

## सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने ऑनलाइन मंगवाया जहर

### मियापुर में कर ली आत्महत्या

हैदराबाद, 13 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। अज्ञात जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास करने वाले मियापुर के एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की गुरुवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उसने ई-कॉमर्स साइट से जहर मंगवाया था। पुलिस ने बताया कि पारिवारिक विवाद के चलते उसने आत्महत्या की है। जानकारी के अनुसार, आंध्र प्रदेश के एलुरु के चतराई गांव की मूल निवासी एम वेंकट नागलक्ष्मी (29) की शादी करीब 5 महीने पहले उसी गांव के निर्माण ठेकेदार मनोज मणिकांता से हुई थी। यह जोड़ा मियापुर के गोकुल प्लॉट्स में किराए के मकान में रह रहा था।

पुलिस के अनुसार, दंपति के बीच पिछले कुछ समय से छोटी-छोटी बातों को लेकर अक्सर झगड़ा होता रहता था। दोनों पक्षों के बुजुर्गों ने पहले भी बीच-बचाव कर समझौता करवाया था। लेकिन, मामला जस का तस बना रहा। इस दौरान, निजी जीवन में हो रही घटनाओं से परेशान नागलक्ष्मी ने यह कदम उठाने का फैसला किया। इसके लिए उसने कथित तौर पर 26 नवंबर को ऑनलाइन एक जहरीला पदार्थ खरीदा और उसे घर में रख लिया। बुधवार को पति से ऐसे ही झगड़े के बाद उसने जहर खा लिया। उसके घर के मालिक ने उसे देख लिया और परिवार के सदस्यों को सूचित किया। उसे तुरंत केपीएचबी के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां गुरुवार को उसकी मौत हो गई। उसके परिवार की शिकायत के आधार पर, मियापुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मनोज की ओर से उत्पीड़न के कारण उसने आत्महत्या की। शव को पोस्टमार्टम के लिए गांधी अस्पताल के शवगृह में भेज दिया गया है।

## कानून अपनी कार्रवाई कर रहा है : सीएम

### अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी पर बोले रेवंत रेड्डी

हैदराबाद, 13 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि फिल्म अभिनेता अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी के मामले में कानून अपना काम कर रहा है। मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में मीडियाकर्मियों के साथ अनौपचारिक बातचीत में कहा कि इसमें मेरी कोई भूमिका नहीं है और कानून के सामने सभी समान हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि मामले को कानून के अनुसार ही निपटाया जा रहा है।



टॉलीवुड के एक अन्य अभिनेता मोहन बाबू के पारिवारिक विवाद और उनके घर पर हाल ही में हुए हंगामे के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए अदालत के निर्देश हैं। मंत्रिमंडल विस्तार के बारे में रेवंत रेड्डी ने कहा कि यह महज अटकलें हैं और ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई है।

रेवंत रेड्डी ने कथित तौर पर कहा कि नई दिल्ली में संसद सत्र चल रहा है और तेलंगाना में विधानसभा सत्र भी चल रहा है। अगर मंत्रिमंडल विस्तार होना है तो पीसीसी प्रमुख, उपमुख्यमंत्री और अन्य वरिष्ठ नेताओं से सलाह लेनी होगी।

## लॉटरी घोटाले में किसान से 7.2 लाख रुपये

कामारेड्डी, 13 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। फेसबुक पर लॉटरी के विज्ञापन पर क्लिक करना यहां के एक ग्रामीण को महंगा पड़ गया, क्योंकि एक और साइबर घोटाले में उसे 7.2 लाख रुपये का नुकसान हो गया। जिले के बसवापुर गांव निवासी एक ग्रामीण लॉटरी के लालच में फंसकर साइबर जालसाज के हाथों 7.2 लाख रुपये हार गया। रिपोर्ट के अनुसार, 4 दिसंबर को फेसबुक ब्राउज़ करते समय व्यक्ति ने फेसबुक पर लॉटरी का विज्ञापन देखा और लिंक पर क्लिक कर दिया।

कुछ समय बाद उन्हें एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप कॉल आया जिसमें बताया गया कि उन्होंने लॉटरी में 60 लाख रुपये नकद और 10 तोला सोना जीत लिया है। साइबर अपराधियों ने उन्हें टैक्स के लिए कुछ नकद भेजने का भरोसा दिलाया। पीड़ित ने विश्वास कर लिया और ऑनलाइन खाते के माध्यम से किश्तों में 7.20 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। जब उसने नंबर पर संपर्क करना चाहा तो वह बंद मिला और बार-बार कॉल करने के बाद पीड़ित को एहसास हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है और उसने 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने गुरुवार को स्थानीय भिकनूर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

## तेलंगाना ग्रुप-II परीक्षा के लिए तैयारी पूरी

### केंद्रों में जूते पहनकर जाने की अनुमति नहीं

हैदराबाद, 13 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। 783 रिक्तियों के लिए टीजीपीएससी ग्रुप-II सेवा भर्ती परीक्षा 15 और 16 दिसंबर को राज्य भर में आयोजित की जाएगी। कुल 5.51 लाख उम्मीदवारों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया है, जो 1,368 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की जाएगी - सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक (पेपर- I और III) और दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक (पेपर II और IV)। सुबह के सत्र की परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को सुबह 8.30 बजे से और दोपहर के सत्र के लिए दोपहर 1.30 बजे से केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

टीजीपीएससी ने कहा कि सुबह के सत्र के लिए सुबह 9.30 बजे और दोपहर के सत्र के लिए दोपहर 2.30 बजे गेट बंद होने के बाद किसी भी उम्मीदवार को केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थियों को केवल नीला या काला बॉल प्वाइंट पेन, हॉल टिकट और सरकार द्वारा जारी वैध फोटो पहचान पत्र ही लाने की अनुमति है। टीजीपीसी ने कहा कि परीक्षा की तिथि से तीन महीने के भीतर अभ्यर्थी को पासपोर्ट आकार का फोटो खींचकर परीक्षा केंद्र पर आने से पहले प्रिंटेड हॉल टिकट में निर्धारित स्थान पर गोंद से चिपकाना होगा, अन्यथा अभ्यर्थी का आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे केंद्रों पर आभूषण (मंगलसूत्र, चूड़ियां और संबंधित वस्तुओं को छोड़कर) पहनकर न आएं। केंद्रों में कैलकुलेटर, पेजर, सेल फोन, टैबलेट, पेन ड्राइव, ब्लूटूथ डिवाइस, घड़ी, बटुआ, हैंडबैग, पाउच, लेखन पैड, नोट्स, चार्ट और खुली शीट ले जाने पर भी प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा, अभ्यर्थियों को केवल चप्पल पहनने का निर्देश दिया गया है।

## अदालत की अवमानना के आरोप में वन कार्यालय का फर्नीचर जब्त

मंचेरियल, 13 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। गोदावरीखानी में शुक्रवार को एक अदालत के आदेश की अवमानना के बाद वन प्रभागीय अधिकारी-जन्नाराम का फर्नीचर जब्त कर लिया गया। गोदावरीखानी कस्बे में श्रम न्यायालय की अवमानना के लिए जन्नारम एफडीओ कार्यालय की मेज, कुर्सियां और कंप्यूटर जब्त कर लिए गए, जिसने 18 जून को निर्मल जिले के दोस्तुनगर के एक पशु ट्रैकर बियाला लिंगन्ना को बहाल करने का आदेश जारी किया था।

अदालत ने वन विभाग को उनके वेतन के रूप में एक लाख रुपये देने का भी आदेश दिया। लिंगन्ना ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था, जब 2016 में उन्हें बिना वेतन दिए नौकरी से निकाल दिया गया था। वह 30 साल पहले दैनिक वेतन भोगी के रूप में विभाग में शामिल हुए थे। जन्नाराम के प्रभारी एफडीओ शिव आशीष सिंह ने कहा कि वे इस आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती देंगे।




## बीआरएस ने हथकड़ी लगाए किसानों की अनदेखी की : सैयद निजामुद्दीन

### सीएम रेवंत ने लागाचर्ला मामले में त्वरित कार्रवाई की: कांग्रेस

हैदराबाद, 13 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को बीआरएस नेतृत्व पर तीखा हमला किया, जिसमें आरोप लगाया गया कि अपने कार्यकाल के दौरान मानवाधिकारों के उल्लंघन की अनदेखी की गई, जबकि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को निशाना बनाने के लिए हाल ही में लागाचर्ला घटना का राजनीतिकरण किया गया।तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के आधिकारिक प्रवक्ता सैयद निजामुद्दीन ने गांधी भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बीआरएस शासन के तहत किसानों के खिलाफ पिछले अत्याचारों पर प्रकाश डाला और किसान हिर्या नाइक को हथकड़ी लगाने के लिए संगारेड्डी जेल अधीक्षक संजीव रेड्डी को निलंबित करने में कांग्रेस सरकार की त्वरित कार्रवाई के साथ उनकी तुलना की। निजामुद्दीन ने 201% के खम्मम विरोध प्रदर्शन, जहां मिर्च किसानों को हथकड़ी और जंजीरों से बांध दिया गया था, और 2023 के यादाद्री भुवनगिरी मामले, जहां क्षेत्रीय रिंग रोड (आरआरआर) भूमि अधिग्रहण का विरोध कर रहे किसानों को हथकड़ी लगाकर परेड कराई गई थी, जैसी घटनाओं के दौरान उनकी चुप्पी के लिए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव, बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव और अन्य बीआरएस नेताओं की आलोचना की। उन्होंने 2017 के सिरसिला मामले की ओर भी इशारा किया, जहां दलितों और पिछड़े वर्गों के सदस्यों सहित ग्रामीणों को अवैध रूप से हिरासत में लिया गया और प्रताड़ित किया गया।

निजामुद्दीन ने कहा, "बीआरएस नेतृत्व के पास कांग्रेस सरकार की आलोचना करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।" "वे अपने कार्यकाल के दौरान घोर मानवाधिकार उल्लंघनों के प्रति उदासीन रहे, लेकिन अब एक ऐसे मामले का राजनीतिकरण कर रहे हैं, जहां तत्काल सुधारात्मक उपाय किए गए थे।" कांग्रेस प्रवक्ता ने लागचर्ला घटना पर सीएम रेवंत रेड्डी की त्वरित प्रतिक्रिया की प्रशंसा की और इसे मानवाधिकार उल्लंघन के प्रति कांग्रेस सरकार के शून्य-सहिष्णुता के दृष्टिकोण का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि चल रही जांच में संगारेड्डी जेल अधिकारियों की चूक की पहचान की गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिम्मेदार लोगों को, चाहे वे किसी भी पद के हों, सख्त कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। निजामुद्दीन ने आगे बीआरएस पर किसानों के मुद्दों के प्रति कुशासन और उदासीनता की विरासत को बढ़ावा देने का आरोप लगाया, इसकी तुलना कांग्रेस सरकार के सक्रिय और पारदर्शी शासन से की।

## बेगम बाज़ार में पत्नी, बेटे की हत्या

### पति ने लगा ली फांसी

हैदराबाद, 13 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। बेगम बाजार में तोपखाना पार्क के पास शुक्रवार को एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और बेटे की हत्या कर दी और बाद में आत्महत्या कर ली। संदेह है कि हत्या-आत्महत्या समझौते का कारण पारिवारिक मुद्दे हैं। उत्तर प्रदेश का रहने वाला सिराज हाल ही में अपनी पत्नी और दो बेटों के साथ काम के लिए शहर आया था।

पुलिस के अनुसार, सिराज ने पहले अपनी पत्नी और छोटे बेटे की हत्या की और बाद में हॉल में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। घर से भागकर भागे उसके बड़े बेटे ने स्थानीय पुलिस से संपर्क कर उन्हें सूचना दी। सूचना मिलने पर बेगम बाज़ार पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शवों को पोस्टमार्टम के लिए उस्मानिया जनरल अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने हत्या और आत्महत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

## 15 हजार करोड़ खर्च करने जा रही डिस्कॉम्स

### बिजली आपूर्ति, वितरण प्रणाली आधुनिकीकरण पर होगा खर्च* विभिन्न लाइनों की क्षमता बढ़ाने की भी योजना

हैदराबाद, 13 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। पिछले कुछ महीनों में राज्य में बिजली की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जिसके मद्देनजर राज्य संचालित बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) ने राज्य में बिजली आपूर्ति और वितरण प्रणालियों के आधुनिकीकरण और विस्तार के लिए योजनाएं तैयार करना शुरू कर दिया है।

डिस्कॉम ने कथित तौर पर राज्य में बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए 15,000 करोड़ रुपये से अधिक के आधुनिकीकरण और विस्तार कार्य करने का फैसला किया है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में बिना किसी परेशानी के उच्च वोल्टेज बिजली पहुंचाने के लिए विभिन्न लाइनों की क्षमता बढ़ाने की भी योजना है।

सूत्रों ने बताया कि डिस्कॉम को उम्मीद है कि मार्च और अप्रैल में बिजली की मांग 16,877 मेगावाट तक पहुंच जाएगी और मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के लिए उसने वितरण प्रणाली में सुधार के लिए कार्य और अन्य महत्वपूर्ण पहल करने का फैसला किया है ताकि निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। सूत्रों का कहना है कि ट्रांस्को ने 2030 तक बढ़ने वाली अतिरिक्त मांग को पूरा करने के लिए 10,640 करोड़ रुपये की लागत से 400 केवी, 220 केवी और 182 केवी क्षमता वाले 70 सबस्टेशन बनाने की अनुमति दी है, ताकि निरंतर बिजली आपूर्ति में बाधा डाले बिना बिजली आपूर्ति को बाधित किया जा सके। इसके अलावा, 2,743 करोड़ रुपये की लागत से 132 अन्य सबस्टेशनों में 193 ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जाएगी।

सूत्रों ने कहा कि ट्रांस्को ने कथित तौर पर 55 स्थानों पर नई वैकल्पिक ट्रांसमिशन बिजली लाइनों का निर्माण करने और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राज्य भर में लगभग 321 नए सबस्टेशन स्थापित करने का फैसला किया है। इसके अलावा, भविष्य की बिजली मांग को पूरा करने के लिए राज्य की बिजली वितरण और आपूर्ति प्रणालियों को आधुनिक बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.